




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 155 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद शु.8 2082 रविवार, 31 अगस्त-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

### 'राहुल गांधी की नागरिकता पर सवाल उठाने वाले शख्स को दी जाए सुरक्षा'

लखनऊ, 30 अगस्त (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह उस व्यक्ति को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल का निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) तत्काल उपलब्ध कराए, जिसने सांसद प्रियंका वाड्रा और सांसद एवं विपक्ष के नेता राहुल गांधी के विरुद्ध कई मामलों में लगातार धमकियां मिलने का दावा किया था, जिसमें उनकी नागरिकता पर सवाल उठाना भी शामिल है। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस संगीता चंद्रा और जस्टिस बृज राज सिंह की खंडपीठ ने यह आदेश एस विग्नेश शिशिर की सुनवाई के दौरान पारित किया।

# 7 साल बाद चीन की धरती पर पीएम

## ✲ लगे 'भारत माता की जय' के नारे ✲ रेड कार्पेट पर हुआ स्वागत






✲ सम्मेलन 31 अगस्त से 01 सितंबर तक चलेगा

✲ होटल में किया गया गर्मजोशी के साथ स्वागत

✲ 2018 के बाद पीएम मोदी पहली बार पहुंचे चीन

तियानजिन, 30 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जापान की यात्रा खत्म कर चीन के तियानजिन पहुंच चुके हैं, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। सात साल बाद जब पीएम मोदी ने चीन की धरती पर कदम रखा तो उनके लिए रेड कार्पेट बिछाई गई और पारंपरिक नृत्य किया गया।

एअरपोर्ट पर उनका नृत्य और संगीत के साथ भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष चीन के तियानजिन स्थित एक होटल में भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य पर आधारित प्रस्तुतियां की गईं। ये कलाकार चीनी नागरिक थे, जो सालों से भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य सीख रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी का तियानजिन के होटल में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। चीन में रहे भारतीय लोगों ने उनसे मुलाकात की और हाथ भी मिलाया। प्रवासी भारतीयों ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारे लगाए भी लगाए। इस दौरान पीएम मोदी इन लोगों से बातचीत भी करते दिखे। चीन पहुंचन के बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, चीन के तियानजिन पहुंच गया हूं। एससीओ शिखर सम्मेलन में विचार-विमर्श और विभिन्न विश्व नेताओं से मुलाकात के लिए उत्सुक हूं। पीएम मोदी आखिरी बार 2018 में चीन पहुंचे थे। इस बार वह मुख्य रूप से शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए तियानजिन पहुंचे हैं। ये सम्मेलन 31 अगस्त से 01 सितंबर तक चलेगा, जहां वह राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ मुलाकात और द्विपक्षीय बातचीत करेंगे।

# बारिश ने मचाई तबाही : 6000 घरों में घुसा पानी

### 150 से अधिक घर क्षतिग्रस्त, 200 वाहनों में आई खराबी

जम्मू, 30 अगस्त (एजेंसियां)। मूसलाधार बारिश से शहर में छह हजार से ज्यादा घरों में जलभराव हुआ। एक हजार के आसपास घरों में मलबा भरा और लगभग 150 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। शहर भर में नुकसान का आकलन कर रही विभिन्न विभागों की टीमों से इस आंकड़े का पता चला है। 26 अगस्त को हुई बारिश से काफी तबाही मची। पानी ओवरफ्लो होने के कारण लोगों के घरों में जा घुसा। इससे घरों में रखा सामान खराब हो गया। जिला प्रशासन की टीमें शहरभर में नुकसान का आकलन कर रही हैं। हर घर में जाकर रिपोर्ट बनाई जा रही है।

इन टीमों में तहसीलदार, नायब तहसीलदार स्तर के अधिकारियों की सेवाएं ली जा रही हैं। आंकलन पूरा होने के बाद रिपोर्ट को सौंपी जाएगी और बनता मुआवजा सरकार की ओर से दिया जाएगा। हालात यह हैं कि चौथे दिन भी घरों में मलबा भरा पड़ा है। कई घरों में दरारें आई हैं तो कहीं पर दीवारें गिर गई हैं। जिन घरों में पानी घुसा है। यहां पर बिजली उपकरण, बेड, अलमारी को भी नुकसान हुआ है। इस कारण बारिश से सबसे ज्यादा परेशानी गरीब परिवारों को पेश आई है। घरों में फ्रिज टीवी, लैपटॉप, बेड, अल्मारियां, इंडक्शन सहित अन्य घरेलू सामान खराब हुआ है। शहर के प्रभावित इलाकेमुठ्ठी, राजेंद्र नगर, पीरखो, गुज्जर नगर, राजीव नगर, जानीपुर, तालाब तिल्लो, कैलाश नगर, जीवन नगर, सैनिक कालोनी, गंग्याल, अपना बिहार, संजय नगर, कुंजवानी सहित अन्य इलाकों में सबसे अधिक नुकसान होने की सूचना है।

खराब इलेक्ट्रानिक सामान ठीक कराने आ रहे लोगबारिश से घरों में पड़ा लोगों का ज्यादा इलेक्ट्रानिक सामान खराब हुआ है। बारिश से पंखे, मोबाइल, फ्रीज, टीवी, इंडक्शन, लैपटाप, वाशिंग मशीन आदि को नुकसान हुआ है। लोग घरों में सामान की मरम्मत कराने के लिए मैकेनिकों को बुला रहे हैं। तालाब तिल्लो में बिजली उपकरणों की दुकान करने वाले श्याम सिंह ने कहा कि लोग इलेक्ट्रानिक सामान ठीक करवाने आ रहे हैं। कुछ उपकरणों में करंट आने जैसी समस्या आ रही है। फिलहाल उपकरण ठीक कर वापस दिए जा रहे हैं।

# मोदी सरकार रिफॉर्म्स को देगी रफ्तार

## > दो मंत्री समूह और हाई लेवल पैनल तैयार

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने सुधारों की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए दो मंत्रियों के समूह के साथ-साथ दो उच्चस्तरीय समितियों का गठन किया है। इनका मकसद नागरिकों और कारोबारियों के लिए जीवन आसान बनाना है। साथ ही, बड़े प्रोजेक्ट्स और योजनाओं को लागू करना भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर सुधारों के लिए एक टास्क-फोर्स बनाने की बात कही थी। इसके बाद ही ये कमेटियां बनी हैं। इस उच्च स्तरीय कमेटियों का नेतृत्व नीति आयोग के सदस्य राजीव गौबा करेंगे। वे पहले कैबिनेट सचिव थे।

**कमेटी में प्राइवेट सेक्टर के लोग भी होंगे शामिल :**

इस 10 सदस्यों वाली कमेटी में प्राइवेट सेक्टर के लोग और सरकारी अधिकारी शामिल होंगे। यह कमेटी देखेगी कि अभी के कानून, नियम और रेगुलेशन कितने सही हैं। यह भी देखेगी कि क्या वे आर्थिक गतिविधियों के लिए जरूरी हैं। कमेटी इन सब चीजों को आसान बनाने के लिए सुझाव देगी। हालांकि, यह कमेटी वित्तीय सेक्टर से जुड़े मामलों को नहीं देखेगी। कैबिनेट सचिवालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है, अन्य मामलों में इन्हें हटाने पर विचार किया जा सकता है। यह प्रक्रिया सरकार की वर्तमान नीतियों के अनुरूप होनी चाहिए।

### टैरिफ विवाद पर राजनाथ बोले

# कोई परमानेंट दोस्त या दुश्मन नहीं

## > परमानेंट इंटरेस्ट होता है, भारत किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेगा



नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी टैरिफ पर विवाद के बीच कहा कि कोई भी देश परमानेंट दोस्त या दुश्मन नहीं होता है। सिर्फ परमानेंट इंटरेस्ट होता है। राजनाथ ने यह बात डिफेंस समिट में शनिवार को कही। उन्होंने कहा कि दुनिया में ट्रेड वॉर जैसे हालात हैं। विकसित देश तेजी से संरक्षणवादी हो रहे हैं। भारत किसी को अपना दुश्मन नहीं मानता, लेकिन हम राष्ट्रीय हित और लोगों के हितों से समझौता नहीं करेंगे।

राजनाथ के इस बयान को ट्रम्प के टैरिफ के खिलाफ भारत, रूस और चीन के करीब आने की खबरों से जोड़कर देखा जा रहा है। पीएम मोदी आज ही जापान से चीन के दौरे पर रवाना हुए हैं। वे यहां एससीओ समित में दोनों देश के राष्ट्रपति से मिलेंगे। सिंह ने कहा, हमारे लिए अपने लोगों का, किसानों का, छोटे व्यापारियों का, देशवासियों का हित सबसे ऊपर है। चाहे कितना भी दबाव डाला जाए, लेकिन भारत किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेगा। दुनिया भारत की रक्षा क्षमताओं की गवाह है। जिस तरह से हमारी सेनाओं ने स्वदेशी उपकरणों के साथ पाकिस्तान पर सटीक हमले किए, उससे पता चलता है कि कोई भी मिशन बिना दूरदर्शिता और तैयारी के सफल नहीं हो सकता। 2014 में हमारा डिफेंस एक्सपोर्ट 700 करोड़ रुपये से कम था। आज यह बढ़कर लगभग 24 हजार करोड़ रुपये हो गया है, जो एक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। यह दर्शाता है कि भारत अब केवल खरीदार नहीं रहा बल्कि निर्यातक बन रहा है।

इस समिट में वायुसेना उप प्रमुख एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी भी शामिल हुए। उन्होंने बताया, पाकिस्तान को युद्धविराम की मेज पर लाने के लिए भारतीय वायुसेना ने 50 से भी कम हथियार दागे। युद्ध शुरू करना बहुत आसान है, लेकिन उसे खत्म करना उतना आसान नहीं है।

# विपक्ष शासित आठ राज्यों ने जीएसटी दरों में कटौती का किया समर्थन : रमेश

## > उपभोक्ताओं को मिले सीधा लाभ



नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शनिवार को बताया कि विपक्ष शासित आठ राज्यों ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में बदलाव को समर्थन दिया है।

इन राज्यों ने जीएसटी की अलग-अलग दरों को कम करने और आम उपभोग की चीजों पर लगने वाली दरों को घटाने की मांग का समर्थन किया है। साथ ही, इन राज्यों ने यह भी मांग की है कि एक ऐसी प्रणाली बनाई जाए, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि इन दरों में कटौती का फायदा सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचे। रमेश के मुताबिक, इन आठ विपक्ष शासित राज्यों ने यह भी मांग की है कि जब दरों में कटौती होगी, जिससे राज्यों की आय पर असर पड़ेगा, तो उसकी भरपाई के लिए सभी राज्यों को पांच साल तक मुआवजा दिया जाए। इस मुआवजे की गणना के लिए 2024-25 को आधार वर्ष माना जाए। उन्होंने कहा कि 'विलासिता की वस्तुओं' (जैसे तंबाकू, शराब आदि) और लग्जरी वस्तुओं पर प्रस्तावित 40 प्रतिशत से ऊपर जो अतिरिक्त टैक्स लगेगा, उसका पूरा पैसा राज्यों को दिया जाए। कांग्रेस नेता ने एक्स पर कहा, आठ विपक्ष शासित राज्यों कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, केरल, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल ने जीएसटी की दरों को घटाने और आम जनता द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुओं पर दरें कम करने के प्रस्ताव का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि इन राज्यों ने यह भी कहा है कि दरों में कटौती से उपभोक्ताओं को सीधा फायदा मिले, इसके लिए एक ठोस व्यवस्था बनाई जाए। रमेश ने कहा कि इन राज्यों की यह भी मांग है कि दरों में कटौती से जो राजस्व घाटा होगा, उसकी भरपाई के लिए सभी राज्यों को पांच वर्षों तक मुआवजा दिया जाए, और इसके लिए 2024-25 को आधार वर्ष माना जाए।

इन आठ राज्यों ने यह भी कहा है कि 'विलासिता की वस्तुओं' और लग्जरी सामान पर जो अतिरिक्त टैक्स 40 प्रतिशत से ऊपर लगेगा, उसे पूरी तरह राज्यों को दिया जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अपनी कुल राजस्व का करीब 17-18 प्रतिशत अलग-अलग कर (सेस) के जरिए प्राप्त करता है, जिसे राज्यों के साथ साझा नहीं किया जाता।

# 'गाली-गलौज लोकतंत्र के लिए सही नहीं'

बेंगलुरू, 30 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विपक्षी नेताओं की टिप्पणियों पर जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कुछ सांसदों समेत विपक्ष के कुछ लोगों ने गाली-गलौज का सहारा लिया है, जो लोकतंत्र के लिए सही नहीं है।

बिहार में राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। इसी तरह, टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा ने पिछले दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेकर विवादित टिप्पणी की। इस पर जवाब देते हुए किरेन रिजिजू ने कहा, इस तरह की अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल अस्वीकार्य है। भाजपा और एनडीए कभी भी ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं करती है। बेंगलुरू में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, हम बहुत लोकतांत्रिक हैं और हमेशा सम्मान के साथ बोलते हैं।

# संसद में लगेंगे पुरी रथ यात्रा के तीन पहिए परिसर में संस्कृति से जुड़ा दूसरा प्रतीक होगा

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। संसद परिसर में पुरी रथ यात्रा के तीन पहिए लगाए जाएंगे। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने शनिवार को इस बात की पुष्टि की। मंदिर समिति ने बताया कि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला हाल ही में पुरी दौरे पर गए थे। मंदिर समिति की तरफ से उनको यह प्रस्ताव दिया गया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। यह तीनों पहिए भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और बलभद्रा के रथों से निकाले जाएंगे। भगवान जगन्नाथ के रथ को नंदीघोष, देवी सुभद्रा के रथ को दर्पदलन और भगवान बलभद्र का रथ तालध्वज कहलाता है। इन तीन रथों के एक-एक पहिए दिल्ली भेजे जाएंगे। उन्हें संसद में ओडिशा की संस्कृति और विरासत के स्थायी प्रतीक के रूप में स्थापित किया जाएगा। संसद में रथ यात्रा के पहिए लगने के बाद यह परिसर में स्थापित संस्कृति से जुड़ा दूसरा प्रतीक होगा। दो साल पहले लोकसभा में सेंगोल लगाया गया था। मई 2023 संसद में स्पीकर की कुर्सी के बगल में पीएम मोदी ने सेंगोल स्थापित किया था।

### वित्त मंत्री सीतारमण ने स्टालिन पर साधा निशाना

# कुछ ताकतों ने मूपनार को पीएम बनने से रोका था



चेन्नई, 30 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में कुछ ताकतों ने तमिल मनीला कांग्रेस के संस्थापक और दिवंगत नेता जी के मूपनार को देश का प्रधानमंत्री बनने से रोका।

मूपनार की 24वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि ये ताकतें जो अक्सर तमिल, तमिल संस्कृति और तमिल भाषा को बढ़ावा देने की बात करती हैं, ये वहीं ताकतें हैं जिन्होंने अवसर आने पर मूपनार को प्रधानमंत्री पद पर आसीन होने से रोका।

सीतारमण ने कहा कि अपने कॉलेज के दिनों में जब उनकी राजनीति में रुचि उभर रही थी, तब वे मूपनार को तमिलनाडु के एक व्यापक रूप से सम्मानित व्यक्ति के रूप में देखती थीं। मूपनार अपनी सादगी और ईमानदारी के लिए जाने जाते हैं और वह एक राष्ट्रवादी नेता थे। वह देशभर में एक सम्मानित नेता थे। उन्हें बिहार ही नहीं, हरियाणा और देश के कोने-कोने में जाना जाता था। सीतारमण ने आरोप लगाया कि मूपनार का कद प्रभावशाली था। उन्हें जानने वाले लोग उनकी बातों का सम्मान करते थे और एकजुट होकर काम करते थे। हालांकि, जब उनके प्रधानमंत्री बनने का अवसर आया तो कुछ ताकतों ने उन्हें रोक दिया। हम सभी जानते हैं कि वे कौन सी ताकतें थीं जिन्होंने उन्हें प्रधानमंत्री बनने से रोका। सीतारमण ने कहा कि ऐसी घटना को भुलाया नहीं जा सकता। मुझे लगता है कि यह तमिलनाडु के लिए अब तक का सबसे बड़ा विश्वासघात है। उन्होंने कहा कि मेरी टिप्पणी को राजनीतिक नहीं समझा जाना चाहिए, क्योंकि यह कार्यक्रम मूपनार को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित किया गया था।

तमिलनाडु में 2026 में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, ऐसे में केंद्रीय मंत्री ने आगामी चुनावों के दौरान तमिलनाडु की राजनीति में बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि लोग सुशासन चाहते हैं। इस गठबंधन को साथ लेकर इसे लागू करना हमारा कर्तव्य है।

# ह्यूमन जीपीएस नाम से मशहूर आतंकी बागू खान मारा गया

## > 25 सालों में सैकडों घुसपैठ में मदद कराई थी



श्रीनगर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सुरक्षाबलों ने ह्यूमन जीपीएस के नाम से मशहूर आतंकी बागू खान को मार गिराया है। बागू खान को समंदर चाचा के नाम से भी जाना जाता था। वह सुरक्षा एंजेसियों की लिस्ट में हिजबुल मुजाहिदीन का मोस्ट वांटेड आतंकी था। सूत्रों के अनुसार, बागू खान 1995 से पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में रह रहा था। वह 25 सालों से सीमा पार आतंकवाद में एक्टिव था और घुसपैठ के सबसे पुराने मददगारों में से एक था। वह 100 से ज्यादा घुसपैठ की घटनाओं में शामिल था।

सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की 28 अगस्त को बागू खान के साथ गुरेज सेक्टर के नौशेरा नार इलाके में घुसपैठ की कोशिश के दौरान मुठभेड़ हुई थी। इसमें वह अपने एक साथी के साथ मारा गया। दूसरे आतंकी की पहचान नहीं हुई है। हालांकि, दोनों के शव बरामद हो गए हैं, लेकिन आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। भारतीय सेना ने एक्स पर बताया था कि उन्हें आतंकियों के घुसपैठ की खुफिया जानकारी मिली थी। इसके आधार पर, सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो आतंकी मारे गए।

### महुआ मोइत्रा की शाह पर टिप्पणी से विवाद

# बीजेपी ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत

कोलकाता, 30 अगस्त (एजेंसियां)। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ अपनी टिप्पणी के बाद एक नया राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। बंगाल बीजेपी ने दावा किया है कि मोइत्रा ने एक रैली में कहा कि अगर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह घुसपैठियों से देश की रक्षा करने में सक्षम नहीं हैं, तो उनका सिर काटकर मेज पर रख देना चाहिए। पश्चिम बंगाल भाजपा ने वीडियो साझा करते हुए कहा, जब महुआ गृह मंत्री का सिर काटने की बात करती हैं, तो यह टीएमसी की हताशा और हिंसक संस्कृति को उजागर करता है जो बंगाल की छवि को धूमिल कर रही है और राज्य को पीछे धकेल रही है। वीडियो में महुआ बंगाली में बोलती सुनाई दे रही हैं, वो कहती हैं, मैं पूछ रही हूं कि क्या हमारी सीमाओं की रक्षा करने वाला कोई नहीं है।

# भारतीय वायुसेना की ताकत में इजाफा

## > सितंबर के अंत में मिलेंगे दो तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान



नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। मिग-21 के रिटायर होने के बाद भारतीय वायुसेना में लड़ाकू विमानों की कमी से जूझ रही है। इस बीच इसी महीने की शुरूआत में सरकार ने 85,000 करोड़ रुपये की लागत से 97 तेजस विमानों के खरीद को मंजूरी दे दी। अब रक्षा मंत्रालय के सचिव ने बताया है कि इस साल के अंत तक दो स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस मार्क-1ए मिलने की संभावना है। जो कि मिग-21 की जगह लेगा। डिफेंस समिट के दौरान शनिवार को रक्षा सचिव आ.के. सिंह ने कहा, भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने संभावना जताई कि सितंबर के अंत तक भारतीय वायुसेना को दो स्वदेशी लड़ाकू विमान मार्क 1ए मिल सकते हैं। जो कि भारतीय वायुसेना के लिए काफी अहम है। रक्षा सचिव ने बताया कि हम एचएएल को तेजस विमान को बेहतर बनाने के लिए पर्याप्त अवसर देना चाहते हैं। अभी लगभग 38 तेजस विमान सेवा में हैं 80 और बनाए जा रहे हैं। उनमें से 10 तैयार हैं, और दो इंजन मिल चुके हैं। उम्मीद है कि हथियारों के साथ पहले दो विमान इस सितंबर तक मिल जाएंगे। आरके सिंह ने कहा कि एचएएल के पास अगले चार-पांच सालों के लिए पर्याप्त ऑर्डर हैं। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि तेजस लड़ाकू विमान को और बेहतर बना पाएगा। इसमें रडार और भारतीय हथियारों को जोड़ा जाएगा, ताकि यह सुखोई के साथ मिलकर काम कर सके। बता दें अगस्त में सरकारी क्षेत्र की डिफेंस कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने केंद्र से 97 हल्के लड़ाकू विमान एमके-1ए (तेजस) के ऑर्डर की पुष्टि की, जिसकी कुल वैल्यू 62,000 करोड़ रुपये है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर फाइलिंग में एचएएल ने कहा, रक्षा मंत्रालय ने सूचना दी है कि सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने 19 अगस्त, 2025 को एचएएल से भारतीय वायु सेना के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा संबंधित उपकरणों के साथ 97 हल्के लड़ाकू विमान एमके-1ए की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह सौदा एचएएल के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

# विदेशी मुद्रा व्यापार से 5-6 प्रतिशत मासिक रिटर्न का वादा कर जुटाए 394 करोड़ रुपये

## > अब ईडी ने की कार्रवाई

चंडीगढ़, 30 अगस्त (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), चंडीगढ़ जोनल कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत 26.08.2025 को एक अनंतिम कुर्की आदेश (पीएओ) जारी किया है, जिसमें क्यूएफएक्स/वाईएफएक्स/यॉर्करएफएक्स/बॉटब्रो घोटाला मामले में आरोपी व्यक्तियों, एजेंटों और उनके परिवार के सदस्यों से संबंधित 9.31 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई है। इन घोटालों को नवाब उर्फ लवीश चौधरी ने राजेंद्र कुमार सूद और अन्य के साथ मिलकर अंजाम दिया था। उस कार्रवाई के दौरान, ईडी ने 394 करोड़ रुपये के अपराध की आय 'पीओसी' वाले 194 खच्चर बैंक खातों को अस्थायी रूप से कुर्क किया था, जिनकी पहचान पीओसी के लिए लेयरिंग के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले क्यूएफएक्स के लॉन्ड्रिंग नेटवर्क के हिस्से के रूप में की गई थी।

कुर्क की गई संपत्तियों में 45 अचल संपत्तियां शामिल हैं, जिनमें आवासीय फ्लैट, प्लॉट और कृषि भूमि शामिल हैं। ये संपत्तियां, विभिन्न राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में फैली हुई हैं। इसके अलावा बैंक बैलेंस के रूप में चल संपत्ति भी शामिल है। जांच से पता चला है कि ये संपत्तियां 2019 और 2025 के बीच घोटाले की अवधि के दौरान अपराध की आय (पीओसी) का उपयोग करके कई बैंक खातों के माध्यम से अर्जित की गई थी। ईडी के अनुसार, पीएओ में विस्तृत कार्यप्रणाली एक विशिष्ट पोंजी-सह-एमएलएम योजना को दर्शाती है, जहां निवेशकों के धन को विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से डायवर्ट किया गया है।

## सीबीआई ने रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा थाने का मुंशी

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली के अशोक विहार थाने में सीबीआई ने छापेमारी की। यहां सीबीआई की टीम ने चिट्ठा मुंशी राजकुमार को रिश्वत की रकम के साथ गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि दारोगा फरार हो गया है। अशोक विहार थाने में एसआई विशाल मीना (19 बैच) के पास एक कम्प्लेन थी। इसमें तीन लाख रुपये की डिमांग की गई थी। दीप मार्केट का पूर्व प्रधान शिकायतकर्ता की तरफ से लेनदेन की बात कर रहा था। वहीं, सोमवार रात को चिट्ठा मुंशी हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार को सीबीआई ने एक लाख रुपये लेते हुए रंगेहाथ पकड़ा, फिलहाल विशाल फरार चल रहा है।

## पहले बेटी का गला घोंटा फिर मुंह में कीटनाशक डाल दिया

### आरोपी पिता की हरकत से पुलिस भी हैरान

बंगलूरू, 30 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक के कलबुर्गी में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति पर आरोप है कि उसने अपनी बेटी की पहले गला घोंटकर हत्या की और फिर हत्या को आत्महत्या दिखाने के लिए मृतक के मुंह में कीटनाशक डाल दिया। जब आरोपी मृतक बेटी का अंतिम संस्कार कर रहा था, तभी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में पता चला है कि मृतक का दूसरे समुदाय के युवक के साथ प्रेम संबंध थे, जिससे नाराज होकर पिता ने बेटी की हत्या की साजिश रची।

## रामबन और रियासी में फटा बादल, 10 की मौत

जम्मू, 30 अगस्त (एजेंसियां)। कश्मीर में दो जगह बादल फटने की घटना सामने आई है। इसके चलते कुल 10 लोगों की मौत हो गई। रामबन जिले की राजगढ़ तहसील में देर रात बादल फट गया। इसके चलते कम से कम तीन लोगों की मौत हुई है। 5 लोग लापता हैं। सियासी जिले में बादल फटने से 7 लोगों की मौत हो गई है। लापता लोगों की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। स्थानीय अधिकारी ने बताया कि राजगढ़, रामबन के गडग्राम में बादल फटने की घटना हुई है। तीन शव बरामद कर लिए गए हैं, लापता लोगों की तलाश जारी है। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय अधिकारी पहुंचे हुए हैं।

## सड़क से गुजर रहे युवक की गोली मारकर हत्या, वारदात सीसीटीवी में कैद

आसनसोल, 30 अगस्त (एजेंसियां)। आसनसोल के नियामतपुर में स्कूटी पर सवार दो युवकों ने नियामतपुर रहमान पाड़ा इलाके के रहने वाले जावेद बारी नाम के युवक की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर आरोपी आसानी से फरार हो गए। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक जावेद आसनसोल नगर निगम के अंतर्गत आने वाले कुलटी बोरो ऑफिस में काम करता था। घटना की खबर सुनकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना स्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। मृतक के परिजनों आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से तेंदुए की मौत

गुरुग्राम, 30 अगस्त (एजेंसियां)। गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड पर वाहन की चपेट में आने से एक तेंदुए की मौत हो गई। यह पूरी तरह से वन विभाग की लापरवाही व निष्क्रियता का नतीजा है। लंबे समय से पर्यावरण कार्यकर्ता मांग कर रहे हैं कि जहां से भी वन्य जीव रोड क्रॉस करते हैं, वहां पर पुलिया बनाने के साथ ही रोड के ऊपर दोनों तरफ जाली का निर्माण किया जाना चाहिए। मगर उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। मानेसर में जहां पर जाली लगाई गई थी, वह भी वन विभाग की निष्क्रियता से गायब हो चुकी है। पिछले कुछ बरसों के दौरान वाहनों की चपेट में आने से 10 से अधिक वन्य जीवों की मौत हो चुकी है। बता दें कि अरावली पहाड़ी क्षेत्र में काफी संख्या में वन्य जीव हैं। इनमें से तेंदुए की संख्या लगभग 50 पहुंच चुकी है।

## चिराग जैन मर्डर केस, पार्टनर के बैंक अकाउंट फ्रीज होंगे

भोपाल, 30 अगस्त (एजेंसियां)। 23 अगस्त की अल सुबह कारोबारी और पार्टनर चिराग जैन की हत्या के बाद आरोपी विवेक जैन का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस के अनुसार हत्या के बाद से विवेक फरार है और उसने एक भी बैंक ट्रांजैक्शन नहीं किया। आशंका है कि वह नकद पैसों के सहारे खर्च चला रहा है। इसी कारण पुलिस ने विवेक के बैंक खातों को फ्रीज कराने के लिए संबंधित बैंकों को पत्र लिखा है। विवेक पर 10 हजार रुपए का इनाम पहले ही घोषित किया जा चुका है। हत्या के बाद विवेक अपनी कार से बायपास तक गया था। वहां कार खड़ी करके वह दूसरी गाड़ी से निकल गया। पुलिस ने उसकी कार जब्त कर ली है। पैतृक गांव सहित गुजरात और इंदौर में उसकी दोनों बहनों के घरों पर भी तलाश की गई, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला।

## पंचायत सचिव स्थानांतरण विवाद हाईकोर्ट ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

जबलपुर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। पंचायत सचिव के स्थानांतरण के लिए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा विधायक की ओर से अनुमोदित सूची कलेक्टर को भेजी गई थी। जिसे कलेक्टर ने नोटशीट के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष को भेजा है। राजनीतिक दबाव के कारण प्रस्तावित स्थानांतरण को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए शासन को जांच प्रतिवेदन पेश करने के निर्देश दिए हैं। युगलपीठ ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

# मां बनीं हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री

### मदर बनने से पहले कोर्ट से मांगी थी अनुमति, बेटा संभालेगा नाना की विरासत



रेवाड़ी, 30 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव सरोगेसी से सिंगल मदर (एकल मां) बन गई हैं। उनका बेटा तीन माह का हो गया है। आरती ने बेटे का नाम राव जयवीर सिंह रखा है। माना जा रहा है जयवीर अपने नाना केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाएगा। स्वास्थ्य मंत्री के परिवार ने आरती के सरोगेसी से सिंगल मदर बनने की सूचना सार्वजनिक नहीं की है। मंत्री के निजी सहायक नवीन यादव ने सरोगेसी से आरती के सिंगल मदर बनने की पुष्टि की है।

जयवीर सिंह का लालन-पालन मंत्री आवास पर हो रहा है। केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत की दो बेटियां हैं। आरती राव बड़ी बेटी हैं। उन्होंने साल 2024 के विधानसभा चुनाव में अटेली विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीता था। नायब सैनी सरकार में आरती स्वास्थ्य मंत्री हैं।

# चिड़ियाघर में फैला बर्ड फ्लू



नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रीय प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) में एच5एन1 एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) के मामले सामने आने के बाद, जन स्वास्थ्य और सुरक्षा के मद्देनजर चिड़ियाघर को 30 अगस्त 2025 से दर्शकों के लिए अनिश्चित काल के लिए बंद कर दिया गया है। चिड़ियाघर प्रशासन ने यह कदम पेंटेड स्टार्क (जांघिल) की मौत के बाद उठाया है। जांघिल की मौत के नमूने भोपाल स्थित राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान भेजे गए, जहाँ 28 अगस्त 2025 को बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई। चिड़ियाघर प्रशासन ने कहा कि वायरस के प्रसार को रोकने के लिए अगले 21 दिन महत्वपूर्ण होंगे। सभी बंदी और प्रवासी पक्षियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और उन्हें अलग रखा जा रहा है। शेर और बाघ के शावकों पर भी विशेष रूप से नज़र रखी जा रही है।

## कंटेनर ने 6 लोगों को कुचला 4 की मौके पर मौत



बीड, 30 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के बीड जिले में सोलापुर-धुले राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार कंटेनर ने पैदल चल रहे छह लोगों को कुचल दिया। इनमें से चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बीड शहर के पास नामलगांव फाटा में यह दर्दनाक हादसा हुआ। धुले-सोलापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीड शहर के नामलगांव फाटा के फ्लाईओवर के पास सुबह करीब साढ़े सात बजे हुए इस भीषण हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार कंटेनर ने पैदल जा रहे छह लोगों को रौंद डाला। इसमें चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को तुरंत बीड जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतक और घायल लोग पेंडगांव दर्शन के लिए जा रहे थे। हालांकि मृत और घायलों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। कुछ दिन पहले गढ़ी फ्लाईओवर के पास भी इसी तरह कंटेनर की टक्कर में पांच से छह लोगों की मौत हो चुकी है। बार-बार हो रहे इन हादसों से इलाके में दहशत का माहौल है। इस बीच, बीड ग्रामीण पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर कंटेनर चालक को हिरासत में ले लिया है।

## एक घर में विस्फोट एक व्यक्ति की मौत

कन्नूर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। केरल के कन्नूर जिले में शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात जोरदार धमाका हुआ। एक घर में अचानक हुए विस्फोट से सनसनी फैल गई, इस धमाके में एक व्यक्ति की मौत की खबर है। कन्नूर जिले के कन्नप्पुरम के कीझारा में एक किराए के घर में भीषण विस्फोट हुआ। विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। कन्नप्पुरम पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है, क्योंकि उसका शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला है। घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। विस्फोट तड़के 2 बजे हुआ, स्थानीय निवासियों की सूचना पर पुलिस और अग्निशमन दल के जवान मौके पर पहुंच गए।

पुलिस इस विस्फोट के कारणों का पता लगाने में जुट गई है। पुलिस की टीम यह भी पता कर रही है कि क्या घर के मलबे में कुछ और लोग दबे हुए हैं। यह मकान गोविंदन नाम के एक व्यक्ति का था, जिसने अनुप नाम के व्यक्ति को यह घर किराए से दे रखा था। हालांकि, यह पुष्टि नहीं हुई है कि मृतक कौन है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मकान में पटाखे बनाए जाते थे और एक तरह का देसी बम गुंडू फट गया होगा। पुलिस विस्फोट के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

# 'उद्धव ठाकरे ने अपने समय में क्या किया?'

## मराठा आरक्षण आंदोलन के बीच देवेंद्र फडणवीस का सवाल

मुंबई, 30 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण आंदोलन का मुद्दा गर्माया हुआ है। इसको लेकर अब सत्ता पक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर हमलावर हैं। एक ओर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बिना किसी का नाम लिए उद्धव ठाकरे की सरकार पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि कुछ राजनीतिक पार्टियां मनोज जरांगे के कंधे पर बंदूक रखकर अपना स्वार्थ निकाल रही हैं, लेकिन उन्हें फायदा नहीं होगा। इसपर अब राजनीतिक विवाद छिड़ गया है। देवेंद्र फडणवीस के जवाब में उद्धव ठाकरे ने कहा, मराठाओं के कंधे पर बंदूक रखकर कौन गोली चला रहा है, ये खुद मुख्यमंत्री ढूंढ कर निकालें। उद्धव ठाकरे ने कहा था कि चुनाव से पहले जो वादे और शपथें छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर ली गई थीं, उन्हें क्यों पूरा नहीं किया गया? मुंबई मराठी जनता की राजधानी है। सरकार को बातचीत करनी चाहिए, छल कपट नहीं। अब शिवसेना यूबीटी के प्रमुख के जवाब पर सीएम देवेंद्र फडणवीस की प्रतिक्रिया आई है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा है कि उद्धव ठाकरे के कार्यकाल में मराठा समाज के लिए किया हुआ एक काम वो दिखा दें, उसके बाद कुछ बोलें। गौरतलब है कि मराठा आरक्षण की मांग को लेकर मनोज जरांगे पाटील शुक्रवार से आंदोलन पर हैं। मुंबई के आजाद मैदान में यह आंदोलन जारी रहेगा। मुंबई पुलिस ने केवल शनिवार तक ही आंदोलन जारी रखने की अनुमति दी थी, लेकिन अब जरांगे ने इस आंदोलन को और आगे बढ़ाने की इजाजत मांगी है। बता दें, इस आंदोलन में महाराष्ट्र के कोने-कोने से आंदोलनकर्ता मुंबई पहुंचे हैं। मनोज जरांगे ने ऐलान कर दिया है कि वो बिना आरक्षण लिए मुंबई से नहीं हटेंगे, चाहे उन्हें गोलियां ही क्यों न खानी पड़ें।



# 'अभी 65 की नहीं हुई'

## क्या फिर चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं पूर्व सीएम? बयान के निकल रहे कई मायने



भोपाल, 30 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमाभारती एक बार फिर अपने बयान से सबको चौंका दिया है। एक साक्षात्कार के दौरान सेवानिवृत्ति की उम्र को लेकर चल रही बहस पर उन्होंने अपनी राय रखते हुए चुनाव लड़ने का संकेत दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी उम्र अभी 65 वर्ष से अधिक नहीं हुई है, लेकिन मैं तब लड़ूंगी जब मुझे लगेगा कि मैं इसके लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा कि कोई भी संगठन, राजनीतिक दल या संस्था सेवानिवृत्ति की आयु तय कर सकती है, लेकिन योगदान की उम्र तय नहीं की जा सकती। उनके अनुसार राजनीति एक ऐसा मंच है, जहां योगदान देने की क्षमता ही असली पहचान है।

उन्होंने स्पष्ट किया इस समय चुनाव लड़ना एक बाधा है। मेरी एक कमज़ोरी है। उन्होंने कहा कि यदि वे संसदीय चुनाव लड़ती हैं तो जनता की सेवा और समस्याओं को हल करना उनकी ज़िम्मेदारी होगी और अगर मंत्री बनती हैं तो एक अलग ज़िम्मेदारी निभानी होगी। इस कारण वे अपने वर्तमान समर्पित कार्य को पूरा नहीं कर पाएंगी। उन्होंने कहा कि मैं अपनी प्रतिबद्धता के प्रति बहुत ही ईमानदार हूं। अगर मैं सांसद बन गई तो अपना पूरा समय जनता को दूंगी। अगर वे परेशान हुए तो मैं खुद को दोषी मानूंगी। इसी तरह मंत्री बनना भी बड़ी ज़िम्मेदारी है।

इसलिए अभी चुनाव मेरे लिए बाधा होगा। उन्होंने खुद को आत्मनिर्भर और जनता की शक्ति से संपन्न बताया। उन्होंने कहा कि मैं स्पष्ट लक्ष्यों और दृढ़ संकल्प वाली शख्सियत हूं। अगर चुनाव लड़ने से यह लक्ष्य पूरा होता है, तो मैं लड़ूंगी, अगर नहीं होता है, तो नहीं लड़ूंगी। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सत्ता हासिल करने के लिए उन्हें किसी वस्तु की ज़रूरत नहीं है, क्योंकि जनता ने उन्हें हिम्मत दी है, जो उनके लिए बहुत काम आई है।

## मैनेजर ने बैंक के अंदर बीफ खाने पर लगाया प्रतिबंध

कोच्चि, 30 अगस्त (एजेंसियां)। केरल के कोच्चि जिले से अजीबोगरीब मामला सामने आया है। रीजनल मैनेजर ने बैंक के अंदर बीफ खाने पर प्रतिबंध लगाया तो नाराज कर्मचारियों ने बीफ पार्टी का आयोजन कर दिया। ये अजीबोगरीब घटना केरल के कोच्चि की है। कोच्चि के एक केनरा बैंक की शाखा में एक अनोखा विरोध प्रदर्शन किया गया। जहां कर्मचारियों ने दफ्तर और कैंटीन में बीफ पर रोक लगाने के आदेश के खिलाफ बाहर आकर बीफ और पराठा परोसकर विरोध जताया। बैंक के कर्मचारियों का आरोप है कि हाल ही में बिहार से ट्रांसफर होकर आए रीजनल मैनेजर ने कैंटीन में बीफ परोसने पर रोक लगा दी थी, जबकि यहां कैंटीन में सप्ताह के कुछ दिनों में बीफ परोसा जाता है। बता दें कि बीफ खाना, साधारण शब्दों में गाय या भैंस के मांस को भोजन के रूप में खाना है। अंग्रेजी में बीफ शब्द मुख्य रूप से गाय के मांस को संदर्भित करता है, लेकिन इसमें भैंस का मांस भी शामिल हो सकता है।

## रेलवे स्टेशन से फिर पकड़ाई नशे की बड़ी खेप

भोपाल, 30 अगस्त (एजेंसियां)। भोपाल रेलवे स्टेशन पर युगांडा की एक महिला के पास से करीब 4 करोड़ रुपए कीमत का 147 ग्राम कोकीन और 370 ग्राम क्रिस्टल मेथ जब्त किया है। ये कार्रवाई डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) की भोपाल यूनिट की है। आरोपी महिला अमृतसर-सीएसटीएम एक्सप्रेस (11051) ट्रेन से दिल्ली से मुंबई जा रही थी। डीआरआई ने ट्रेन के एसी कोच में सफर कर रही महिला को हिरासत में लिया है।

डीआरआई की 15 दिन के अंदर भोपाल में यह तीसरी बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले 16 अगस्त को जगदीशपुर इलाके में एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर 92 करोड़ की मेफेड्रोन जब्त की थी। इसके चार दिन बाद राजधानी एक्सप्रेस से दो तस्करों को गिरफ्तार कर लगभग 24 करोड़ का हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) जब्त किया था। डीआरआई के असिस्टेंट डायरेक्टर उत्सव पाराशर को गोपनीय सूचना मिली थी कि दिल्ली से मुंबई जा रही ट्रेन अमृतसर-सीएसटीएम एक्सप्रेस में एक विदेशी महिला के पास नशे का जखीरा है।

# दिल्ली हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

## पति से विवाद होने पर भी पत्नी को मिलेगी पारिवारिक पेंशन




नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली हाई कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा कि पति की मृत्यु के बाद पत्नी को पारिवारिक पेंशन से केवल इस आधार पर वंचित नहीं किया जा सकता कि उनके बीच वैवाहिक विवाद था। दिल्ली हाई कोर्ट ने यह भी साफ किया कि जब पति-पत्नी का रिश्ता कानूनी रूप से तलाक में नहीं बदलता, तब तक पत्नी का पेंशन पाने का हक बना रहता है। यह मामला एक महिला से जुड़ा हुआ है, जिसके पति का निधन साल 2009 में हो गया था। महिला ने 4 साल बाद, 2013 में, पारिवारिक पेंशन के लिए आवेदन किया।

लेकिन केंद्र सरकार ने उनका आवेदन खारिज कर दिया। केंद्र सरकार ने तर्क दिया कि पति और पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था और मृतक ने अपनी आधिकारिक परिवार सूची में पत्नी का नाम शामिल नहीं किया था। केंद्र सरकार का कहना था कि महिला न तो पति की मृत्यु के समय उनके साथ रह रही थी, न ही समय पर आवेदन किया, इसलिए उसे पेंशन का अधिकार नहीं है। महिला ने इस फैसले को चुनौती दी और केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण पहुंची। सीएटी ने महिला को पारिवारिक पेंशन देने का आदेश तो दिया, लेकिन पेंशन 2013 से देने को कहा, यानी जिस साल उसने आवेदन किया। महिला इस फैसले से संतुष्ट नहीं हुई और दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। महिला की दलील थी कि वह अपने पति की कानूनी पत्नी थी, और उनके बीच विवाद का मतलब यह नहीं कि उसे पति की मृत्यु के बाद मिलने वाले हक से वंचित कर दिया जाए। उसने कहा कि पेंशन 2009 से ही मिलनी चाहिए, जब उसके पति की मौत हुई थी। दिल्ली हाईकोर्ट में जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस मधु जैन की बेंच ने महिला की दलील को सही माना। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि यह सच है कि पति-पत्नी के बीच विवाद था और महिला ने भरण-पोषण के लिए याचिका भी दायर की थी।

लेकिन यह तथ्य खुद साबित करता है कि रिश्ता खत्म नहीं हुआ था। जब तक तलाक का आदेश न हो, पत्नी का हक बना रहता है। दिल्ली हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि केवल इस आधार पर कि महिला ने देर से आवेदन किया, उसे पेंशन से वंचित नहीं किया जा सकता। अदालत ने निर्देश दिया कि महिला को 2009 से पेंशन दी जाए और बकाया राशि चार महीने के भीतर ब्याज सहित अदा की जाए। हाईकोर्ट ने कहा कि सिर्फ पारिवारिक विवाद और नाम दर्ज न होने जैसी बातें पत्नी के हक को खत्म नहीं कर सकतीं। विवाहिता होने के नाते उसे पारिवारिक पेंशन मिलनी ही चाहिए।


## दिल का इलाज करने वाले डॉक्टर को आया हार्ट अटैक, अस्पताल में ड्यूटी के दौरान मौत



चेन्नई, 30 अगस्त (एजेंसियां)। सविता मेडिकल कॉलेज में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। 39 वर्षीय कार्डियक सर्जन डॉ गार्डलिन रॉय की ड्यूटी के दौरान अचानक हार्ट अटैक से मौत हो गई। डॉ गार्डलिन को बचाने के लिए सीपीआर, एंजियोप्लास्टी, स्टेंटिंग, इंट्रा-एओर्टिक बैलून पंप और यहां तक कि ईसीएमओ तक का सहारा लिया गया, लेकिन डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। हैदराबाद के न्यूरोलॉजिस्ट डॉ। सुधीर कुमार ने बताया कि डॉ। रॉय को दिल का दौरा पड़ने के तुरंत बाद प्राथमिक उपचार दिया गया।

हालांकि, उनकी लेफ्ट मेन आर्टरी 100% ब्लॉक हो चुकी थी, जिसके चलते उन्होंने कुछ ही देर में दम तोड़ दिया। डॉ। कुमार के मुताबिक, यह कोई पहला मामला नहीं है। 30 से 40 वर्ष की उम्र के डॉक्टरों में हार्ट अटैक तेजी से बढ़ रहा है। लंबे वर्किंग ऑवर्स (12-18 घंटे, कई बार 24 घंटे तक), तनावपूर्ण जीवनशैली, अनहेल्दी डाइट, नियमित व्यायाम की कमी और हेल्थ चेकअप को नजरअंदाज करना इसके बड़े कारण हैं।

## बंगलूरू भगदड़ हादसे के पीड़ित परिवारों की मदद करेगा आरसीबी केयर्स, प्रत्येक परिवार को देगा 25 लाख रुपये



बंगलूरू, 30 अगस्त (एजेंसियां)। आरसीबी केयर्स ने आईपीएल 2025 में खिताबी जीत के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत के जश्न के दौरान बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ के पीड़ित परिवार के लिए मदद का एलान किया है। आरसीबी केयर्स भगदड़ में जान गंवाने वाले प्रत्येक प्रशंसकों के परिजनों को 25 लाख रुपये देगा। आरसीबी ने शनिवार को पीड़ित परिवारों के लिए मदद की घोषणा की है।

आरसीबी ने आईपीएल 2025 फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर पहली बार आईपीएल का खिताब जीता था। आरसीबी के 18 सत्र के इंतजार के बाद पहले आईपीएल खिताब जीतने से शहर में जश्न का माहौल था, लेकिन जल्द ही यह गम में बदल गया था। चार जून को चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर करीब दो लाख प्रशंसक जुटे थे जिन पर पुलिस नियंत्रण नहीं सकी। इससे अफरा तफरी फैल गई जिससे 10 से अधिक प्रशंसकों की मौत हो गई, जबकि कई फैंस घायल हो गए थे। फ्रेंचाइजी ने कहा कि वित्तीय सहायता उसकी नई पहल आरसीबी केयर्स के तहत दी जा रही है। आरसीबी ने इससे पहले, हादसे में मारे गए प्रशंसकों के परिवार के लिए 10 लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की थी। आरसीबी ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा, 4 जून, 2025 को हमारा दिल टूट गया। हमने आरसीबी परिवार के ग्यारह सदस्यों को खो दिया। वे हमारा हिस्सा थे। हमारे शहर, हमारे समुदाय और हमारी टीम को अद्वितीय बनाने वाली चीजों का हिस्सा। उनकी अनुपस्थिति हम सभी की यादों में हमेशा रहेगी। कोई भी मदद उनकी जगह को कभी नहीं भर सकती, लेकिन सम्मान के साथ आरसीबी उनके परिवारों को 25-25 लाख रुपये की सहायता देने का एलान कर रहा है। इससे पहले, आरसीबी की आखिरकार सोशल मीडिया पर वापसी हुई थी और उसने बंगलूरू हादसे पर चुप्पी तोड़ी थी। टीम ने एक आधिकारिक संदेश जारी कर साफ किया था कि उनकी चुप्पी को अनुपस्थिति न समझा जाए।

## नकली ईनो और टूथपेस्ट बनाने वाला गैंग पकड़ा गया, 6 गिरफ्तार

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। अगर आप ईनो का इस्तेमाल करते हैं या फिर सेंसोडाइन का, तो थोड़ा सावधान हो जाइए क्योंकि दिल्ली पुलिस ने दिल्ली में नकली सामान बनाने वाले एक बड़े गैंग का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने छापेमारी कर छह लोगों को गिरफ्तार किया और करीब 30 लाख रुपये के नकली ईनो, सेंसोडाइन और गोल्ड फ्लेक सिगरेट बरामद किए। साथ हीं, मशीनें और पैकिंग का सामान भी जब्त किया गया है। दिल्ली पुलिस को अहम सूचना मिली थी कि दिल्ली में कुछ फैक्ट्रियों में नकली दवाइयां और सिगरेट बनाई जा रही हैं। कंपनियों के कानूनी प्रतिनिधियों से पुख्ता जानकारी लेने के बाद दिल्ली पुलिस की टीम बनाई गई।

दिल्ली पुलिस ने सबसे पहले 6 अगस्त को रोहिणी के विजय विहार और कश्मीरी गेट के केला घाट मार्ग स्थित फैक्ट्रियों पर छापेमारी की। यहां से नकली ईनो, सेंसोडाइन और गोल्ड फ्लेक सिगरेट बरामद किए गए। इसके बाद 10 अगस्त को मोहम्मदपुर माजरी-कराला और 11 अगस्त को बवाना में छापेमारी कर दो और फैक्ट्रियां बंद करवाई गईं।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

रविवार, 31 अगस्त, 2025 

सुविचार: जो व्यक्ति अपने समय का सम्मान करता है, वो अपने जीवन के सारे लक्ष्य प्राप्त करता है।

## सीएम ने सभी राजनीतिक ताकतों से वोट चोरी के खिलाफ लड़ाई में शामिल होने का आह्वान किया

### कम्युनिस्टों के पास सरकारों को सत्ता से हटाने की ताकत



हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने सभी समान विचारधारा वाली राजनीतिक ताकतों से वोट चोरी के खिलाफ लड़ाई में शामिल होने और देश की लोकतांत्रिक भावना की रक्षा करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने यह भी चेतावनी दी कि केंद्र के शासक लंबे समय से देश पर शासन करने के लिए चुनाव आयोग का दुरूपयोग कर रहे हैं। भाकपा के राष्ट्रीय नेता और पूर्व सांसद कॉमरेड सुरवरम सुधाकर रेड्डी की स्मृति सभा में आज बोलते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र में सत्ताधारी अपनी राजनीतिक ज़रूरतों के अनुसार चुनाव आयोग की सेवाओं का इस्तेमाल करके अपनी सत्ता मज़बूत करने की कोशिश कर रहे हैं। केंद्र अपने विरोधी मतदाताओं को हटा रहा है, जो देश के संसदीय लोकतंत्र के लिए एक बड़ा ख़तरा है।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे वोट कटने और सिर्फ़ चार महीनों में एक करोड़ वोट बनाने के नए चलन का विश्लेषण करें। केंद्र में सत्तारूढ़ दल बिहार चुनाव जीतने के लिए वोट कटवा रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहले से ही वोट चोरी के ख़िलाफ लड़ रहे हैं और सभी राजनीतिक ताकतों को एकजुट होकर देश को इन बुरी ताकतों से बचाने के लिए राहुल का समर्थन करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी आगाह किया कि केंद्र सरकार पूरे भारतीय संविधान को बदलने की साजिश रच रही है, जो भविष्य में देश के लिए एक बड़ा ख़तरा है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि कम्युनिस्ट पार्टियों को जनता के लिए अपनी लड़ाई तेज़ करनी चाहिए। देश में वामपंथी दलों द्वारा लंबे संघर्षों के ज़रिए सरकारों को गिराने के कई उदाहरण हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, साम्यवाद केवल पुस्तकालयों में विचारधारा का अध्ययन करने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि लोगों के अधिकारों के लिए दृढ़ता से संघर्ष करना भी है। साम्यवादी विचारधारा का प्रचार-प्रसार आवश्यक है।

सुधाकर रेड्डी के साथ अपने जुड़ाव और वामपंथी नेताओं द्वारा जनता के लिए किए गए अथक प्रयासों को याद करते हुए, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि भाकपा के राष्ट्रीय नेता ने अंतिम सांस तक साम्यवादी विचारधारा का पालन किया। सुधारकर रेड्डी उन कुछ महान कम्युनिस्ट नेताओं में से एक थे जिन्होंने पार्टी के लिए कड़ी मेहनत की और समाज में जागरूकता पैदा की। मुख्यमंत्री ने गोलकुंडा पत्रिका की ओर से अत्याचारी निज़ाम शासन के खिलाफ सुरवरम प्रताप रेड्डी की लड़ाई को भी याद किया। पहली पीढ़ी में, सुरवरम प्रताप रेड्डी और बुरगुला रामकृष्ण राव ने महबूबनगर जिले का नाम रोशन किया। जयपाल रेड्डी और सुधारकर रेड्डी जिले की दूसरी पीढ़ी के प्रमुख नेता हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राष्ट्रीय राजनीति में सुधाकर रेड्डी जैसे मजबूत और समर्पित नेता की सख्त जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रिमंडल जल्द ही सुधाकर रेड्डी की सेवाओं को मान्यता देने के लिए निर्णय लेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने सुधाकर रेड्डी की सलाह पर ही तेलुगु विश्वविद्यालय का नाम सुरवरम प्रताप रेड्डी के नाम पर रखा है।

जनता के लिए लड़ने वालों को हमेशा पहचाना जाएगा और तेलंगाना राज्य में उन्हें हमेशा याद भी रखा जाएगा। तेलंगाना संघर्ष की भावना को प्रदर्शित करने के लिए महिला विश्वविद्यालय का नाम भी चकाली ऐलम्मा के नाम पर रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय हथकरघा संस्थान का नाम कोंडा लक्ष्मण बापूजी के नाम पर रखा गया है और टैंक बंड पर सरदार सर्वई पापन्ना की प्रतिमा स्थापित की गई है।

## पिंक लेमोनेड प्रदर्शनी ने शहरवासियों को किया प्रभावित




ताजडेक्कन होटल में आयोजित पिंक लेमोनेड प्रदर्शनी ने मनपसंद वस्तुओं की खरीदारी करते शहरवासी ।

हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के ताजडेक्कन होटल में शनिवार को आयोजित पिंक लेमोनेड प्रदर्शनी ने शहरवासियों को खूब प्रभावित किया। सुबह से शाम तक सैकड़ों दर्शक आए और अपनी मनपसंद चीज़ें संतुष्टि के साथ खरीदीं। यहां देशी-विदेशी कंपनियों के प्रसिद्ध ब्रांड मौजूद होने के कारण बच्चे और महिलाएं भी बड़ी संख्या में आए। 1

बच्चों के कपड़ों के साथ-साथ अन्य वस्तुएं भी यहां उपलब्ध थीं। महिलाओं के कपड़े, आभूषण और फुट प्रोटेक्टर विभिन्न प्रकार के उपलब्ध थे। उपहार और स्टेशनरी, आभूषण, त्वचा की देखभाल और स्वास्थ्य, खाद्य पदार्थ, उत्सव के वस्त्र, बच्चों के वस्त्र, पार्टी और अवसरों के वस्त्र, एक्टिव वियर, स्लीपवियर और इनर वियर, महिलाओं के वस्त्र, जूते और सहायक उपकरण, खिलौने और शिक्षा, बेड बाथ और घर की सजावट, शिशु और छोटे बच्चों के लिए और अन्य वस्तुओं ने आगंतुकों को प्रभावित किया।

बच्चों के लिए विशेष रूप से सजाए गए खेल के सामान पर अभिभावकों ने अपनी खुशी व्यक्त की। पिंक लेमोनेड की आयोजक अंकिता संघी ने कहा कि यह प्रदर्शनी शहरवासियों, खासकर बच्चों और महिलाओं को आधुनिकतम वस्त्र उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। उन्होंने कहा कि उनकी प्रदर्शनी ने शहरवासियों के लिए किफायती दामों पर गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं की व्यवस्था करके सभी को प्रभावित किया। सुबह से शाम तक बड़े पैमाने पर स्टॉल लगाए गए और दर्शकों ने स्टॉल पर भीड़ लगाकर खरीदारी की। कई शहरवासियों ने कहा कि हाल ही में शहर में आयोजित लक्ज़री किड्स प्रदर्शनियों में पिंक लेमोनेड अनोखा था। यहां बच्चों से संबंधित लगभग 50 लेबल प्रदर्शित किए गए थे। पिंक लेमोनेड सिक्स्थ एडिशन नामक इस प्रदर्शनी में निःशुल्क प्रवेश के साथ, माता-पिता अपने बच्चों के साथ इस कार्यक्रम में उमड़ पड़े।

## तेलंगाना सरकार ने स्थानीय निकाय चुनावों में 42 प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी दी

हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार ने आज राज्य में कोटा सीमा हटाने और आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़ा वर्ग (बीसी) के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण बढ़ाने का फैसला किया। राज्य सचिवालय में कैबिनेट बैठक के बाद इस फैसले की घोषणा करते हुए, राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने कहा कि आरक्षण विधेयक, जो पहले एक अध्यादेश के माध्यम से राज्यपाल को भेजे गए थे, रविवार को मौजूदा विधानसभा सत्र में पेश और अनुमोदित किए जाएंगे। तेलंगाना में स्थानीय निकाय चुनाव सितंबर में होने की उम्मीद है और राज्य सरकार ने इस संबंध में राज्य चुनाव आयोग को पहले ही पत्र लिख दिया है। इसके अलावा, मंत्री ने कहा कि कैबिनेट ने "गोशाला कल्याण बोर्ड" के गठन और प्रोफेसर कोदंडाराम और पूर्व क्रिकेटर अजहरुद्दीन को राज्यपाल कोटे के तहत एमएलसी के रूप में नामित करने को भी मंजूरी दे दी है।

कृषि संबंधी मुद्दों पर, मंत्री ने कहा कि 2022-23 की रबी फसल खरीद में अनियमितताओं की जांच की जाएगी और जरूरत पड़ने पर निवारक निरोधक अधिनियम (पीडी) भी लागू किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वह हाल ही में हुई भारी बारिश से हुए फसल नुकसान का आकलन करने के लिए सोमवार को संबंधित अधिकारियों से मिलेंगे और प्रभावित किसानों को आवश्यक राहत देने का वादा किया। श्रीनिवास रेड्डी ने कहा, भारी बारिश के कारण कई लोगों की जान-माल का नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेंगे और उसकी समीक्षा करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि कैबिनेट ने "राष्ट्रीय जल विज्ञान प्रौद्योगिकी" से संबंधित मशीनरी और उपकरणों की खरीद को मंज़ूरी दे दी है।

## आंगनवाड़ी केंद्रों में सब्जियां उगाने का फैसला



करीमनगर, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों में सब्जियां उगाने का फैसला किया है। पूर्व-प्राथमिक शिक्षा के साथ-साथ, आंगनवाड़ी केंद्र वर्तमान में बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराते हैं। अब तक, सब्ज़ियां बाजार से खरीदी जाती थीं, जिससे आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध न होने पर मुश्किलें पैदा होती थीं। कीमतों में लगातार वृद्धि और व्यावसायिक खेती में रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग अतिरिक्त चिंता का विषय रहे हैं।

इस समस्या से निपटने के लिए, केंद्र सरकार ने पोषण वाटिका योजना के तहत पोषण वाटिकाएं शुरू की हैं, जो आंगनवाड़ी केंद्रों में जैविक खेती को बढ़ावा देती हैं। शुरूआत में, यह कार्यक्रम उन केंद्रों में लागू किया जाएगा जो अपने स्वयं के भवनों से संचालित होते हैं या जहां जमीन उपलब्ध है। इस योजना के तहत, राष्ट्रीय बीज विकास निगम के माध्यम से छह प्रकार के बीज, अर्थात् टमाटर, बैंगन, भिंडी, पालक, चौलाई और मेथी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र को सब्जी बागानों के रखरखाव के लिए पांच वर्षों तक प्रतिवर्ष 10,000 रुपये दिए जाएंगे, जिसमें भूमि समतलीकरण, उपजाऊ मिट्टी, जैविक खाद, बाड़ लगाने और अन्य आवश्यकताओं के लिए धनराशि निर्धारित की जाएगी। करीमनगर शहरी सीडीपीओ सीमा में, 172 में से 35 केंद्रों का चयन कर लिया गया है और बीज किट वितरित कर दिए गए हैं।

## पुलिस आयुक्त रात को अचानक पहुंचे गणेश प्रतिमा पंडालों पर



हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। डी.जी. एवं पुलिस आयुक्त, हैदराबाद सी.वी. आनंद ने गणेश उत्सव के दौरान पुराने शहर (दक्षिण क्षेत्र) क्षेत्र में गणेश प्रतिमा पंडालों का रात को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पंडाल आयोजकों और उपस्थित स्वयंसेवकों से बातचीत की। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी पंडाल आयोजकों को उचित सावधानी बरतने की भी सलाह दी, क्योंकि जारी बारिश के कारण दुर्घटनाओं का खतरा है।

उन्होंने श्रद्धालुओं और जनता से गणेश उत्सव को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस का सहयोग करने की अपील की। स्नेहा मेहरा, डी.सी.पी., दक्षिण क्षेत्र, आर. वेंकटेश्वरलू, डी.सी.पी., यातायात, और दक्षिण क्षेत्र के अन्य पुलिस अधिकारी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।


## CLASSIFIEDS

**CHANGE OF NAME**

I, Sahnaz Hussain R/o Hno: 042, Maniram Dewan Road,Morikolong, Nagaon, Assam, 782003, Have changed my name as Biju Rani Kalita W/o Bulbul Hussain.

**WANTED**

Prime Commercial Plot 1500 - 2000 sq.yds. in B'hills J'hills Madhapur Gachibowli Begumpet Hitech city Madhapur Khajaguda Or Narsinghi main roads plot 9966855529

**FOR SALE COMMERCIAL BUILDING**

Rampally ALR Nagar nr. Rampally Nagaram X roads main road 300 sq.yds 11000 sqft bare shell C+G+3 floors main road facing 9966855529

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।


## त्योहारों से पहले सुरक्षा बलों ने संतोषनगर में किया मार्च

हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। गणेश उत्सव और मिलाद-उन-नबी के मद्देनजर शुक्रवार रात शहर के संतोषनगर में सुरक्षा बलों द्वारा मार्च निकाला गया। रैपिड एक्शन फोर्स की एक कंपनी ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर संतोषनगर और आसपास के संवेदनशील इलाकों में पैदल मार्च किया। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बिना पुष्टि किए किसी भी पोस्ट को फॉरवर्ड न करें। पुलिस ने जनता से क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि के बारे में डायल 100 पर सूचना देने को कहा।

## आर्थिक तंगी के चलते महिला ने की पति की हत्या

### फिर आत्महत्या का किया प्रयास

हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। केपीएचबी में शुक्रवार रात एक महिला ने कथित तौर पर अपने पति की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी और बाद में आत्महत्या का प्रयास किया। राम्या कृष्णा नाम की महिला अपने पति रामकृष्ण के साथ केपीएचबी कॉलोनी स्थित एक घर में रहती थी। शुक्रवार की रात, आर्थिक तंगी से जूझ रहे दंपति ने आत्महत्या करने का फैसला किया।

खबरों के मुताबिक, राम्या ने चाकू लेकर रामकृष्ण का गला रेत दिया, जिसकी कुछ ही मिनटों में मौत हो गई। फिर उसने चाकू लेकर अपना गला भी रेत लिया। हालांकि, स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी हो गई और वे घर में घुस गए। महिला को बेहोशी की हालत में पड़ा देखकर, पुलिस उसे तुरंत अस्पताल ले गई और इलाज के लिए भर्ती कराया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस जांच कर रही है और जानकारी का इंतजार है।

## 18 सब्जी मंडियों का खाद्य सुरक्षा शाखा ने किया निरीक्षण



हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। साप्ताहिक विशेष अभियान के हिस्से के रूप में, खाद्य सुरक्षा विंग के अधिकारियों ने कुशाईगुडा सब्जी बाजार, सरूरनगर रैतु बाजार, वनस्थलीपुरम सब्जी बाजार और फल बाजार, मदन्नापेट मंडी, मीर आलम मंडी, ओवेसी सब्जी बाजार, मोजामजाही बाजार, मोंडा मार्केट, सनतनगर सब्जी बाजार, खैरताबाद सब्जी बाजार, मेहंदीपट्टनम रैतु बाजार, लिंगमपल्ली बाजार, पाटनचेरु कृषि बाजार, जेएनटीयू रैतु बाजार, शापुर नगर फल बाजार, बोलारम बाजार, मजकाजगिरि फल बाजार, सब्जी बाजार और मेट्टुगुडा का निरीक्षण किया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने 455 सब्जी और फल विक्रेताओं से बातचीत की और उन्हें बुनियादी स्वच्छता प्रथाओं, एफएसएसएआई पंजीकरण के महत्व, सब्जियों और फलों की ग्रेडिंग और उचित तरीके से अपव्यय के निपटान के पहलुओं पर जागरूक किया।

## गणेश विसर्जन सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से हो : जीएचएमसी आयुक्त

### कमिश्नर ने शहर में विसर्जन व्यवस्थाओं का मैदानी स्तर पर किया निरीक्षण

हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी आयुक्त आर.वी. कर्णन ने अधिकारियों को ग्रेटर हैदराबाद में गणेश विसर्जन कार्यक्रम को सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से सुचारू रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को जीएचएमसी आयुक्त आर.वी. कर्णन, अतिरिक्त आयुक्त रघु प्रसाद ने संबंधित सरकारी विभागों और प्रभागों के अधिकारियों के साथ सनतनगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, नेकलेस रोड पीपुल्स प्लाजा बेबी पॉन्ड, अमीरपेट और नामपल्ली प्रदर्शनी मैदान में स्थापित पोर्टेबल तालाबों में खोदे गए तालाबों की गुणवत्ता का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया।

सुरक्षा, स्वच्छता और सुचारू विसर्जन प्रक्रियाओं की समीक्षा की गई। आयुक्त ने आयोजकों, सामुदायिक नेताओं और सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय की समीक्षा की। उन्होंने बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, कतार रेखाओं और नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था का निरीक्षण किया और अधिकारियों को सुचारू विसर्जन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि पिछली कमियों की समीक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कि विसर्जन भक्तों के लिए बिना किसी परेशानी के हो, बुनियादी ढांचे, स्वच्छता, स्वास्थ्य सुरक्षा, सुरक्षा और यातायात प्रबंधन पर बहुआयामी रणनीति के साथ व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्य जल संसाधनों पर दबाव कम करने और यातायात की समस्याओं से बचने के उद्देश्य से भक्तों के लिए सुलभ बनाने के लिए शहर भर में 72 कृत्रिम विसर्जन बिंदु तैयार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि गणेश उत्सवों और विसर्जन स्थलों पर 56,187 अस्थायी रोशनी, 309 मोबाइल शौचालय, बैरिकेडिंग, पेयजल सुविधा, माइक्रोफोन सिस्टम और सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि मूर्तियों का विसर्जन शीघ्र और सुचारू रूप से हो, यह सुनिश्चित करने के लिए 134 स्थिर क्रेन और अतिरिक्त 269 मोबाइल क्रेन का उपयोग किया जा रहा है। 160 गणेश सहायता दल (जीएटी) काम कर रहे हैं। आयुक्त ने बताया कि 14,486 सफाई कर्मचारी और 160 गणेश एक्शन टीमें तीन शिफ्टों में लगातार काम कर रही हैं। गणेश मंडप में कचरा संग्रहण के लिए 5 लाख कचरा बैग वितरित किए गए हैं। इसके अलावा, विसर्जन के दिन कचरा हटाने में 2,000 सफाई कर्मचारी, 102 मिनी टिपर, 125 जेसीबी और 30 स्वीपिंग मशीनें शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि विशेष सफाई अभियान में 1,400 मीट्रिक टन कचरा और मलबा हटाया गया है। उन्होंने बताया कि 839 किलोमीटर लंबी सड़कों और आंतरिक सड़कों की छंटाई की गई है।



आयुक्त आरवी कर्णन ने कहा कि जीएचएमसी इन उत्सवों को पर्यावरण के अनुकूल तरीके से मनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। उन्होंने बताया कि इन उत्सवों के दौरान, जीएचएमसी ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहयोग से भक्तों को 2 लाख गणेश मिट्टी की मूर्तियां वितरित कीं। उन्होंने बताया कि जल संसाधनों के प्रदूषण को रोकने के लिए शहर भर में कुल 74 कृत्रिम विसर्जन तालाब बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इनमें 28 पोर्टेबल तालाब, 21 उत्खनन तालाब और 28 शिशु तालाब शामिल हैं। आयुक्त आर.वी. कर्णन ने शहर के लोगों और श्रद्धालुओं से पर्यावरण अनुकूल सुविधाओं का उपयोग करने और अधिकारियों द्वारा किए जा रहे प्रयासों में सहयोग करने की अपील की।

# योगी से टीचर की पत्नी बोली मेरे पति को पीटकर मार डाला

## हत्यारों को सजा हो, सीएम ने पहली बार काशी में जनता दरबार लगाया

वाराणसी, 30 अगस्त (एजेंसियां)। काशी में सीएम योगी ने पहली बार जनता दरबार लगाया। शनिवार सुबह 8 बजे सर्किट हाउस में आए 100 लोगों को कुर्सी पर बैठाया गया। योगी एक-एक फरियादी के पास गए। सनबीम स्कूल के टीचर प्रवीण झा की पत्नी भी जनता दरबार में पहुंचीं। कहा-मेरी पति की 9 दिन पहले अपार्टमेंट में कार खड़ी करने के विवाद में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो। इस पर योगी ने कार्रवाई का भरोसा दिया।



सीएम के जनता दर्शन में 150 लोग शिकायत लेकर पहुंचे। 50 लोगों के की एप्लिकेशन लेकर गेट से ही अफसरों ने लौटा दिया। सीएम को मिलने वाली अधिकांश शिकायतें पुलिस से असंतुष्ट और प्रशासनिक अमले की लापरवाही की थी। हत्या, चोरी और जमीन के विवाद की अधिक शिकायतें आईं। इसमें शामिल होने वाले अधिकांश लोग वाराणसी के निवासी थे। सीएम ने अफसरों को जल्द समाधान के निर्देश दिए।

**भाजपा नेताओं ने भी दिए शिकायती पत्र**

छितौना कांड में न्याय दिलाएं : भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह समर्थकों के साथ अंदर हॉल में एप्लिकेशन लिए थे। संजय सिंह कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर के प्रतिनिधि भी हैं। उन्होंने छितौना कांड में हमलावरों पर कार्रवाई और पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने की मांग की। दीनदयाल मंडल की पदाधिकारी अर्चना सेठ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। वाराणसी में आमजन की समस्याओं को गिनाया। महिलाओं की सुरक्षा और शिकायतों पर एक्शन के लिए पुलिस को निर्देश देने की बात कही। भाजपा से जुड़ी व्यापारी नेता चांदनी श्रीवास्तव ने भी क्षेत्रीय समस्याओं के लिए ज्ञापन दिया।

**पूर्व सैनिक बोले-खडंजे पर दबंगों ने कब्जा किया**

चोलापुर के रिटायर आर्मी मैन दीनानाथ मिश्रा योगी से मिले। बाहर निकलकर उन्होंने मीडिया को बताया- अब तक मैं तीन बार जनता दरबार में मुख्यमंत्री से मिल चुका हूं। गोरखपुर में उन्होंने मुलाकात की, लेकिन समस्या अब तक हल नहीं हुई। हमारी समस्या सिर्फ गांव की एक सड़क पर आवागमन से जुड़ी है। गांव के कुछ दबंगों ने सरकारी खड़ंजे को 15 मीटर उखाड़ दिया। इस संदर्भ में स्थानीय अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री के जनता दरबार में अपनी बात रखी। सीएम योगी के आदेश के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है, जिसके बाद आज वह यहां भी आए और उन्हें आश्वासन मिला है कि समस्या हल होगी।

# इंजीनियर के घर रेड, करोड़ों की प्रॉपर्टी मिली

**17.50 लाख कैश, 25 लाख की ज्वेलरी बरामद**

पटना, 30 अगस्त (एजेंसियां)। पटना में शुक्रवार को निगरानी विभाग ने ग्रामीण कार्य विभाग के असिस्टेंट इंजीनियर नागेंद्र कुमार के ठिकानों पर रेड की। 17 घंटे तक छापेमारी में इंजीनियर के पटना वाले फ्लैट से 17 लाख 60 हजार कैश और करीब 25 लाख की ज्वेलरी मिली है। टीम ने इंजीनियर के पटना, मोकामा और गयाजी स्थित आवास और कार्यालय पर रेड की थी। नागेंद्र कुमार गयाजी के चंदौली थाना क्षेत्र के कुजाप गांव के रहने वाले हैं।

फिलहाल वे बाढ़ अनुमंडल के मोकामा थाना क्षेत्र में ग्रामीण कार्य अवर प्रमंडल में तैनात हैं। मिली जानकारी के अनुसार भूपतिपुर में इंजीनियर ने 2 प्लॉट खरीदे हैं। एक प्लॉट पर 4 मंजिला घर बनवा रहे थे। इसके अलावा गयाजी में भी इनके 2 प्लॉट हैं। सारी प्रॉपर्टी की कीमत करोड़ों में है।

# हर्षित हत्याकांड : दुकान दिलाने को पांच लाख लिए, फिर हो गया विवाद

> दोस्तों ने मिलकर डूडा कर्मी को मार डाला

मुरादाबाद, 30 अगस्त (एजेंसियां)। नया मुरादाबाद में डूडा के संविदाकर्मी हर्षित की हत्या नगर निगम की दुकान दिलाने के नाम पर ली गई पांच लाख रुपये की रकम के विवाद में की गई थी। शुक्रवार रात पुलिस ने मुठभेड़ में पांच आरोपी अभिषेक सैनी, शुभम ठाकुर, मो. वासित, अनमोल जाटव और राहुल पांडेय को गिरफ्तार कर लिया।



शुभम और मो. वासित के पैर में गोली लगी है। पूछताछ में हत्यारोपियों ने कबूला है कि हर्षित ठाकुर ने नगर निगम में दुकान दिलाने के लिए अभिषेक सैनी से पांच लाख रुपये ले लिए थे लेकिन उसे दुकान नहीं मिली। हर्षित रकम वापस नहीं कर रहा था। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि मझोला के नया मुरादाबाद सेक्टर-10 निवासी महेंद्र सिंह इकलौता बेटा हर्षित ठाकुर डूडा में संविदाकर्मी था। बुधवार रात वह अपने दोस्त आकाश मिश्रा को उसके घर प्रकाश नगर लाइनपार में छोड़कर घर लौट रहा था। बृहस्पतिवार की सुबह करीब साढ़े चार बजे घर से करीब 100 मीटर दूर खड़ी वर्ना कार में डाइविंग सीट पर हर्षित की लाश मिली थी। उसे गर्दन के पास गोली मारी गई थी। इसके बाद पुलिस हत्यारोपियों की तलाश में जुटी थी।

सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से पता चला कि हमलावर कार से आए और ओवरटेक कर पहले लोहे की रॉड से हर्षित की कार के शीशे तोड़ दिए। इसके बाद गोली मारकर हत्या कर दी। फुटेज से हमलावरों की पहचान हो गई थी। शुक्रवार रात पुलिस टीमें नया मुरादाबाद में मौजूद थीं। इसी दौरान कार सवार पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी की तो कार सवारों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने कार घेर ली। इसी बीच बदमाश कार से उतरकर भागने लगे। तब पुलिस ने शुभम ठाकुर और मो. वासित के पैर में गोली कर गिरफ्तार कर लिया जबकि घेराबंदी कर अभिषेक सैनी, अनमोल जाटव, राहुल ठाकुर को दबोच लिया।

# भाजपा विधायक ने राहुल गांधी पर की आपत्तिजनक टिप्पणी

> फेसबुक पर पोस्ट की टोपी वाली तस्वीर



बरेली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। बरेली के नवाबगंज से भाजपा विधायक डॉ. एमपी आर्य ने फेसबुक पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की टोपी वाली तस्वीर पोस्ट कर दी। इस पर प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हुईं तो दूसरी पोस्ट डालकर उन्होंने राहुल गांधी पर आपत्तिजनक टिप्पणी भी कर दी। डॉ. एमपी आर्य ने दो दिन पहले राहुल गांधी की टोपी लगाए हुए फोटो फेसबुक वॉल पर साझा की थी। लिखा था कि कैसे सौंप दें तेरे हाथों में वतन ये हिंदुस्तान का... हमने देखा है तेरी रैलियों में झंडा पाकिस्तान का। इस पर प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हुईं तो कुछ ही घंटों बाद एक और पोस्ट डाल दी। इसमें प्रधानमंत्री की डिग्री सार्वजनिक करने की मांग पर राहुल को मंदबुद्धि बालक बताया है। आर्य ने कहा कि मैं अक्सर सोशल मीडिया पर पोस्ट डालता रहता हूं। जहां तक राहुल गांधी को मंदबुद्धि कहने की बात है तो उनकी हरकतें ही कुछ इस तरह की हैं। खुद प्रधानमंत्री भी राहुल गांधी के लिए यह बात कह चुके हैं।

**पोस्ट पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़**

नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्य की पोस्ट पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई है। कुछ लोगों ने आपत्ति भी जताई। यूजर अनिल कुमार ने लिखा है कि आपको हिंदू-मुस्लिम ने मिलकर जिताया है, आप ऐसी पोस्ट न करें। विपिन ने लिखा है कि जो आप कह रहे हो वो सही है तो आपकी सरकार क्या कर रही है?

तुरंत जेल भेजो। राहुल गांधी को मंदबुद्धि बालक बताने वाली पोस्ट पर भी लोगों ने कटाक्ष किए हैं। भगवन सरन नाम के युवक ने क्षेत्र के गन्ना किसानों का भुगतान दिलाने के लिए मेहनत करने की नसीहत दी है। देवेंद्र ने लिखा कि पीएम की डिग्री सही है तो दिखाने में क्या दिक्कत है? कुछ लोगों ने विधायक का समर्थन किया, लेकिन अधिकतर लोगों ने उनकी पोस्ट पर कटाक्ष किए। दोनों पोस्ट के स्क्रीनशॉट वायरल हो रहे हैं।

## वोटर अधिकार यात्रा में अखिलेश यादव की एंट्री

# 'घपला तिकड़ी' मिलकर वोट डकैती कर रही है

पटना, 30 अगस्त (एजेंसियां)। वोटर अधिकार यात्रा में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की एंट्री हो चुकी है। चुनाव आयोग की ओर से 65 लाख मतदाताओं के नाम काटे जाने के विरोध में शुरू हुई वोटर अधिकार यात्रा अब अंतिम चरण में है।

आज राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के नेतृत्व में यह यात्रा सारण से शुरू हुई। सपा प्रमुख अखिलेश यादव शनिवार सुबह पटना से सीवान पहुंचे। यहां से वह राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, रोहिणी आचार्य समेत इंडिया गठबंधन के वरीय नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ वोटर अधिकार यात्रा में शामिल हुए। अखिलेश यादव भोजपुर जिले तक राहुल-तेजस्वी के साथ चलेंगे।

**घपला तिकड़ी' मिलकर 'वोट-डकैती' कर रही है**

इधर, इंडिया गठबंधन के दिग्गजों से मिलने के लिए सारण और सीवान में कांग्रेस, राजद और वाम दल के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। उनके समर्थन में नारेबाजी की। अखिलेश यादव ने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में बिहार भाजपा की हार लिखेगा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा-चुनाव आयोग और अधिकारी की 'घपला तिकड़ी' मिलकर वोटों की डकैती कर रही है। दरअसल यह वो तीन तिगाड़ा है, जिनकी साठगांठ ने देश का वर्तमान-भविष्य बिगाड़ा है। भाजपा अपने भोले भाले समर्थकों के भोलेपन का भी दुरुपयोग, अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए, दुष्प्रचार के लिए करती है।



**झूठे के प्रचार की खेती कर रही है भाजपा**

अखिलेश यादव ने कहा कि पढ़े-लिखे लोग भी एक बार दिल पर हाथ रखकर सोचें कि साम्प्रदायिक राजनीति की घुट्टी पिलाकर भाजपा और उनके संगी-साथियों ने किस तरह उनके ज्ञान और विवेक को बंधक बना लिया है। भाजपा ऐसे लोगों को भी अपने झूठ के प्रचार की खेती में, नफ़रती व्हाट्सएप मैसेज और मिथ्या-संदेशों को आगे बढ़ाने के लिए खाद की तरह इस्तेमाल करती है।

## वोटर अधिकार यात्रा का आरा में विरोध

### राहुल को भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने दिखाया काला झंडा

आरा। बिहार में वोट अधिकार यात्रा को लेकर सियासत जारी है। शनिवार दोपहर भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने आरा में इस यात्रा का विरोध किया। इतना ही नहीं भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी को काले झंडे दिखाए और उनका जमकर विरोध किया। हालांकिविरोध कर रहे युवाओं में से कई से राहुल गांधी ने खुद जाकर बातचीत की और उनसे जानने की कोशिश की कि उनका गुस्सा किस बात पर है? भाजयुमो के कार्यकर्ता पीएम मोदी को अपशब्द करने के मामले पर वह लोग विरोध कर रहे हैं।

काला झंडा दिखाने वालों में विभु जैन, जिला उपाध्यक्ष हर्ष राज मंगलम, जिला महामंत्री आदित्य सिंह, महाराणा प्रताप और विकास तिवारी (जिला मंत्री) शामिल रहे। इन कार्यकर्ताओं का आरोप है कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी स्वर्गीय माता जी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की, जो कि भारतीय संस्कृति और मर्यादा के खिलाफ है।



## शाहजहांपुर खुदकुशी केस

# 'बेटी-दामाद और नाती खुद नहीं मरे, उनकी हत्या की गई'; मां ने लगाई न्याय की गुहार

शाहजहांपुर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। शाहजहांपुर में मासूम बेटे को जहर देकर पति सचिन ग्रोवर के साथ आत्महत्या करने वाली शिवांगी की मां संध्या मिश्रा ने सोशल मीडिया पर अपना दर्द साझा किया। बृहस्पतिवार को किसी से बात नहीं करने वाली संध्या ने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट शेयर करते हुए घटना को आत्महत्या की बजाय हत्या की आशंका जताई। उन्होंने लिखा कि उद्योग केंद्र से अनुदान जारी हो जाता तो शायद यह दिन देखना नहीं पड़ता। उन्होंने लोगों से दुखियारी मां को न्याय दिलाने में सहयोग मांगा है।

संध्या मिश्रा ने पोस्ट में लिखा कि सूदखोरों ने जान ले ली। जिला उद्योग केंद्र के अधिकारी अरुण कुमार अगर सब्सिडी मंजूर कर देते तो शायद यह दिन नहीं देखना पड़ता। उन्होंने अपील की है कि उनकी बेटी, दामाद और नाती की मौत के जिम्मेदार लोगों को सजा दिलाने में साथ आएं। सूदखोरों व कर्ज से परेशान होकर रोजा थाना क्षेत्र की दुर्गा एन्क्लेव कॉलोनी में मासूम बेटे को जहर पिलाकर सचिन ग्रोवर और उनकी पत्नी शिवांगी ने मंगलवार रात आत्महत्या कर ली थी। शिवांगी की मां संध्या ने मामले में तीन सूदखोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। तीनों पर आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने और धमकाने का आरोप है। जांच के दौरान पुलिस को 13 पेज का सुसाइड नोट मिला था, जिसकी जांच की जा रही है। संध्या मिश्रा ने शुक्रवार को स्पष्ट कहा कि विश्वास नहीं हो रहा है कि आर्थिक स्थिति की वजह से आत्महत्या की है। दो लाख रुपये की बात कोई बड़ी नहीं है। आत्महत्या के पीछे कोई और राज है।

# अखिलेश दुबे की 'विषकन्या' ने वकील पर कराई एफआईआर

*फर्जी हस्ताक्षर कर वकालतनामा लगाया; बीजेपी नेता पर रेप का झूठा केस करवाया*

कानपुर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। कानपुर में भाजपा नेता रवि सतीजा के खिलाफ अखिलेश दुबे के इशारे पर झूठा रेप केस दर्ज कराने वाली 'विषकन्या' शुक्रवार को सामने आई। युवती ने कोतवाली थाने में अधिवक्ता बिलाल आलम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। युवती ने बताया कि बिलाल ने बिना मेरी अनुमति के मेरा फर्जी हस्ताक्षर बनाकर कोर्ट में अपना वकालतनामा लाभ पाने के लिए लगाया है। कोतवाली थाने की पुलिस अधिवक्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जल्द ही पुलिस पर्दे के पीछे शामिल बड़े खिलाड़ियों के नाम उजागर करेगी।




**विषकन्या से पूछताछ में जल्द बेनकाब होंगे बड़े चेहरे**

कच्ची बस्ती उस्मानपुर क्षेत्र में रह रही युवती मूलरूप से बिहार के छपरा की रहने वाली है। वह घरों में खाना बनाने और झाड़ू-पोछा का काम करती है। युवती ने बताया- मैंने कुछ लोगों के बरगलाने पर 4 दिसंबर 2024 को बर्रा थाने में रेप की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना झूठी होने के कारण बर्रा पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी, जो कोर्ट में विचाराधीन है। युवती ने बताया- मुझे अभी जानकारी हुई है कि उस मुकदमे में फर्जी और धोखाधड़ी करते हुए मेरे नाम के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर किसी बिलाल आलम नाम के अधिवक्ता ने अपना वकालतनामा कोर्ट में लगाया है। जबकि, मैं किसी बिलाल आलम नाम के वकील को नहीं जानती हूं। मैंने कभी बिलाल को वकील नहीं नियुक्त किया। बिलाल ने धोखाधड़ी से मेरे फर्जी हस्ताक्षर बनाकर कोर्ट में वकालतनामा दाखिल किया है। अब पुलिस बिलाल से पूछताछ के बाद रेप का झूठा मुकदमा दर्ज करा वसूली के खेल में शामिल अन्य लोगों के नाम भी जल्द ही उजागर करेगी।

**एक मुकदमे के 50 हजार से 2 लाख रुपए तक मिलते थे**

युवती ने पुलिस पूछताछ में बताया- अधिवक्ता टोनू ने रुपए का लालच देकर मुझे अखिलेश दुबे से मिलवाया। मैंने उसके कहने पर ही रवि सतीजा के खिलाफ रेप की झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एक मुकदमे के बदले मुझे 50 हजार से 2 लाख रुपए तक मिलते थे। पुलिस कुछ नहीं करेगी, इसकी गारंटी देते थे। हमारी बस्ती की महिलाएं दुबे के साथ इस धंधे में लिप्त हैं। जब SIT ने जांच शुरू की तो टोनू ने बस्ती में रहने वाली 10 से अधिक महिलाओं को छत्तीसगढ़ भेज दिया। मेरी छोटी बहन भी किसी लड़के के साथ भाग निकली।

# मेरठ कचहरी में वकीलों ने हरियाणा की पुलिस को पीटा

**जान बचाने के लिए लगाई दौड़, कार भी तोड़ी**

मेरठ, 30 अगस्त (एजेंसियां)। कचहरी परिसर में जानलेवा हमले के आरोपी को पकड़ने आई हरियाणा के कैथल जिले की पुलिस को वकीलों और लोगों ने बदमाश समझकर दौड़ाकर पीटा। लोगों ने सादा कपड़े में पहुंचे पुलिसकर्मियों की स्कॉर्पियो कार पर पथराव कर शीशे तोड़ दिए। हमलावर स्कॉर्पियो की चाबी निकाल कर ले गए। इस दौरान आधे घंटे तक कचहरी परिसर में जमकर हंगामे और अफरा-तफरी का माहौल रहा। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पांच सदस्यों की पुलिस टीम को बचाया और जानलेवा हमले के आरोपी को भी हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुताबिक, हरियाणा के जनपद कैथल में सुखदेव नामक आरोपी जानलेवा हमला, आर्म्स एक्ट के मामले में वांछित चल रहा है।

आरोपी वर्ष 2010 में मेरठ के हस्तिनापुर थाना क्षेत्र में हुई एक हत्या की घटना में भी जेल जा चुका है। हत्या के केस की मेरठ न्यायालय में सुनवाई चल रही है। आरोपी सुखदेव की तलाश में कैथल पुलिस की एसडीयू (स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट) टीम भी लगी थी। उन्हें जानकारी मिली थी कि शुक्रवार को सुखदेव तारीख पर मेरठ कोर्ट में आएगा। कैथल पुलिस की एसडीयू के एएसआई तरसेन सिंह समेत पांच सदस्यीय टीम सुखदेव की तलाश में स्कॉर्पियो से मेरठ कचहरी पहुंची थी। कैथल पुलिस के सभी कर्मचारी वर्दी में नहीं थे। स्कॉर्पियो पर पुलिस लिखी चिट लगा रखी थी।

# ओपी राजभर बोले-गठबंधन में सब 'ऑल इस वेल'

सुल्तानपुर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। सुल्तानपुर में पंचायती राजमंत्री ओपी राजभर ने डॉ. संजय निषाद के एनडीए गठबंधन से अलग होने वाले बयान पर प्रतिक्रिया दी। राजभर ने कहा कि संजय निषाद ने ऐसा बयान सिर्फ टीवी के लिए दिया है। वो सरकार के समर्थन में हैं। कहीं कोई दिक्कत नहीं है। गठबंधन में सब ऑल इस वेल है। बता दें कि संजय निषाद ने 27 अगस्त को गोरखपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि अगर बीजेपी को उनसे फायदा नहीं दिखता तो गठबंधन तोड़ सकते हैं।



उन्होंने आरोप लगाया था कि बीजेपी अपने स्थानीय नेताओं से सहयोगी दलों पर हमले कराती है, जो आगे रिश्ते बनाए रखने में मुश्किल पैदा करेगा। कहा था कि यह बात सिर्फ उनकी पार्टी के लिए नहीं, बल्कि सुभासपा और आरएलडी पर भी लागू होती है। बिहार चुनाव पर राजभर ने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव कभी कांग्रेस को कोसते थे, उसे भाजपा की बी-टीम बताते थे। लेकिन आज वे कांग्रेस के साथ खड़े हैं। लालू प्रसाद यादव भी चारा घोटाले के समय कांग्रेस पर निशाना साधते थे, कहते थे असली दोषियों को छोड़ दिया गया और उन्हें फंसा दिया गया।

लेकिन अब वही लालू भी कांग्रेस के मंच पर हैं। पीएम की मां पर की गई टिप्पणी पर कहा कि ऐसे बातों की मैं निंदा करता हूं। ये लोग पहले इवीएम को दोष देते थे, अब वोट चोरी की बात करते हैं। सरदार पटेल के साथ वोट चोरी हुई थी, उनके 13 वोट चोरी हुए थे, लेकिन 1 वोट पाने वाले पंडित नेहरू को प्रधानमंत्री बना दिया गया था। जब ये लोग जीतते हैं तो इवीएम सही होती है, जब हारते हैं तो इवीएम-ईवीएम चिल्लाते हैं। संभल हिंसा की रिपोर्ट पर मंत्री ओपी राजभर ने कहा- हिंदुओं के पलायन के लिए सपा, बसपा और कांग्रेस जिम्मेदार हैं। जब-जब इनकी सरकारें रहीं, दंगे हुए, कर्फ्यू लगे और जनहानि हुई।

# भाजपा नेता को नैनीताल में पत्नी से संबंध बनाते देखा

> प्रयागराज में हत्या करके पटरी पर रखा शव-चीथड़े उड़े > आरोपी का कबूलनामा

प्रयागराज, 30 अगस्त (एजेंसियां)। प्रयागराज के बीजेपी नेता रणधीर यादव की किडनैपिंग और हत्या की कहानी दिल दहला देने वाली है। डॉ. उदय यादव को शक था कि उसकी बीवी अंजली से रणधीर का अफेयर है। इसलिए 2 महीने पहले नैनीताल घूमने का प्लान बनाया। वहां होटल में तीनों के लिए 1 ही रूम बुक करवाया था। हत्या में शामिल राम सिंह के मुताबिक, वहीं पर उदय ने अपनी पत्नी के साथ रणधीर को संबंध बनाते देख लिया था।

इसके बाद डॉ. उदय ने तय कर लिया था कि रणधीर को मार देंगे। मगर उससे पहले 11 जुलाई, 2025 को उसकी बीवी की घर में लाश मिली। आशंका है कि डॉ. उदय ने पहला कत्ल अपनी बीवी का किया था। मगर, उस वक्त पुलिस के इन्वॉल्व होने से पहले बॉडी का दाह संस्कार करके मामला रफा-दफा कर दिया। अब पुलिस अंजली की मौत को मर्डर केस मानते हुए नए सिरे से जांच शुरू करने जा रही है। पुलिस ने राम सिंह से पूछा-रणधीर को इतना तड़पा कर क्यों मारा? राम सिंह ने कहा-उदय को लगता था कि रणधीर ने दोस्ती में दगा किया है। उसकी बीवी के साथ अफेयर की बात खुल ही चुकी थी। दोनों के बीच झगड़ा भी हुआ था। रणधीर ने भी धमकाया था कि वह उदय को नहीं छोड़ेगा। इसलिए उदय ने उसका मर्डर प्लान कर लिया। पुलिस ने पूछा- फिर रणधीर को कैसे मारा? राम सिंह ने कहा- रणधीर हमारा ज्यादा विरोध न कर सके, इसके लिए पहले हमने मिलकर शराब पीने का प्लान किया।



22 अगस्त की शाम को करीब 5.30 बजे रणधीर को बुलाया था। पुलिस ने पूछा- रणधीर को क्या कहकर बुलाया था? राम सिंह ने कहा- हम लोगों ने कहा था कि चित्रकूट चलकर पार्टी करनी है। यह भी कहा कि किसी को कुछ बताना नहीं, वहां सारे इंतजाम हैं। इसके बाद रास्ते में मिठाई, नमकीन खरीदी। हथिगहां से आगे बढ़ते ही स्कॉर्पियो में उदय और उसके साथी भी सवार हो गए। प्लान के तहत उदय का चचेरा भाई विजय दूसरी स्कॉर्पियो से उसी रूट पर पीछे चलता रहा। हमने कई बोतल शराब और बीयर ली। स्कॉर्पियो में शराब पीने का दौर शुरू हुआ। जानबूझकर उदय रणधीर को जल्दी जल्दी पैक बनाकर देते रहे।

जब रणधीर पर नशा हावी हो गया तो उसे खतरे का कुछ एहसास भी हुआ। वो अचानक कहने लगा कि मैं चित्रकूट नहीं जाऊंगा। हमने उसको समझाया, मगर वो मान नहीं रहा था। पुलिस ने पूछा- फिर तुम लोगों ने क्या किया? राम सिंह ने कहा- ऐसे में उदय ने प्लान बदला और उसके सिर पर एक रॉड से वार कर दिया।

## पीएम मोदी पर हुई आपत्तिजनक टिप्पणी से भड़कीं बबीता फोगाट



### बोलीं- 'इससे निम्न स्तर की राजनीति उन्होंने कभी नहीं देखी'

गुरुग्राम, 30 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के दरभंगा में राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान एक शख्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी, जिसपर अब बीजेपी नेता बबीता फोगाट भड़क गई हैं। पूर्व पहलवान और बीजेपी नेता बबीता फोगाट ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर हमला बोला और कहा है कि ऐसी निम्न स्तर की राजनीति उन्होंने कभी नहीं देखी। बबीता फोगाट ने कहा, यह विपक्ष की राजनीति निम्न स्तर की दिखाई दे रही है कि। किस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माताजी पर टिप्पणी की गई है। इससे निम्न स्तर हमने जीवन में कभी नहीं देखा कि किसी के मां-बाप के लिए ऐसी बात कही जाए। यह अशोभनीय है। इसकी जितनी ज्यादा निंदा की जाए, कम होगा।

## भिंड में पेट्रोल पंप पर ताबड़तोड़ फायरिंग

**हेलमेट के बिना फ्यूल नहीं दिया तो मार दी गोली**

भिंड, 30 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के भिंड जिले में पेट्रोल ना देने पर पेट्रोल पंप संचालक पर ताबड़तोड़ फायरिंग का मामला सामने आया है। घटना बरोही थाना क्षेत्र के एनएच 719 पर स्थित सावित्री लोधी पेट्रोल पंप की है। जानकारी के मुताबिक, बाइक सवार युवकों ने हेलमेट नहीं पहना था। इसलिए पेट्रोल पंप नहीं दिया। इससे नाराज युवकों ने अवैध हथियारों से संचालक पर गोली चला दी। हाथ में गोली लगने से पेट्रोल पंप संचालक घायल हो गया।

घायल पेट्रोल पंप संचालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल भिंड जिला कलेक्टर द्वारा बिना हेलमेट पेट्रोल ना देने का आदेश जारी किया गया था। जिसके बाद पेट्रोल पंप संचालकों के लिए यह आदेश जी का जंजाल बन गया है। आये दिन पेट्रोल पंप पर झगड़े हो रहे हैं। ताजा मामले में भिण्ड जिले के बरोही थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 719 के पास सावित्री लोधी पेट्रोल पंप पर स्थित है। जहां पर सुबह 4 बजे के लगभग बाइक पर सवार कुछ युवक पेट्रोल डलवाने पहुंचे। लेकिन कर्मचारियों द्वारा हेलमेट न होने पर पेट्रोल देने से मना कर दिया गया। इसके बाद युवकों ने विवाद किया। विवाद के बाद उस समय तो युवक वहां से चले गए लेकिन आधा घंटे बाद हथियारों से लैस होकर आए और पेट्रोल पंप पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी।

## दामाद को बहाने से बुलाया घर फिर झाड़ियों में ले जाकर मार डाला

खडूर साहिब, 30 अगस्त (एजेंसियां)। खडूर साहिब के गांव मूसे कलां निवासी युवक गुरप्रीत सिंह गोरी की बेरहमी से हत्या कर दी गई, क्योंकि उसने अपने ही गांव की युवती के साथ प्रेम विवाह करवाया था। थाना झब्बाल की पुलिस ने उसका शव कब्जे में लेकर केस दर्ज कर लिया है व दो आरोपियों की गिरफ्तारी भी कर ली है। जिला तरनतारन के गांव मूसे कलां निवासी गुरप्रीत सिंह गोरी ने अपने ही गांव की युवती के साथ प्रेम विवाह किया था। युवती के परिजन इस विवाह के खिलाफ थे। विवाह के बाद वे अमृतसर में किराये के मकान में रहने लगे। मौके पर सीआईए स्टाफ प्रभारी इंस्पेक्टर प्रभजीत सिंह पहुंचे। घटना स्थल का जायजा लेने के बाद साइबर क्राइम सेल की टीम की मदद से गुरप्रीत सिंह गोरी व उसके ससुराल से संबंधित पारिवारिक सदस्यों के फोन कॉल की डिटेल खंगाली गई। लोकेशन के आधार पर पता चला कि गुरप्रीत सिंह गोरी को उसके साले अमरजोत सिंह जोती, गुरजंट सिंह जंटा ने अपने जीजा गुरबीर सिंह गोरा के अलावा अपने पिता के साथ मिलकर उसकी हत्या की है। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया।

## जंगल में मशरूम तोड़ने गए बुजुर्ग पर बाघ का हमला

### कमर के नीचे का पूरा हिस्सा नोच खाया दर्दनाक मौत

बालाघाट, 30 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के बालाघाट से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। बालाघाट में जंगल में पिहरी (देशी मशरूम ) तोड़ने गए 65 वर्षीय बुजुर्ग पर बाघ ने हमला कर दिया। बाघ ने बुजुर्ग को जिंदा ही नोच खाया और उनका शव क्षत-विक्षत हालत में मिला। मृतक बुजुर्ग की पहचान मंगरूलाल सर्राटी के रूप में की गई है। ये घटना कटंगी वन परिक्षेत्र की है। यहां पहले भी इस तरह की घटना हो चुकी है सिरपुर गांव के रहने वाले मंगरूलाल सर्राटी अपने अन्य दो साथियों के साथ पिहरी तोड़ने जंगल गए थे। ये तीनों अलग अलग जगहों से पिहरी तोड़ रहे थे। इसमें से दो लोग पिहरी तोड़ने के बाद वापस गांव सिरपुर लौट कर आ गए, लेकिन मंगरूलाल सर्राटी वापस नहीं आए।

उनके दोनों साथियों ने सोचा कि वो पीछे रह गए होंगे वापस आ जाएंगे। इसके बाद जब शाम तक मंगरूलाल सर्राटी वापस नहीं आए तो रात में ग्रामीणों ने उनको बहुत तलाश किया, लेकिन वो कहीं नहीं मिले। अगले दिन जंगल में खूब खोजने के बाद उनका धड़ और पैर अलग-अलग मिला। बाघ ने मंगरूलाल सर्राटी के कमर के नीचे का पूरा हिस्सा नोच खाया था। सूचना मिलने पर पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया।

# धनखड़ ने विधानसभा में पेंशन के लिए किया अप्लाई



## मंजूरी मिली तो खाते में आएंगे इतने रुपये

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। देश के पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 22 जुलाई को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफे के पीछे उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया। जगदीप धनखड़ इस्तीफे के बाद से सामने नहीं आए हैं और न ही उनका कोई बयान सामने आया है। हालांकि अब उन्होंने राजस्थान विधानसभा में पेंशन के लिए आवेदन किया है। जगदीप धनखड़ के आवेदन को विधानसभा सचिवालय ने उनके आवेदन स्वीकृति प्रक्रिया आगे बढ़ा दी है। धनखड़ राजस्थान की दसवीं विधानसभा के सदस्य रहे थे। साल 1993 में कांग्रेस के टिकट पर अजमेर जिले की किशनगढ़ सीट से चुनाव जीत कर धनखड़ विधायक बने थे। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा- पूर्व उपराष्ट्रपति का पेंशन के लिए आवेदन आया है, कार्रवाई प्रक्रिया जारी है। उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद पहली बार जगदीप धनखड़ ने पहली बार किसी चीज के लिए आवेदन किया है। दूसरी तरफ उन्होंने अभी तक अपने आवास को लेकर विभाग को आवेदन नहीं दिया है। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ राजस्थान विधानसभा में विधायक पद पर रहे हैं। राजस्थान में पूर्व विधायक के लिए 35 हजार रुपये पेंशन के तौर पर मिलती है। यदि पूर्व विधायक 70 साल से ज्यादा उम्र के हैं तो उन्हें 20% और 80 साल की उम्र में 30% अतिरिक्त पेंशन मिलती है। धनखड़ इस समय 74 साल के हैं ऐसे में उन्हें 20% अतिरिक्त पेंशन के साथ करीब 42 हजार रुपये पेंशन मिलेगी।

## कालकाजी मंदिर में सेवादार की हत्या पर केजरीवाल ने बीजेपी पर साधा निशाना दिल्ली की कानून व्यवस्था पर सवाल

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। कालकाजी मंदिर के अंदर घुसकर सेवादार की हत्या का मामला राजनीतिक गलियारे में भी उठ गया है। आम आदमी पार्टी (आप) अपने राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने इस हत्याकांड के लिए भाजपा सरकार पर करारा प्रहार किया है। उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से एक बड़ा सवाल उठाया है। केजरीवाल ने इंटरनेट मीडिया के एक्स प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में लिखा है, कालकाजी मंदिर के अंदर सेवादार की निर्मम हत्या करने से पहले इन बदमाशों के हाथ नहीं कांपे? ये कानून व्यवस्था की विफलता नहीं तो और क्या है?

भाजपा के चारों इंजनों ने दिल्ली का ये हाल कर दिया है कि अब मंदिरों में भी ऐसी वारदातें हो रही हैं। क्या दिल्ली में कोई सुरक्षित है भी या नहीं? बता दें कि कालकाजी मंदिर में पीट-पीटकर एक सेवादार की हत्या का मामला शनिवार को सामने आया है। यहां



दर्शन के लिए आए लोगों ने एक सेवादार की लाठियों और घूंसों से हमला कर हत्या कर दी। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि चुनरी प्रसाद को लेकर उन लोगों के बीच बहस हुई थी। एक आरोपी को स्थानीय लोगों ने घटनास्थल पर ही पकड़ लिया। इस बीच लोगों ने उसकी जमकर पिटाई भी कर दी। इसके बाद आरोपित को पुलिस के हवाले कर दिया गया। अन्य आरोपियों को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## 'मुझे कभी फोन न करना'

### नंबर ब्लॉक करने पर भड़के युवक ने कॉलेज के बाहर गर्लफ्रेंड का गला काटा, गुजरात में सनसनी

भुज, 30 अगस्त (एजेंसियां)। गुजरात के कच्छ जिले में हत्या की दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। मोहित सिद्धपारा नाम के एक 22 वर्षीय युवक ने 19 साल की साक्षी खानिया की कॉलेज के बाहर गला काटकर हत्या कर दी। यह घटना इसलिए हुई क्योंकि साक्षी ने मोहित से रिश्ता तोड़ दिया था और उसका फोन नंबर ब्लॉक कर दिया था। पुलिस के अनुसार, मोहित और साक्षी पहले प्रेम संबंध में थे। साक्षी के रिश्ता तोड़ने और नंबर ब्लॉक करने से मोहित गुस्से में था। इसी गुस्से में उसने साक्षी की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी मोहित को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। डीएसपी आर डी जडेजा ने बताया कि पीड़िता साक्षी खानिया की शुक्रवार को यहां एक अस्पताल में मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार, मोहित ने भुज में एयरपोर्ट रोड स्थित अपने कॉलेज के बाहर साक्षी का गला काट दिया। क्योंकि साक्षी ने उससे दोबारा संपर्क न करने को कहा था। जडेजा ने कहा कि साक्षी और मोहित आदिपुर में पड़ोसी थे और उनके बीच प्रेम संबंध थे। गुरुवार को जब साक्षी अपने कॉलेज जाने के लिए भुज आई थी, तो मोहित ने उसे फोन किया और किसी कारण से आदिपुर वापस आने को कहा। हालांकि साक्षी ने मना कर दिया और उससे कहा कि वह उसे फिर कभी फोन न करे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब साक्षी ने अपनी मां को मोहित के कॉल के बारे में बताया, तो उन्होंने उसे मोहित का नंबर ब्लॉक करने की सलाह दी, और उसने ऐसा ही किया। जडेजा ने बताया कि उसके इस कदम से परेशान और गुस्से में मोहित भुज स्थित उसके कॉलेज गया और नंबर ब्लॉक करने के लिए उससे पूछताछ की। जब साक्षी ने उससे कहा कि वह अब उसके साथ कोई रिश्ता नहीं रखना चाहती, तो मोहित गुस्से में आ गया और उसने चाकू से उसका गला काट दिया और मौके से फरार हो गया।

# अमेरिकी टैरिफ से ओडिशा के झींगा व्यवसाय पर संकट

## उद्योगपति ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर लगाई गुहार



भुवनेश्वर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद देश की झींगा (सीफूड) निर्यात उद्योग संकट में पड़ गया है। इस उद्योग से जुड़ी करीब 15 लाख लोगों की आजीविका अब संकट में है। ओड़िशा राज्य भी इस मामले से गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2024-25 में ओड़िशा ने 4,700 करोड़ रुपये के झींगा निर्यात किए थे। इसमें से लगभग एक तिहाई सिर्फ अमेरिका को ही भेजा गया था। अचानक आए इस संकट ने निर्यातकों और मछुआरों के साथ-साथ सरकार की चिंता बढ़ा दी है। इस स्थिति में फाल्कन मरीन एक्सपोर्ट्स के अध्यक्ष और वरिष्ठ उद्योगपति तारारंजन पटनायक ने प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा है कि अमेरिका के शुल्कजनित प्रभाव से झींगा उद्योग और मछुआरों की आजीविका को सुरक्षित करने के लिए तात्कालिक कदम उठाए जाएं।

**पटनायक ने दिए ये सुझाव**

पटनायक ने सरकार से यह भी अनुरोध किया है कि सरकारी खरीद कार्यक्रमों में झींगा को शामिल किया जाए।

पत्र में उन्होंने यह सुझाव दिया है कि थलसेना, अर्धसैनिक बल, अन्य सरकारी पोषण योजनाओं और कल्याणकारी वितरण कार्यक्रमों में झींगा को शामिल किया जाए। इससे देश में झींगा की मांग बढ़ेगी और अंतरराष्ट्रीय बाजार पर निर्भरता कम होगी। उद्योगपति पटनायक ने कहा कि झींगा स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। इसमें प्रोटीन प्रचुर मात्रा में, कम वसा, ओमेगा-3 फैटी एसिड, विटामिन बी12, सेलेनियम और आयोडीन जैसे पोषक तत्व होते हैं। उन्होंने इस विषय में जागरूकता और प्रचार बढ़ाने की आवश्यकता भी बताई। पिछले दो दशकों में ओड़िशा का झींगा निर्यात तेजी से बढ़ा है। 2004-05 में राज्य का झींगा निर्यात 300-400 करोड़ रुपये के बीच था। 2024-25 में यह बढ़कर 4,700 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। इस दौरान अमेरिका, यूरोप, रूस, जापान और अन्य विकसित देशों को भारत से झींगा निर्यात हुआ।

सालाना देश में 9 लाख टन झींगा उत्पादन होता है, जो विश्व के झींगा व्यापार का लगभग 40 प्रतिशत है। पटनायक ने कहा कि अमेरिका बाजार में भारत का प्रतिद्वंद्वी इक्वाडोर है, जिस पर अमेरिका ने 10% शुल्क लगाया है। इससे भारतीय झींगा वहां प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएगा। शुल्कजनित नुकसान की भरपाई के लिए वैकल्पिक बाजार तलाशना होगा। ऐसे समय में सरकार की सहायता ही उद्योगपतियों और मछुआरों के लिए एकमात्र भरोसा है।

## मराठा आरक्षण पर महाराष्ट्र सरकार ने लिया बड़ा फैसला इस समिति का कार्यकाल 2026 तक बढ़ाया

मुंबई, 30 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर जोर पकड़ा रहा है। राज्य सरकार ने मराठा समाज के लिए जाति प्रमाणपत्र और जाति वैधता प्रमाणपत्र जारी करने के लिए तहसील स्तर पर तहसीलदार की अध्यक्षता में गठित जीनियोलॉजी समिति का कार्यकाल 30 जून 2026 तक बढ़ा दिया है। यह समिति कुनबी और मराठा-कुनबी जाति से जुड़े पात्र व्यक्तियों की पात्रता का परीक्षण करती है। सामाजिक न्याय एवं विशेष सहायता विभाग की ओर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। राज्य के सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट ने 30 अगस्त को इसकी जानकारी दी।

महाराष्ट्र सरकार ने साल 2023 में 'जस्टिस संदीप शिंदे समिति' का गठन किया था, जिसे आमतौर पर जीनियोलॉजी समिति भी कहा जाता है। इस समिति का मुख्य कार्य मराठा समुदाय और कुनबी जाति के बीच ऐतिहासिक और वंशावली आधारित संबंधों की जांच करना है। समिति दस्तावेजों और ऐतिहासिक रिकॉर्ड्स के आधार पर यह निर्धारित करती है कि किन व्यक्तियों को



कुनबी (ओबीसी) वर्ग के आरक्षण का लाभ दिया जा सकता है। इस तरह, समिति मराठा समाज को आरक्षण से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बता दें कि मराठा समुदाय लंबे समय से आरक्षण की मांग कर रहा है। समाज का तर्क है कि उनके पूर्वज मूल रूप से कृषक वर्ग, यानी कुनबी से जुड़े रहे हैं। ऐतिहासिक और सरकारी अभिलेखों में इस संबंध की पुष्टि करने का काम समिति कर रही है। इस समिति की कार्यप्रणाली का महत्व इसलिए और बढ़ जाता है क्योंकि मराठा समाज राज्य की बड़ी आबादी है और उनके आरक्षण से जुड़ा मुद्दा राजनीति और सामाजिक दोनों स्तरों पर बेहद संवेदनशील रहा है।

## 9वीं क्लास की छात्रा ने स्कूल टॉयलेट में दिया बच्चे को जन्म

### पूछताछ में खौफनाक खुलासा; प्रिंसिपल समेत 4 लोग सस्पेंड

यादगीर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक के यादगीर जिले के एक सरकारी आवासीय विद्यालय में बेहद चौंकाने वाली घटना सामने आई। यहां कक्षा 9 की एक छात्रा ने स्कूल के शौचालय में बच्चे को जन्म दिया। जानकारी के अनुसार, पीड़िता लगभग पूर्ण गर्भावस्था में थी और नौ महीने पहले उसका एक अज्ञात व्यक्ति ने यौन शोषण किया गया था। घटना के समय छात्रा ने शुरुआत में कोई जानकारी साझा करने से इनकार कर दिया और केवल इतना कहा कि उसे शौचालय में पेट में दर्द हुआ, जिसके बाद उसने वहीं बच्चे को जन्म दिया। सूचना मिलते ही स्कूल प्रशासन हरकत में आया और छात्रा को तुरंत अस्पताल ले जाया गया।

फिलहाल बच्ची और नवजात दोनों स्थिर बताए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि न तो विद्यालय प्रबंधन और न ही पीड़िता के भाई ने घटना की जानकारी दी। लड़की की गर्भावस्था के बारे में अधिकारियों को सूचित न करने के आरोप में हॉस्टल की वार्डन, स्कूल प्रिंसिपल, स्टाफ नर्स और पीड़िता के भाई के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं कर्नाटक आवासीय शैक्षणिक संस्थान सोसाइटी ने भी इस मामले का संज्ञान लिया है। उसने छात्रों की शैक्षिक और स्वास्थ्य स्थितियों की निगरानी में लापरवाही बरतने के आरोप में प्रिंसिपल और हॉस्टल की वार्डन सहित स्कूल के चार कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है।

पुलिस ने बताया कि यह मामला तब प्रकाश में आया, जब दूसरी छात्राओं ने उसे शौचालय में प्रसव पीड़ा से तड़पते हुए देखा। इसके बाद उन्होंने स्कूल प्रशासन को सूचित किया। कर्नाटक के यादगीर जिले के डीसी हर्षल भोयर और एसपी पृथ्वी शंकर ने संयुक्त बयान में कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

## दिल्ली में स्वास्थ्य क्रांति, सीएम रेखा गुप्ता ने दी बड़ी सौगात


### हर महीने खुलेंगे 100 आयुष्मान आरोग्य मंदिर

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी की जनता को बड़ी सौगात दी। उन्होंने घोषणा की कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि हर महीने लगभग 100 आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोले जाएं, ताकि लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उनके घर के नजदीक मिल सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे मरीजों को जल्दी इलाज मिलेगा और बड़े सरकारी अस्पतालों पर दबाव भी कम होगा। मुख्यमंत्री ने दिल्ली सचिवालय में स्वास्थ्य विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री ने बैठक में निर्देश दिया कि जहां तक संभव हो, इन आरोग्य मंदिरों को बड़ी सरकारी जमीनों पर बनाया



जाए। उन्होंने कहा कि सामान्यतः 100 गज की जमीन पर्याप्त है, लेकिन बड़े भूखंडों पर बने आरोग्य मंदिरों में आपात स्थिति के लिए हॉल और अतिरिक्त बेड लगाने की सुविधा भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा किसाथ ही, इन केंद्रों में पार्किंग और अन्य आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि सरकार पुराने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में बदल रही है और साथ ही नए भवन भी तेजी से बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री  कहा कि सभी विभाग मिलकर चिकित्सा उपकरण, दवाइयां और अन्य जरूरी सामान खरीद रहे हैं, ताकि उद्घाटन के दिन से ही केंद्र पूरी तरह से काम कर सकें। स्टाफ की भर्ती भी प्राथमिकता पर की जा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए बताया कि केंद्र सरकार से दिल्ली को इस योजना के लिए 2,400 करोड़ रुपये मिले हैं, जिससे किसी भी तरह की वित्तीय दिक्कत नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि इन आरोग्य मंदिरों के जरिए लोग सामान्य या मौसमी बीमारियों के लिए अस्पताल जाने से बच सकेंगे और घर के पास ही इलाज पा सकेंगे।

## सीएम सरमा बोले- असम पुलिस ने वापस बांग्लादेश भेजे 33 नए घुसपैठिए, आने वाले दिनों में और तेज होगी कार्रवाई



गुवाहाटी, 30 अगस्त (एजेंसियां)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने शनिवार को बताया कि राज्य की पुलिस ने 33 नए घुसपैठियों को वापस बांग्लादेश भेज दिया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 33 नए घुसपैठियों को वापस वहां भेज दिया गया है, जहां से उनका असल में संबंध है- बांग्लादेश। सरमा ने आगे चेतावनी भी दी, 'सावधान रहिए: हमारी सख्त कार्रवाई जारी है और आने वाले दिनों में यह और तेज होगी।' हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि इन लोगों को किस क्षेत्र से वापस भेजा गया, लेकिन ज्यादातर घुसपैठियों को श्रीभूमि जिले से सटी भारत-बांग्लादेश सीमा के रास्ते ही भेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने तंज करते हुए लिखा, अब अवैध घुसपैठियों की सूची में नया गाना बज रहा है- असम पुलिस, मुझे घर ले चलो, वहां जहां का मैं रहने वाला हूं। इससे पहले इसी हफ्ते सरमा ने कहा था कि पुलिस हर हफ्ते 70 से 100 घुसपैठियों को बांग्लादेश वापस भेज रही है। पिछले कुछ महीनों में 450 से ज्यादा संदिग्ध अवैध घुसपैठियों को वापस भेजा जा चुका है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि राज्य सरकार असम को घुसपैठियों से मुक्त करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

उत्तर-पूर्व में 1,885 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा पर पिछले साल बांग्लादेश में अशांति शुरू होने के बाद से बीएसएफ ने निगरानी और कड़ी कर दी है। एक अधिकारी ने बताया कि असम पुलिस भी भारत-बांग्लादेश सीमा पर हाई अलर्ट पर है, ताकि कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से राज्य में प्रवेश न कर सके। जिनके पास वैध नागरिकता दस्तावेज नहीं होंगे, उन्हें तुरंत वापस भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मदनी जैसे लोग हमेशा भाजपा का विरोध करेंगे, इसमें कोई शक नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले 15 से 30 दिनों में कई तरह के लोग असम में लगातार आ रहे हैं- चाहे वह हर्ष मंदर हों या वह महिला, जिन्होंने कहा था कि बांग्लादेशियों को असम में शरण दी जानी चाहिए या वे लोग जो शाहीन बाग आंदोलन से जुड़े रहे हैं। सरमा ने कहा कि ऐसे कार्यकर्ता अब असम का लगातार दौरा कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा की ओर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेकर दिए गए बयान पर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मुख्यमंत्री के तौर पर मुझे हर बयान पर प्रतिक्रिया देनी चाहिए,

## आईईटी हॉस्टल में रैगिंग कांड

### जूनियर का चेहरा कमोड में डालकर फ्लश चलाया, छात्र दहशत में

इंदौर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) के हॉस्टल में रैगिंग का गंभीर मामला सामने आया है। गुरुवार रात बीटेक थर्ड और फोर्थ ईयर के छात्रों ने हॉस्टल में पहुंचकर जूनियर छात्रों से जबरन परिचय लिया और उनके साथ मारपीट की। घटना के दौरान एक जूनियर छात्र का चेहरा कमोड में डालकर फ्लश तक चला दिया गया। इस घटना से डरे-सहमे पीड़ित छात्रों ने भंवरकुआं पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, कुछ सीनियर छात्रों की पहचान कर ली गई है और उनसे पूछताछ की जाएगी। वहीं, इस घटना ने विश्वविद्यालय और हॉस्टल परिसर में खलबली मचा दी है। जूनियर छात्र भय के माहौल में हैं और अपने परिजनों को घटना की जानकारी भी दे चुके हैं। आईईटी प्रबंधन ने भी छात्रों से संपर्क कर घटना के विवरण जुटाने की शुरुआत कर दी है।

## जम्मू में बादल फटने से पठानकोट में खतरा बढ़ा

चंडीगढ़, 30 अगस्त (एजेंसियां)। भाखड़ा, पौंग व रणजीत सागर बांधों के गेट लगातार खुले रहने के कारण पंजाब में बाढ़ का दायरा बढ़ गया है। 10 जिलों के 900 से अधिक गांव इसकी चपेट में आ गए हैं। इनमें से 300 से अधिक गांवों में गांवों में 5 से 8 फीट तक पानी भरा हुआ है।वहीं पठानकोट में फिर पानी बढ़ने लगा है। सीमावर्ती क्षेत्र बमियाल के अंतर्गत आते तरनाह और बाघ दरिया में फिर से जलस्तर बढ़ने करण छह से ज्यादा गांव में पानी दाखिल हुआ है। इस क्षेत्र में एक-दो दिन पहले ही रावी दरिया का जलस्तर कम हुआ था लेकिन जम्मू कश्मीर के कठुआ क्षेत्र में बादल फटने के कारण पानी पंजाब के इलाके में दाखिल होना शुरू हो गया है। इसी कारण भारत पाक सीमा की जीरो लाइन पर बसे गांव सिंबल सकॉल के निकट बहते तरनाह दरिया में पानी का जलस्तर काफी बढ़ गया है।

माधोपुर में यूबीडीसी हेडवर्क्स में बुधवार को फ्लड गेट खोलते समय बह गए सिंचाई विभाग के कर्मी विनोद कुमार की डेडबॉडी शनिवार दोपहर 12:40 के करीब टूटे फ्लड गेट में लटकती मिली। सिंचाई विभाग के एसडीओ अरुण कुमार ने बताया कि बुधवार को देर रात रावी दरिया में जलस्तर बढ़ जाने से सुबह कर्मी विनोद कुमार और कुछ अन्य अधिकारी, कर्मचारी फ्लड गेट खोलने गए थे। जिसके चलते 4 फ्लड गेट खोलते समय टूट पानी में बह गए और साथ में कर्मी भी पानी के तेज बहाव में बह गया। जैसे ही पानी का लेवल कम हुआ तो एनडीआरएफ टीम कर्मी विनोद कुमार की तलाश में जुट गई। आज सेना और एनडीआरएफ टीम की मदद से कर्मी की डेड बॉडी बरामद कर ली है।

## 2000 रुपये नहीं किए वापस तो महिला के मुंह पर पोती कालिख

भुवनेश्वर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। ओडिशा के अंगुल जिले से एक बार फिर शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। हण्डपा थाना क्षेत्र में एक महिला को गांव वालों ने 'कंगारू कोर्ट' लगाकर ना केवल बेइज्जत किया, बल्कि उसे चप्पलों की माला पहनाकर पूरे गांव में घुमाया। बताया जा रहा है कि यह सब सिर्फ 2 हजार रुपये के विवाद को लेकर हुआ। यह घटना अंगुल जिले के हण्डपा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, एक महिला पर किसी ने 2,000 रुपये उधार लेने का आरोप लगाया था। इसके बाद गांव में कुछ लोगों ने मिलकर खुद ही फैसला सुनाया, जिसे आम भाषा में 'कंगारू कोर्ट' कहा जाता है।

गांव के कुछ लोगों ने न सिर्फ महिला को अपमानित किया, बल्कि उसके मुह पर कालिख पोत कर, उसे चप्पलों की माला पहनाकर गांव में घुमाया। बता दें कि 'कंगारू कोर्ट' शब्द उन मामलों में इस्तेमाल होता है, जब लोग कानूनी प्रक्रिया को नजरअंदाज़ करते हुए खुद ही अदालत बन बैठते हैं और मनमाना सजा देने लगते हैं। यह भारतीय कानून के खिलाफ है और ऐसा करना अपराध की श्रेणी में आता है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आई। हण्डपा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता की शिकायत के आधार पर दोषियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षा के आदर्श डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन



अतुल कुमार

शिक्षा के प्रचार प्रसार में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है . विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और उनको कुशाग्र बनाने में टीचर के रोल को महत्वपूर्ण माना गया . एक स्टूडेंट की लाइफ में शिक्षक की भूमिका को अग्रणी माना गया . अच्छे व्यवहार व्यक्तित्व और संस्कारों के प्रदाता टीचर ही होते हैं . शिक्षक समाज की रीढ होते हैं जो बालकों में अच्छे ग़ुणों का संचार करते हैं छात्रों को ज्ञान कौशल और पासिटिव अप्रोच के लिये प्रेरित करते हैं . जिससे छात्र खोया मह्सूस नहीं करते . बेहतर प्रतिस्पर्धा के लिये टीचर का ग़ाइडेंस ज़रूरी होता है माता पिता के बाद शिक्षक ही होते हैं जो बच्चों में .अच्छे गुणों ,संस्कारों और व्यवहारों का संचार करते हैं .लेकिन सोसायटी में आज टीचर का क्या मान सम्मान और अहमियत है यह किसी से छिपा नहीं है ! उनको वह अहमियत और आदर नहीं मिलता जिसके वह हकदार हैं .वह सारे माध्यम जो मनुष्य को अच्छा इंसान बनाने में कारगर होते हैं उसे खो दिया गया एक टीचर अपने जीवन काल में कम से कम छः सात पीढियों को पढाता और तैयार करता है इसके बावजूद उसकी पूछ परख नहीं होती है इस ओर कभी सोचा भी नहीं जाता . उनका योगदान क्या किसी भी बडे प्रोफेशनल से कम है ?

यह टीचर ही हैं जो बालकों को किसी भी गलत रास्ते पर जाने से रोकते हैं और उनको अच्छा नागरिक बनने के लिये इंस्पायर करते हैं .हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस ( टीचर्स डे ) के रूप में मनाया जाता है यह दिन देश के शिक्षकों के सम्मान में मनाया जाता है . इस दिन शिक्षा विद और शिक्षा के प्रखर प्रवक्ता और देश के पूर्व राष्ट्रपति डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है . वह मानते थे कि सच्चा ज्ञान वही है जो अंदर की अज्ञानता को समाप्त करे .स्वतंत्र भारत के दूसरे राष्ट्रपति थे . समूचे विश्व को एक विद्यालय मानते . उनकी मान्यता थी कि शिक्षा के द्वारा मानव मस्तिष्क को मज़बूत बनाया जा सकता है . यही एकमात्र माध्यम है जिससे मनुष्य ज्ञान विज्ञान को सीख मानवता का उद्धार कर सकता है .




दर्शन शास्त्र के मर्मज्ञ के रूप में उनकी पहचान कायम हुई .एक बार मैसूर में उनके शिक्षकों ने पूछा क्या आप उच्च शिक्षा के लिये विदेश जाना पसंद करेंगे ? तब उनका उत्तर था – नहीं ,लेकिन वहां शिक्षा प्रदान करने के लिये अवश्य जाउंगा क्यों कि भारतीय दर्शन में जो मानवीय तत्व हैं वह वहां नहीं हैं .डा राधाकृष्णन की मान्यता थी कि शिक्षा में मानवीय गुण , सरोकार और सेवा भाव न हो तो वह व्यर्थ है . एक संवेदनशील इंसान में मानव हित की भावना होनी चाहिये . सवाल है कि क्या आज यह सारी बातें शिक्षा में बच भी रही हैं ? शिक्षा और चिकित्सा आम जन की पहुंच से दूर हो रही है तब डा राधाकृष्णन का कथन और दर्शन अधिक प्रासंगिक दिखायी देता है .

जीवन के 40 वर्षो तक शिक्षक के रूप में कार्य किया और शिक्षण के माध्यम से नयी पीढी में भारतीय दर्शन तथा मूल्यों को स्थापित किया वह आदर्श शिक्षक थे . प्रसंगानुसार जब वह मैसूर से ट्रांसफर हो कोलकाता जा रहे थे तब उनके विद्यार्थियों ने बग्घी को रस्सी से बांध खींच कर घर से रेल्वे स्टेशन तक पहुंचाया और रेल्वे कोच को सुंदर रूप से सजाया .डा राधाकृष्णन की मान्यता थी कि " शिक्षक वह व्यक्ति होता है जो छात्रों को सोचने के लिये प्रोत्साहित करता है ,न कि केवल तथ्यों को

## 5 सितंबर को शिक्षक दिवस

रटने के लिये " क्यों कि छात्रों में सामाजिक उन्नति की भावना जगे तथा वह पिछडे विद्यार्थियों को मुख्य धारा से जोड सके . सही और गलत के बीच अंतर करने में बेहतर नागरिक की शक्ति दे सके .

अगर दुनिया के इतिहास को देखें तो पायेंग़े कि सभ्यता का निर्माण उन महान ऋषियों संतों और वैज्ञानिकों के हाथों से हुआ है जो स्वयं विचार करने की सामर्थ्य रखते हैं जो देश काल की गहराइयों में प्रवेश करते हैं उनके रहस्यों का पता लगाते हैं और इस तरह से प्राप्त ज्ञान का उपयोग विश्व कल्याण या लोक कल्याण के लिये करते हैं . ज्ञान हमको शक्ति देता है तो प्रेम परिपूर्णता देता है .डा राधाकृष्णन के विचारों में ,कल्पनाओं और भाषाओं के ज्ञान की अद्भुत क्षमता थी . उपराष्ट्रपति रहते हुए राज्यसभा के सत्र की अध्यक्षता करते थे उनके काम करने के अंदाज़ को काफी सराहा जाता था वह सदन में होने वाले विरोध और शोर पर शांति पूर्ण प्रतिक्रिया देते थे ऐसे अवसरों को संभालने के लिये भी उनकी ख्याति



थी जब भी कोई सदस्य आक्रोशित होता तो डा राधाकृष्णन उसे श्लोक सुना शांत करते .उनकी इस खूबी की हमेशा सराहना होती .

राष्ट्रपति बनने पर उनके पढाये अनेक छात्रों ने उनका जन्म दिन मनाने की इच्छा जतायी इस पर उन्होंने कहा कि मेरे जन्म दिन को अगर शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए तो यह गर्व की बात होगी और वैसा ही हुआ . अतः हर वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है . उनका जन्म 5 सितंबर 1888 को आंध्रप्रदेश में हुआ .उनकी लिखित कई पुस्तकें प्रसिद्ध हुईं जिनमें प्रमुख है " द फिलासफी आफ रवींद्रनाथ टैगोर " " भारतीय आत्मा की वास्तविक अभिव्यक्ति " और " द रेन आफ रिलीजन इन कंटपरेरी फिलासफी " आदि .शिक्षा का लक्ष्य केवल सांसारिक सुख नहीं बल्कि मानव मस्तिष्क का सदुपयोग आत्मा को शिक्षित करना है .डा राधाकृष्णन का जीवन दर्शन और शिक्षा के प्रति उनके अटूट लगाव के कारण वह आदर्श टीचर कहलाए .

वह जाने माने विद्वान ,शिक्षक, वक्ता ,प्रशासक , राजनयिक ,देश भक्त और शिक्षा शास्त्री थे वह मानते थे कि सामाजिक बुराइयों को शिक्षा के द्वारा ही मिटाया जा सकता है . बौद्धिक झुकाव से व्यक्ति की कई समस्याएं अपने आप हल होती हैं . 17 अप्रेल 1975 को इस महान शिक्षाशास्त्री ने जीवन की अंतिम सांस ली . उनको भारत रत्न से नवाज़ा गया .उनके यशस्वी जीवन पर किसी ने खूब कहा " शिक्षा के प्रति सदा समर्पित ,सरस्वती के वरद पुत्र का कर्म रहा न वह दूजा / जिसने जीवन किया समर्पित ,वार दिया अपना तन मन ऐसे शिक्षक थे सर्वपल्ली राधाकृष्णन //

# काव्य कुंज

## भारत ' मां ' की बेड़ियां टूटी



गजानन पाण्डेय

देश हमारा आजाद हुआ
जो सभी को याद है
वह था , 15 अगस्त ,1947
तब देश में उजियारा छाया
रात में ' तिरंगा ' फहराया
एक नये भारत का जन्म हुआ
अंग्रेजी शासन का अंत हुआ ।
गति - प्रगति के रथ पर सवार
भारत आगे बढ़ता रहा
नित - नये कीर्तिमान गढ़ता रहा ।
इसे बनाए रखना है
मिल - जुलकर काम करना है ।

## उसने कहा था



डॉ विजय पांढरीपांडे
हैदराबाद

उसने कहा था
ना खाउंगा ना खाने दुंगा
हम देखते रह गये
इनकी तो भूकही नहीं मिट ती
उसने कहा था
गरिबी हटाउंगा
हम सोचते रह गये
गरिबी हटते नही हटती
उसने कहा था
रोजगार दिलाउंगा
हम इंतजार करते रहे
नोकरी ही नहीं मिलती
उसने कहा था
आजादी दिलाउंगा
मिल तो गई आजादी
रात कटते नहीं कटती ।।

## जय गणनाथाय



कुमुद बाला,
हैदराबाद

जय गणेशाय , जय गणाध्यक्षाय , जय धीमहि
जय विघ्नहराय , जय शुभाध्यक्षाय , जय धीमहि
जय गणनाथाय !!
एकदंत , लम्बोदराय ,
कृपानिधान सुख दीजिए
कठिन जीवन लक्ष्य हेतु,
सौम्य रूप पथ दीजिए
विपदा हरो हे हेरंबाय ,
ज्ञान तत्व दीजिए
धर्म मित्र बन नित्य चलूँ ,
वो मार्ग रम्य दीजिए
जय विश्वरूपाय , जय वक्रतुंडाय , जय धीमहि
जय सूमुखाय , जय विघ्नहर्ताय , जय धीमहि
शुभ और लाभ संग रिद्धि-सिद्धि का दिव्य साथ है
मनो गणपति का , ज्ञान रीढ़ पर नव्य हाथ है
चक्षु की विराट ज्योति के , वे त्रैलोक्य नाथ हैं
हो परिष्कृत मन में विनम्रता , वरदहस्त माथ है
जय प्रसहनाय , जय महोदराय , जय धीमहि
जय दुर्मुखाय , जय सुरानंदाय , जय धीमहि
अब अपूर्णता को पूर्णता का , लक्ष्य दीजिए
हृदय की पंच विकृतियाँ , शीघ्र दूर कीजिए
हो मन मस्तिष्क निर्मल , वर दीजिए शम्बराय
निकष पर खरी हो बुद्धि , नंदन उपाय कीजिए
जय सुरूपाय , जय भालचन्द्राय , जय धीमहि
जय अलंपटाय , जय धृतोत्पलाय ,जय धीमहि
जय गणनाथाय !!

## साडी



टी तारासिंह
हैदराबाद

भारत देश परिधानो के लिए विख्यात है
ओर यहाँ की वेश भूशा
दूसरे देशो से निराली है
भारत मे औरतो का मुख्य
परिधान साडी ही है
साडी पहनना अनपढ की निशानी नही
साडी से औरते सुंदर - सुशील दिखती है
साडी पहनना हमारी संस्कृति है
औरतो का श्रृंगार साडी से ही पूरा होता
घर - परिवारो मे साडी ही औरतो को शोभा देती
घर की पूजा मे - अर्चना मे साडी भक्ति का प्रतिक है
शादियो मे , बरातो मे साडी ही चार चांद लगाती
साडी से ही औरतो का रंग रूप निखरता
हर तीज - त्योहारो मे साडी ही पहनती
स्कर्ट , छोटे कपडे पहनना अंग प्रदर्शन करना
विदेशी पहनावे हमारे देश मे अच्छे नही दिखे
ये हमारे संस्कृति के एकदम विरूद्ध है ।।

## गणपति गीत



डॉ संजुला सिंह
जमशेदपुर

तेरी भोली- भाली सूरत पे
बलिहार गणपति जी
बलिहार गणपति जी -----
शिव शंकर के तुम हो दुलारे
मैया गौरी के प्यारे हो,
हम सबके तुम आंख के तारे
केवल तुम्ही सहारे हो ।
तेरी कोमल - कोमल बतिया पे
बलिहार गणपति जी ,
बलिहार गणपति जी-------- ।
मूसक तुम्हरी सगी सवारी लड्डु तुमको प्यारा है,
वैसे तो सब तुम हो खाते पर लँगे मोदक न्यारा है ।
तुम्हारे इस भोलेपन परबलिहार गणपति जी
बलिहार गणपति जी------ ।
कार्तिकेय के भ्राता तुम हो रिद्धि-सिद्धि के पतिदेव हो,
शुभ और लाभ के पिता तुम्ही हो मुसक राज के स्वामी हो ।
तेरे ये अनोखे रिश्ते पेबलिहार गणपति जी
बलिहार गणपति जी -------- ।
जग के तुम प्रथम पूज्य देव हो बुद्धि के तुम दाता हो,
सारे जग प्राणी के तुम ही केवल भाग्य विधाता हो
तेरी इस बुद्धि- विवेक पे बलिहार गणपति जी
बलिहार गणपति जी ------ ।
हृदय में तेरे करुणा भरी देते सबको आशीष हो,
दीन- दुःखी के तुम हो दाता मेरे तो जगदीश हो
तेरी इसी शालीनता पे बलिहार गणपति जी
बलिहार गणपति जी ------- ।

## अग्नि की तरह पवित्र स्त्रियां



संजीव ठाकुर,
रायपुर

इतिहास से सबक और भविष्य के प्रति
आशावान होने का सार्थक समय।
स्त्रियां कई पीढियां की संस्कार होती है।
स्त्रियां अग्नि की तरह पवित्र होती है।
स्त्रियां हमारी सोच से
बहुत आगे होतीं हैं,
इतनी संवेदना, इतनी गहराई
और इतनी सात्विक विशालता
के बारे में विचार करने मेरे दिमागी तंतु
कमजोर से हो जाते हैं।
अग्नि का आविष्कार जरूर पुरुषों ने किया है
इसका सही प्रयोग, उपयोग जानती हैं,
अग्नि की तरह स्त्रियां भी पवित्र होती है।
पवित्र अग्नि की तरह निर्मल होती हैं,
निर्मल निझारणी की तरह,
स्त्रियां स्त्रियां नहीं होती संस्कार होती है,
एक स्त्री के जन्म लेने का मतलब ही
दो परिवारों और पीढ़ीयों को सुविचारित करना है,
एक स्त्री जो यह समझती है
एक घर चलाने में क्या समस्या है
तो निश्चित तौर पर वह इस बात के नजदीक हैं
कि देश चलाने में क्या समस्याएं है,
और सच मानिए स्त्री के बिना आदमी,समय
सदैव क्रूर बना रहता है,
हम युद्ध की बात नहीं करते
सच तो यह है कि किसी स्त्री का
एक शिशु को जन्म देना युद्ध में किसी विजय
से ज्यादा स्तुत्य होता है,ऐसा यूं है कि
स्त्रियां आध्यात्मिक, भावात्मक और शारीरिक रूप से
पुरुषों से शक्तिशाली होती हैऔर नव सृष्टि सृजित करती हैं।
ईश्वर की सुंदर और पूर्ण अंतिम संरचना स्त्री ही है,
और सुंदर समाज की संरचना और
परिकल्पना स्त्री ही संजोती है।
पृथ्वी, नदियां, लताएं और कोमल भावनाएं
स्त्रियों का ही एक रूप है, स्त्रियां दैवत्त की देन है
स्त्रियों को प्रणम्य नमन।

## स्वयं की तलाश



अन्नू प्रिया,
कटिहार, बिहार

किसी की मन्नत की गांठ भी नहीं थी,
न किसी के ख्वाबों की कोई बुनावट में थी।
किसी ने पुरज़ोर कोशिश भी न की,
बस जो मिला-उसे ख्वाहिश कह दिया।
कभी लगा, शायद मैंने ज़्यादा मांग लिया,
कभी लगा, यह किरदार मेरा हक़दार कहा गया।
शब्दों और भावों की भीड़ में,
सामाजिक स्वीकृति और पारिवारिक
सहमति की दीवारें खड़ी थीं।
बस विरोध था, अव्यक्त क्षोभ का क्षण था,
किस्से और तमाशे थे- जमाने भर के।
पर असल चुनाव तो बस जीवन-बसर का होता है-
क्योंकि जीने की समझ जब तक आती है,
जीवन का वक्त आधा बीत चुका होता है।
तब न अहम रह जाता है,
न संबंधों में प्रश्न शेष रहता है।
सिर्फ़ एक पुकार-स्वयं को स्वीकार कीजिए।
बहुत उम्र बीत गई परतंत्रता में,
अब प्रतीक्षा में स्वयं को व्यर्थ मत कीजिए।
जहां आपकी अस्मिता आहत हो-
वहां खुद को साबित करना कभी सार्थक नहीं होता।

## गणपति जी आए हमारे द्वार



डॉ.प्रतिमा सिंह
हैदराबाद

गणपति जी आए हमारे द्वार
लाए खुशियों के भण्डार
इनकी महिमा अपरंपार
करते हैं सबका कल्याण ।
दुःख, दुर्गुण, दुर्विघ्न हटाए
सुख समृद्धि शांति ले आएं
करते हैं भक्तों का उद्धार
गजानन आए हमारे द्वार,
लाए खुशियों के भण्डार ।
माँ का वचन निभाया जिसने
देकर अपने प्राणों का बलिदान
धर्म के रक्षक वचन के पक्के
मातृभक्ति के गज़ब मिसाल
गौरी तनय आए हमारे द्वार।
एक दिवस ऋषि ज्ञानी ध्यानी
पहुँचे महादेव के द्वार,
मिलने को आतुर थे प्रभु से
दिया उनहोंने कई प्रमाण ।
हे बालक जाने दो मुझको
कारण है अतिशय व खास
अडिग रहे पिता के वचन पर
खड़े रहे अविचल निर्विकार।
कुपित ऋषि आपा खो बैठे
किया बालक पर कठोर आघात
दंत एक गिर पड़ा धरा पर
सह ना सके प्रचंड प्रहार।
एकदंत कहलाए तबसे दिया पितृ – भक्ति का प्रमाण
प्रिय गजानन जी आए हमारे द्वार।
मात- पिता की परिक्रमा कर प्रथम पूज्य कहलाए वो
मोदक मिश्री प्रिय है उनको, लड्डु का करते जलपान।
गणपति आए हमारे द्वार करते हैं सबका कल्याण ।।

## अन्नदाता



पद्मजा श्रीवास्तव

मैं हूँ किसान
कृषक , खेतिहर ,
धरती पुत्र , माटी का लाल
कहलाता हूँ अन्नदाता
खून पसीना बहाता हूँ
दिन रात खेतों में
देता हूँ लोगों को अन्न
पर स्वयं तरसता हूँ पैसे पैसे को
कर्ज की मार न जीने देती है न मरने
कभी सूखे की मार तो कभी बाढ़ भरमार
साल भर की मेहनत हो जाती बेकार
जितनी लागत फसल की
कमाई उतनी भी ना हो पावे
बिचौलियों की लूटमार
प्रकृति का प्रहार
फिर भी न मानूँ हार
हिम्मत न हारुँ अपनी
माटी को ना छोड़ूँ अपनी
माटी माँ है मेरी
फिर उठ खेत जोतूँ अपना
उगाउँ खेतों में सोना
अन्नदाता हूँ आखिर
पेट पालता हूँ सबका ।।

## अल्फ़ाज़



डॉ शोभा भंडारी
हैदराबाद

लफ्ज़ और शब्दों की गहराई,
छुपी है हर अल्फ़ाज़ में,
ध्वनियों सी तरंगित होती है, कानों में,
रूह को छू जाती है लय-ताल में।
कभी-कभी खामोश अल्फ़ाज़ भी,
बहुत कुछ कह जाते हैं,
नज़रों के तीर-कमान से,
भावों के धनुष प्रक्षेपित कर जाते हैं ।
अल्फ़ाज़ इतने असरदार और दमदार होते हैं,
कि किसी शायर की शायरी में,उनकी
रुखसत के बाद भी महफूज रहते हैं,
गुपचुप से इकठ्ठा होकर, किताबों के पन्नों में सोते हैं।।
कभी मखमली एहसास लिए, अल्फ़ाज़
दिल की नर्म परतों को भिगोते हैं,
और कभी शूल की चुभन लिए,
दिल को गहरा घाव दे जाते हैं।
कभी भावनाओं के अतिरेक में बहकर,
बेजुबान से हो जाते हैं, और
कभी बेहिसाब तरतीब से,
धमाकेदार आतिशबाजी सी कर जाते हैं ।।
हर इल्म,अदब और भाषा की नब्ज हैं अल्फ़ाज़,
इंसा का तराशा हुआ अनोखा अंदाज है अल्फ़ाज़,
कुदरत का बक्षा हुआ हसीन तोहफा हैं ये,
और रुमानियत का खजाना हैं अल्फ़ाज़ ।।

## हमारी प्यास का ...



दर्शन सिंह
हैदराबाद

हम साथ रहे थे कभी
हमदर्द बन कर ऐसे
उस वक्त को सोच के
कुछ आराम ही तो है
गुज़र रही है जिंदगी धीरे धीरे ही सही
तेरे लिए इस दिल में
कुछ इकराम ही तो है
थक गया हूं, बस अब और नहीं
कैसे समझाए , मन मसोस कर रह जाते हैं
हमारी प्यास का अंदाज भी अलग है दोस्तों
कभी समंदर को ठुकरा देते हैं
कभी आंसू तक पी जाते हैं
रिमझिम रिमझिम गिरें फुहारें
होती है बरसात प्रिय
माना हम तुम मिल न सकें पर
आओ कर ले बात प्रिय
हाथों में हाथ लिए तारों से दूर निकल जाते थे
न जाने क्यों मटमैली दास्तान
उलझ कर रह जाते हैं
हमारी प्यास का...
अकेलापन लगता अजीब पर
वफादार साथी है मेरा
साथ रहता हरदम मेरे
साथ कभी नहीं छोड़ता मेरा
सब कुछ बदल गया है
आसमान, धरती और चांद सितारे
बदला नहीं तो जीवन मेरा
घंटों दरिया किनारे लहरों संग बतियाते थे
न जाने कैसा मोड़, कैसी प्रीत निभाते हैं
हमारी प्यास का..

## पंछी



हेमंत सुराना,
उदयपुर

पंछी तू घर लौट आ,
एक पल की जिंदगी है
क्यों करता है बहाना,
कहां है तेरा और ठिकाना
उड़ान चाहे तो ऊंची भर,
उन्मुक्त गगन में विचरण कर
खुले आसमान में पंख पसार तू,
बंदिश नहीं, आज़ाद हे तू
कह कर गया था तू ढूंढने दाना,
परेशानियों के बीच हंसने का बहाना
भटकाने वाले भी मिलेंगे,
फुसलाने वाले भी मिलेंगे
तिनका तिनका जोड़ जोड़ कर,
तेरे लिए महल बनाया
घरोंदा छोड़कर ना जा पंछी,
बच्चे कर रहे तेरा इंतजार
पेड़ पौधे करने को सत्कार,
शाम हो गई, पंछी तू लौटआ,
शाम हो गई, पंछी तू लौटआ ।

## तीज



रेणुका अग्रवाल
हैदराबाद

आया तीज का त्यौहार
झूले सारा परिवार,
मन को सुहाए है बौछार,
कर लो पिया जी से प्यार।
सखी सहेली आँगन खेली
आज मिली और हंस ली गाली,
बचपन की अठखेलियां
याद कर सब झूला झूली।
गुझिया लडू खीर बताशा
खाये खाये करे तमाशा
भाभीयन को है खूब सताये
भैया आये साड़ी लाये।
रंग बिरंगी चूड़ियाँ
घाघरा और चोली के संग
देख देख पिया जी
रह जावत है दंगसुगंध।
हाथों मेहंदी खूब रचाई
कान्हा को राधिका पाई
खुश है सब लोग लुगाई
देखो मेहंदी है रंग लाई।
सदा सुहागन मै रहूंगी
माँ से ये वरदान मैं लुंगी
पिया बिन कैसा जीना सखी
सबको मै ये आशीष दूंगी।
अब आए गणेश महाराजा।
जिनके बिन होवे न काजा।
प्रथम पूज्य गणेश हमारे।
विघ्न बाधा दूर करे हर द्वारे।
रंग बिरंगे पोशाक पहनकर।
आए गणपति भक्तों के घर घर।
दस दिन का जमे झमेला।
अनंत चौदस को छोड़ चल देगा।

## मनीषा की अरदास



प्रियंका सौरभ

मत रो माँ, अब मत रो,
तेरी बेटी की आवाज़ हम सब हैं,
न्याय की राह पर चल पड़े,
अब जाग उठा हर जन-जन है...।
गूँजे धरती, गगन गवाह,
अन्याय के विरुद्ध उठे निगाह।
₹भाग गई होगी₹ कहना भूल,
अब टूट चुका हर झूठा फूल।
मनीषा तेरी कसम हमें,
लड़ेंगे जब तक साँस है।
न्याय की ज्वाला जलती रहे,
हर दिल में अब विश्वास है।
मोमबत्तियों का यह सागर,
बन जाए अग्नि का दरिया,
क़ातिलों को सज़ा मिले,
नारी फिर हो न दुःखिया।
मत रो माँ, अब मत रो,
तेरी बेटी की आवाज़ हम सब हैं,
न्याय की राह पर चल पड़े,
अब जाग उठा हर जन-जन है...।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA. Publications. Ltd.
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# ट्रम्प को सपोर्ट कर पछता रहे भारतीय

## टैरिफ से सरकार को फायदा, हमें नुकसान; खतरे में नौकरी

'ट्रम्प की पार्टी में बहुत से ऐसे नेता हैं, जो दूसरे देशों से आने वाले लोगों से नफरत करते हैं। ट्रम्प के करीबी नेता हों या उनके सलाहकार ज्यादातर की सोच प्रवासियों के खिलाफ है। उनके लिए अमेरिका फर्स्ट सबसे बड़ा नारा है और वो उसी पर काम कर रहे हैं। अब पढ़ने या काम करने के लिए भारत से अमेरिका जाना मुश्किल हो गया है। वीजा के लिए लंबी वेटिंग चल रही है।'

अमेरिका में रिपब्लिकन हिंदू कोएलिशन की मेंबर ज्योत्सना शर्मा राजनीति में भी एक्टिव हैं। वो ट्रम्प की समर्थक भी हैं। 2015 में इंडियन अमेरिकन बिजनेसमैन शलभ कुमार ने ये कोएलिशन बनाया। इसका मकसद अमेरिकी राजनीति में हिंदू-अमेरिकन और इंडियन-अमेरिकन कम्युनिटी को रिपब्लिकन पार्टी के साथ जोड़ना रहा। ये ग्रुप अमेरिका में रहने वाले भारतीयों के लिए लॉबिंग करता है। इसका काम वहां भारतीयों के मुद्दे उठाना और भारत-अमेरिकी संबंधों को मजबूत करना है। अमेरिका में ट्रम्प के चुनाव प्रचार में रिपब्लिकन हिंदू कोएलिशन ने जमकर मेहनत की। रिपब्लिकन पार्टी की नीतियों का समर्थन किया। ट्रम्प को राष्ट्रपति बने करीब 8 महीने का वक्त बीच चुका है, लेकिन अब तक अमेरिका में रहने वाले उन भारतीयों के हाथ निराशा ही लगी है, जिन्होंने ट्रम्प के लिए प्रचार किया और फंडिंग की।

ज्योत्सना शर्मा करीब 20 साल से अमेरिका में रह रही हैं। अभी वो न्यूजर्सी में IT प्रोफेशनल हैं। ज्योत्सना बताती हैं, 'अमेरिका में इंडियन स्टूडेंट स्टडी वीजा लेकर आ जाते हैं। हालांकि, उनका मकसद यही होता है कि वो अमेरिका में ही बस जाएं। इसके लिए कई बार वो अमेरिकन से शादी करके सिटिजनशिप लेना चाहते हैं।'

'भारत से पढ़ने आए ज्यादातर स्टूडेंट सोचते हैं कि उन्हें कोई नौकरी मिल जाएगी, लेकिन ज्यादातर खाली घूम रहे हैं। नामी कॉलेजों से पढ़कर आए स्टूडेंट भी अपने सीवी लेकर घूम रहे हैं, क्योंकि यहां जॉब मार्केट की हालत बहुत खस्ता चल रही है। टैरिफ बढ़ने की वजह से महंगाई बढ़ने की आशंका है। हाउसिंग मार्केट में भी सुस्ती है।'

ज्योत्सना बताती हैं, 'अमेरिका में अगर कोई भी स्टूडेंट वीजा की तय मियाद से ज्यादा रुकता है तो सरकार ने उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्हें भी डिपोर्ट करने की तैयारी चल रही है। वीजा रिजेक्शन पहले की तुलना में बहुत ज्यादा होने वाले हैं।'

**'भारतीयों के लिए वीजा मुश्किल हुआ, नौकरी पर भी संकट'**

ज्योत्सना खुद भी अमेरिकन IT कंपनी में बिजनेस डेवलपमेंट डायरेक्टर के तौर काम करती हैं। वो बताती हैं, 'बाइडेन सरकार के वक्त हमारी कंपनी को कई सरकारी कॉन्ट्रैक्ट्स मिले थे। अब जब कॉन्ट्रैक्ट नहीं मिलता तो कंपनी का बिजनेस नहीं होता और नौकरियां जाती हैं। अमेरिका में बड़े पैमाने पर लोगों की नौकरियां जा रही हैं।'

'H1-B वीजा पहले लॉटरी सिस्टम पर आधारित था। लिहाजा कम सैलरी वालों को भी H-1B वीजा मिल जाता था। कई भारतीय कम सैलरी पर भी काम करते थे और ओवरवर्क करते थे। इसकी वजह से 9 से 5 की जॉब करने वाले अमेरिकियों को दिक्कत होती थी। उन्हें नौकरी से निकाला जाने लगा था। अब नियमों में बदलाव होगा तो H-1B वीजा सिर्फ ज्यादा सैलरी वालों को मिलेगा।'

23 साल के मनप्रीत सिंह दो साल से अमेरिका में पढ़ाई कर रहे हैं। मनप्रीत ने भी पढ़ाई के रास्ते अमेरिका में बसने का प्लान बनाया था, लेकिन वीजा को लेकर बदल रहे नियमों से वो निराश हैं। वो कहते हैं, 'मैं जब अमेरिका आया था, तब बाइडेन प्रेसिडेंट थे। उम्मीद थी कि वीजा एक्सटेंशन मिल जाएगा और हम यहां नौकरी कर सकेंगे। बाद में ग्रीन कार्ड लेकर यहीं रह जाएंगे, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। अभी यहां जो भी भारतीय रह रहे हैं, उन्हें महसूस करा दिया गया है कि पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्हें अपने देश लौटना ही होगा।'



अमेरिका में जॉब के लेवल पर भी अब काफी चैलेंज है। आमतौर पर अमेरिका में पढ़ने जाने वाले स्टूडेंट्स पढ़ाई के साथ-साथ पार्ट टाइम जॉब भी करते हैं, ताकि अपना खर्च निकाल सकें। अब जॉब मार्केट में इतनी दिक्कत है कि फुलटाइम भी जा रही हैं। अमेरिका में वकालत पेशे से जुड़े 34 साल के एक युवा को डर है कि कहीं उनका अमेरिका में रहना मुश्किल ना हो जाए या उन पर कोई कार्रवाई ना हो जाए। वे कहते हैं, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि अमेरिका में रहते हुए हमारे आजादी से बोलने पर भी पाबंदी जैसी कोई बात हो सकती है। डर का माहौल इतना ज्यादा है कि कोई कुछ खुलकर नहीं बोल सकता, खासतौर पर भारतीय।' '

अंकुश भंडारी चंड़ीगढ़ के हैं। वो भी करीब 20 साल से अमेरिका में रह रहे हैं। अंकुश अमेरिका में स्थायी तौर पर रहते हैं और IT इंडस्ट्री में काम करते हैं। शुरू में वो वर्क वीजा पर अमेरिका आए थे, फिर ग्रीन कार्ड हासिल कर लिया। अंकुश ना सिर्फ ट्रम्प की नीतियों के समर्थक रहे हैं, बल्कि रिपब्लिकन पार्टी के भी मेंबर हैं। उन्होंने अमेरिका के चुनाव प्रचार में भी प्रमुखता से काम किया है। वो कहते हैं, 'ट्रम्प के दूसरे टर्म में कुछ बदलाव जरूर आए हैं। अगर कोई मेयर या गवर्नर ही बदल जाता है तो जिंदगी पर असर पड़ता है, ऐसे में जब नया प्रेसिडेंट आएगा तो बदलाव होने में कोई ताज्जुब नहीं है।

'वहीं जो ग्रीन कार्ड या सिटीजनशिप लेने की प्रक्रिया के बीच में हैं। उन्हें भी थोड़ी टेंशन हो रही है कि ऐसा कोई कानून ना आ जाए जिससे उनका प्रोसेस रुक जाए और उन्हें भारत लौटने के लिए मजबूर होना पड़े। टैरिफ वॉर को समझाते हुए अंकुश कहते हैं, 'टैरिफ वॉर से सरकार को करोड़ों डॉलर्स का फायदा हो रहा है, लेकिन आम लोगों को तो फिलहाल नुकसान ही होगा। लॉन्ग टर्म में फायदा हो सकता है जब कंपनियां यहां आएंगी।' अंकुश कहते हैं, 'हालांकि महंगाई बढ़ गई है। पहले मैं जो ग्रॉसरी 40-45 डॉलर में ले आता था, उसके लिए अब 55-60 डॉलर तक खर्च करने पड़ते हैं। अंकुश कहते हैं, 'डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी की वजह से कई सरकारी विभागों से लोगों को नौकरियों से निकाला गया है। इससे सरकारी विभागों के कामकाज में फुर्ती आई है। वो पहले के मुकाबले ज्यादा एफिशिएंट (दक्ष) हो गए हैं।' ट्रम्प के दौर में कानून व्यवस्था में तेजी से सुधार आ रहा है।'

अमेरिका के लॉस एंजिलस में रहने वाले शयान अली पाकिस्तान के सिंध प्रांत से हैं। हालांकि, वो खुद को पाकिस्तानी नहीं मानते। सिंधी कहलाना पसंद करते हैं। शयान पाकिस्तान की इंटेलिजेंस एजेंसी ISI के सताए हुए हैं। अब उन्होंने इस्लाम छोड़कर हिंदू धर्म अपना लिया और कृष्ण की भक्ति में लगे रहते हैं।

शयान रिपब्लिकन पार्टी के लॉस एंजिलस में यूथ सेक्रेटरी हैं। वे ट्रम्प और रिपब्लिकन पार्टी के कट्टर समर्थक हैं। शयान कहते हैं, 'कोई किसी भी देश का रहने वाला हो, अगर वो अमेरिका में गैरकानूनी तरीके से आया है तो उसे वापस जाना ही होगा। अगर कोई स्टूडेंट वीजा, विजिटर वीजा, H1-B वीजा पर आ रहा है तो कानूनी रूप से आने वालों को कोई मनाही नहीं है। अगर कोई अमेरिका आकर उसी के खिलाफ गतिविधियों में शामिल होगा, फिलिस्तीन का समर्थन करेगा तो उसे दिक्कत हो सकती है। अगर हम ट्रम्प के दूसरे टर्म और ओबामा के पहले टर्म की तुलना करें तो जितने लोगों को ओबामा ने डिपोर्ट किया था, अभी आंकड़ा उससे काफी कम है।

जवाब में शयान कहते हैं, 'ट्रम्प वही सब कर रहे हैं, जो वादे उन्होंने चुनाव से पहले किए थे। अमेरिका में जो काम करने या पढ़ने आ रहा है, उसके लिए जरूरी है कि वो अमेरिकी कानूनों का पालन करे। आप जिस थाली में खा रहे हो, उसमें छेद नहीं करना चाहिए। अमेरिका ने पूरी दुनिया के लोगों का स्वागत किया, अमेरिका तो देश ही प्रवासियों का है।'

भारत सरकार के मार्च में संसद में दी जानकारी के मुताबिक, जनवरी 2025 के बाद से अब तक 388 भारतीयों को डिपोर्ट किया है, जिनमें से 333 सीधे चार्टर्ड उड़ानों से और 55 कॉमर्शियल फ्लाइट्स से आए थे। जनवरी 2025 से जुलाई तक कुल 1,703 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया। यानी रोजाना 8 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया, जो बाइडेन प्रशासन की तुलना में तीन गुना ज्यादा है। हमने इसे लेकर रिपब्लिकन पार्टी में भारतीय मूल के लीडर्स से भी बात की। नाम ना छापने की शर्त पर वो बात करने को राजी हुए। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के लिए इलेक्शन फंड भी रेज किया और चुनाव प्रचार में शामिल रहे। करीब 20 साल से वो रिपब्लिकन पार्टी से जुड़े हैं। उन्होंने बताया, 'पहले की बाइडेन सरकार भारतीयों के प्रति इतनी सख्ती नहीं करती थी। अब तो अगर किसी भी स्टूडेंट के खिलाफ ट्रैफिक से जुड़ा कोई छोटा-मोटा मामला भी हो तो पुलिस उसके पीछे पड़ जाती है। मुझे पता चला है कि करीब 5 करोड़ लोगों को इस तरह से डिपोर्ट करने की तैयारी चल रही है।'

ट्रम्प के आखिरी इलेक्शन में इंडियन अमेरिकन कम्युनिटी ने ट्रम्प के लिए कोई खास फंड रेजिंग नहीं की। इसकी वजह से ट्रम्प नाराज हैं। वहीं भारतीय मूल के न्यूजर्सी के नेताओं का कहना है कि वो ट्रम्प प्रशासन के संपर्क में हैं और उनके साथ बैठकें भी कर रहे हैं। वो कहते हैं 'हमारी कोशिश है कि भारत और अमेरिका के बीच चल रहे तनाव को कम किया जाए। हम ट्रम्प के सलाहकारों को भी समझाने की कोशिश कर रहे हैं।'

'पता नहीं ट्रम्प के मौजूदा सलाहकार कौन सा इतिहास पढ़कर आए हैं। भारत और अमेरिका के पिछले कुछ सालों से बहुत अच्छे संबंध रहे हैं, लेकिन वो उसे पीछे ले जा रहे हैं। अमेरिका में हर काम लॉबिंग के जरिए होता है, जिसमें मोटा पैसा खर्च करना होगा।

## सोने में क्या जाता है?

**डॉ टी महादेव राव**

सुबह की सैर के बाद समुद्र के किनारे मैं और छोटू रेत में बैठे थे। उठती गिरती आती-जाती लहरें सुबह-सुबह के सूरज की किरणें पड़कर कहीं चांदी सी तो कहीं सोने सी मनोहारी लग रही थीं। मैंने छोटू से पूछा इन आती-जाती लहरों को देखकर तुम्हें क्या लगता है छोटू?

भैया! छोड़िए। कहूंगा तो कहोगे हमेशा एक ही बात बोलता है।

तो अच्छा है न? बोलो!

बोलता हूं। पहले आप बताइए आपको क्या लग रहा है? छोटू! मुझे लगता है समुद्र के पानी पर दूर-दूर तक चांदी और सोने की वर्क़ लगी हुए है, जो कि लहरों के साथ उठती गिरती और एक अनोखी सुंदरता को सहेज रही है।

भैया! आपको पता है दस ग्राम सोने की कीमत लगभग एक लाख रुपए हो गई है और चांदी भी महंगा हो रहा है और ऐसे में आपको समुद्र की लहरों पर गिरती पड़ती किरणें सोने और चांदी का एहसास करा रही है?

कल्पना करने में क्या जाता है छोटू? अगर चांदी और सोना आसमान छू रहे हैं तो हमारी कल्पना आसमान से भी ऊंची हुआ करती है। स्वाभाविक है हम ऊंचा ही सोचेंगे। खैर! तुम बताओ! तुम्हें क्या लगता है इन लहरों को देखकर? भैया मुझे आती हुई लहरों को देखकर ऐसा लगता है महंगाई पूरी रफ्तार से हमारी ओर आ रही है और जब लहरें लौटती हैं तब लगता है आई हुई महंगाई हमारी सारी कमाई समेटकर वापस ले जा रही है। समुद्र पर जो आप सोना और चांदी देख रहे हैं मुझे लगता है कि मध्यम वर्ग की पहुंच से चांदी और सोना दूर जा रहे हैं।

देखो छोटू! कभी-कभी कल्पनाओं में खो जाना इसलिए भी जरूरी है कि दुख दर्द से कुछ निजात मिले। जैसे कहते हैं न कि दिल बहलाने के लिए ग़ालिब यह ख्याल अच्छा है। भले ही तुम इसे पलायनवाद कहो या कोई और नाम दो। दुख, दर्द, पीड़ा, समस्या में हमें कल्पनाएं थोड़ी देर के लिए अलग दुनियां में ले जाती है और आराम देती हैं। इस दुनिया से दूर कहीं और ले जाती हैं। आपका कहना सही है भैया! लेकिन हम कहां तक भागेंगे? यह महंगाई और समस्याओं का कबंध राक्षस पता नहीं कब अपनी बाहों में हमें कस ले और हम वहीं दम तोड़ दें। नए-नए कर , नए-नए जीसटी । अब देखिए न वेतन से आयकर पहले ही काट लिया जाता है। वेतन जब घर आता है तो हर एक बिल पर, हर खरीदी, हर एक व्यय पर जीएसटी अलग से दुकान वाले तो देते ही हैं, ग्राहक को भी देना पड़ता है।

## श्राइन बोर्ड की चूक से मारे गए 35 यात्री

'मौसम विभाग की क्लियर एडवाइजरी थी कि तेज बारिश होगी। इसके बाद भी श्राइन बोर्ड ने वैष्णो देवी यात्रा नहीं रोकी। अगर बोर्ड एडवाइजरी मान लेता, तो इतने लोग नहीं मरते। यहां स्कूल, कॉलेज, इंस्टीट्यूट सब बंद हैं, तो यात्रा क्यों नहीं रोकी गई। हमारे पास ऑन रिकॉर्ड सबूत हैं कि बोर्ड ने सोमवार (25 अगस्त) को यात्री आगे भेजे थे। हादसे से एक-डेढ़ घंटे पहले यात्रा बंद की गई।'

ये दावा करने वाले बलदेव ठाकुर कटरा की पुष्पांजलि पंचायत में रहते हैं। उनका घर वैष्णो देवी जाने वाले ट्रैक के करीब है। 26 अगस्त को घर के पास अर्धकुंवारी में बादल फटने से लैंडस्लाइड हुई। 35 लोग मारे गए। बलदेव इसके लिए श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड को जिम्मेदार मानते है। श्राइन बोर्ड वैष्णो देवी मंदिर का मैनेजमेंट देखने के साथ, पूरे साल चलने वाली यात्रा के लिए नियम तय करता है। मौसम विभाग ने 25 और 26 अगस्त के लिए जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश, बादल फटने और लैंडस्लाइड का अलर्ट जारी किया था। अगले 7 दिन भी भारी बारिश की चेतावनी दी थी। लोगों को सलाह दी गई कि वे तेज बारिश के दौरान घर में रहें। पेड़ों के नीचे छिपने से बचें। गैरजरूरी यात्रा न करें। ऐसी ही एडवाइजरी सरकार ने भी जारी की। इसके बाद स्कूल, कॉलेज और बाकी इंस्टीट्यूट बंद कर दिए गए।

आरोप है कि इतनी क्लियर एडवाइजरी के बावजूद श्राइन बोर्ड ने यात्रा नहीं रोकी। 26 अगस्त को दोपहर करीब 3 बजे वैष्णो देवी मंदिर से 6 किमी दूर लैंड स्लाइड हुई और यात्री इसकी चपेट में आ गए। तेज बारिश के दौरान जोरदार धमाके के साथ पहाड़ से मलबा और भारी पत्थर ट्रैक पर आकर गिरे। शुरुआत में 6 मौतों की खबर आई, लेकिन धीरे-धीरे



अर्धकुंवारी में चित्र बाणगंगा के एंट्री गेट की है, जहां अब सन्नाटा है।

मरने वाले बढ़कर 35 हो गए। 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। अब हादसे के बाद यात्रा रोक दी गई है। हादसे के वक्त मौजूद बलदेव ठाकुर बताते हैं, 'ये हादसा हमारी पंचायत में हुआ है। मैं उस वक्त वहीं था। हम घायलों को डिस्पेंसरी ले गए और उनका इलाज कराया। फिर कटरा और नारायणा भेजा। डेडबॉडी लेकर कटरा गए।'

ये बात बताते हुए बलदेव के चेहरे पर गुस्सा साफ दिखता है। वे कहते हैं, 'मौसम विभाग ने कहा था कि बारिश होगी, लेकिन श्राइन बोर्ड किसी की बात नहीं मानता। उन्होंने सारे पहाड़ छलनी कर दिए हैं। कुछ दिन पहले वैष्णो देवी की गुफा के नीचे बड़ा पत्थर गिरा था। इन्होंने किसी को नहीं बताया। बाणगंगा में यात्री मरे, एक लोकल आदमी मरा। वे कोई एडवाइजरी नहीं मानते। अधिकारी सलाह की अनदेखी करते रहते हैं। अगर उन्होंने समय पर कार्रवाई की होती, तो इतनी बड़ी आपदा टाली जा सकती थी।' 'कड़ी सुरक्षा जांच, टोल और निगरानी का सिस्टम होना चाहिए, ताकि यह तय हो सके कि एक बार में कितने यात्रियों को जाने की इजाजत है। इस लापरवाही के लिए श्राइन बोर्ड को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। उनके खिलाफ कार्रवाई होने तक हम आवाज उठाते रहेंगे।'

श्री माता वैष्णो देवी (रियासी) सीट से विधायक बलदेव राज शर्मा भी श्राइन बोर्ड पर सवाल उठाते हैं। वे कहते हैं, 'रेड अलर्ट की एडवाइजरी तो सभी के लिए जारी की गई थी। सरकार भी कह रही थी। ये प्रशासन और श्राइन बोर्ड की भूल है। इस भूल का नतीजा ये निकला है।' 'हमने पूछा कि यात्रा बंद थी, तो आपने लोगों को जाने क्यों दिया। इस पर उनका जवाब था कि लोग नीचे से ऊपर नहीं गए, ये तो वापस आने वाले लोग थे। यात्रा बंद करने की वजह से उन्हें रोका गया था। इसलिए एक जगह इतने लोग जमा थे।' श्राइन बोर्ड पर लगे आरोपों पर हमने बोर्ड के CEO सचिन कुमार वैश्य से बात करने की कोशिश की, लेकिन उनका फोन अनरीचेबल आया। उनसे बात होते ही स्टोरी में बोर्ड का पक्ष शामिल करेंगे। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी सवाल उठाया है कि जब आपदा की चेतावनी दी गई थी, तब अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों को क्यों नहीं रोका। उन्होंने कहा कि हमें इस बारे में बाद में बात करनी होगी।

## अजब प्रेम की गजब कहानी: ट्रेन में पहली नजर में प्यार, 24 घंटे में शादी

**इंदौर की श्रद्धा तिवारी केस में अभी कई ट्विस्ट**

माला बेचने वाली से एक्ट्रेस बनी मोनालिसा, पति राजा रघुवंशी की हत्या की आरोपी सोनम रघुवंशी, फिर अचानक लापता हुई अर्चना तिवारी और अब श्रद्धा तिवारी की शादी। इंदौर में एक के बाद ऐसी घटनाएं हो रही हैं, जो पूरे देश में सनसनी मचा रही है। श्रद्धा तिवारी वाला केस भी फिल्मी कहानी की तरह रोमांच, रोमांस और सस्पेंस वाला है।

6 दिनों तक लापता रही इंदौर की श्रद्धा तिवारी के घर लौटने के बाद यह केस सुलझने के बजाय उलझ ही गया। लापता होने से बरामद होने तक की कहानी में प्यार, धोखा और फिर 24 घंटे के भीतर अजनबी से शादी जैसे अजब-गजब ट्विस्ट हैं। श्रद्धा तिवारी और उसके पिता ने जो घटनाक्रम बताया, उससे यह किसी फिल्म की स्क्रिप्ट जैसी लगती है। इस स्टोरी में क्लाईमैक्स अभी बाकी है, क्योंकि पापा अनिल तिवारी इस शादी को कबूल करने को तैयार नहीं है। इसके अलावा भी कई सवाल अनसुलझे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि घर से भागी हुई कोई लड़की सिर्फ पांच दिनों में कथित प्रेमी सार्थक को भूलकर नए लड़के करणदीप योगी से शादी कैसे कर सकती है? 23 अगस्त की दोपहर करीब 2 बजे श्रद्धा तिवारी बिना बताए घर से निकल गई। उसने अपना मोबाइल फोन घर पर छोड़ दिया, ताकि कोई उसे ढूंढ नहीं सके। लापता होते ही घर में हंगामा मचा। सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए तो वह लाल टी-शर्ट और जींस में लोटस चौराहे से विजय नगर की ओर जाती दिखी। घरवालों से पूछताछ करने पर पता चला कि उसका सार्थक गहलोत से अफेयर था। इस बात पर घर में काफी हंगामा भी हुआ था। पुलिस ने 24–25 अगस्त को सार्थक से पूछताछ की। गुमशुदगी से शुरू हुई स्टोरी में पहला ट्विस्ट तब आया जब सार्थक ने बताया श्रद्धा से उसका संपर्क नहीं है। श्रद्धा ने



उसका नंबर ब्लॉक कर रखा है। जिस प्रेमी से शादी के लिए श्रद्धा घरवालों से लड़ रही थी, उसे भी कुछ पता नहीं था। 26 अगस्त को बेटी के लिए चिंतित अनिल तिवारी ने श्रद्धा का पता बताने वाले के लिए 51 हजार रुपये का ऐलान कर दिया। उन्होंने फोटो उल्टा टांगने वाला टोटका भी आजमाया। सोनम रघुवंशी की गुमशुदगी के दौरान भी उसके घर वालों ने उल्टी तस्वीर घर के चौखट पर लगाई थी। फिर श्रद्धा के पापा ने सीएम से बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई। पुलिस तो उसने तलाशने में जुटी ही थी। 28 अगस्त की रात पुलिस को जानकारी मिली कि श्रद्धा मंदसौर में है और उसने अपने माता-पिता से संपर्क किया। उसने पापा से मैरिज रजिस्टर्ड कराने के लिए घर में रखे डॉक्युमेंट्स मांगे। पापा ने समझाया कि वह इंदौर आ जाए, जहां धूमधाम से शादी करेंगे।

इंदौर आने से पहले श्रद्धा ने एक वीडियो वायरल किया, जिसमें वह महेश्वर के मंदिर में करणदीप योगी के साथ नजर आई। वीडियो में उसने बताया कि उसने अपनी मर्जी से करण योगी से शादी की है। पिता के समझाने पर करण और श्रद्धा मंदसौर से जावरा की ओर चले। जावरा में अनिल तिवारी अपनी बेटी को रिसीव करने वाले थे। मंदसौर स्टेशन से भी श्रद्धा ने एक वीडियो बनाया, जिसमें उन्होंने बताया कि अगर उन्हें कुछ हुआ तो इसके लिए जिम्मेदार उसके पापा और मामा होंगे। उनके पास पैसे नहीं थे, तो अनिल तिवारी ने ही 500 रुपये भेजे। 29 अगस्त की सुबह श्रद्धा और करणदीप सीधे इंदौर के एमआईजी थाने पहुंचे, जहां पिता भी मौजूद थे। अब थाने में श्रद्धा तिवारी ने घर से जाने से लेकर शादी की कहानी सुनाई, जिसे सुनकर 'जब वी मेट' फिल्म याद आ जाएगी। श्रद्धा ने बताया कि वह 23 अगस्त को अपने प्रेमी सार्थक गहलोत के बुलाने पर स्टेशन पहुंची थी। दोनों का प्लान घर से भागकर शादी करने का था। मगर सार्थक स्टेशन पर नहीं आया तो वह नाराज होकर एक ट्रेन पकड़कर रतलाम चली गई। उसने दावा किया कि धोखा मिलने के गम में उसने सुसाइड करने की कोशिश की, मगर फिल्मी अंदाज में करणदीप योगी की एंट्री हो गई। उसने काउंसलिंग की तो पहली नजर में प्यार हो गया। फिर सुसाइड का प्लान कैंसल करते हुए तुरंत करणदीप से शादी से प्लानिंग कर ली। दोनों खरगोन होते हुए महेश्वर पहुंचे, जहां चौली गांव के मंदिर में शादी कर ली। इस गांव में करण की मौसी रहती है। शादी के बाद 22 साल की श्रद्धा ने भी अपनी मांग में सिंदूर भरकर वीडियो बनाया। शादी के बाद करणदीप अपनी पत्नी को लेकर पैतृक घर पालिया ले गया। वहां से श्रद्धा ने अपने पिता से किसी और के फोन से बात की। बाकी की कहानी पहले ही हम इस स्टोरी में बता चुके हैं। थाने में बयान देने के बाद वह पति का हाथ थामकर चली गई। एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह और एमआईजी टीआई सीबी सिंह ने श्रद्धा के बयान की पुष्टि की है।

# पुतिन दिसंबर में भारत दौरे पर आएंगे

## यूक्रेन युद्ध के बाद पहली इंडिया विजिट सोमवार को चीन में पीएम मोदी से मिलेंगे

मॉस्को/नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। रूसी राष्ट्रपति पुतिन इस साल दिसंबर में भारत आएंगे। रूस के राष्ट्रपति ऑफिस क्रेमलिन ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पुतिन का यह पहला भारत दौरा होगा।

यह यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब भारत और रूस अपनी साझेदारी को और मजबूत कर रहे हैं, जबकि अमेरिका भारत पर रूस से तेल खरीदने की वजह से आर्थिक दबाव बढ़ा रहा है।

पुतिन सोमवार को चीन में होने वाली एससीओ समिट के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे। इस दौरान उनकी भारत यात्रा की तैयारियों पर भी चर्चा होगी। रूस की तरफ से यह घोषणा तब आई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत के निर्यात पर कुल 50% टैरिफ लगाए हैं। इसमें से 25% एक्स्ट्रा टैरिफ रूसी तेल खरीदी की वजह से लगाया गया है। अमेरिका का कहना है कि इससे रूस को यूक्रेन युद्ध जारी रखने में मदद मिल रही है।



भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने इस महीने की शुरुआत में मॉस्को यात्रा के दौरान क्रेमलिन में पुतिन से मुलाकात की थी। यह मुलाकात सुरक्षा, आर्थिक और ऊर्जा सहयोग पर द्विपक्षीय वार्ता के लिए हुई थी।

इस दौरान भारतीय एनएसए ने कहा था कि हमारा रिश्ता बहुत खास और पुराना है। हम अपनी रणनीतिक साझेदारी को बहुत महत्व देते हैं। हमें राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा की खबर से बहुत खुशी है। तारीखें लगभग तय हो चुकी हैं।

पुतिन ने आखिरी बार 06 दिसंबर 2021 में भारत की यात्रा की थी। तब वे सिर्फ 4 घंटे के लिए भारत आए थे। इस दौरान भारत और रूस के बीच 28 समझौते पर दस्तखत हुए थे। इसमें मिलिट्री और तकनीकी समझौते थे।

दोनों देशों ने 2025 तक 30 अरब डॉलर (2 लाख 53 हजार करोड़ रुपए) सालाना ट्रेड का टारगेट रखा था। इस विजिट से दोनों देशों के बीच 2030 के लिए नए आर्थिक रोडमैप को आगे बढ़ाने की उम्मीद है।

भारत और रूस अपने बाइलेट्रल ट्रेड को दोगुना करके सालाना 100 अरब डॉलर से ज्यादा करने पर सहमत हुए हैं। फिलहाल दोनों देशों के बीच करीब 60 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार है।

पीएम मोदी ने साल 2024 में दो बार रूस की यात्रा की थी। वे ब्रिक्स समिट के लिए 22 अक्टूबर को रूस गए थे। इससे पहले जुलाई में भी मोदी ने दो दिन का रूस दौरा किया था। तब उन्होंने पुतिन को भारत आने का न्योता दिया था। मार्च 2023 में आइसीसी ने पुतिन के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया था। कोर्ट ने यूक्रेन में बच्चों के अपहरण और डिपोर्टेशन के आरोपों के आधार पर पुतिन को वॉर क्राइम्स के लिए जिम्मेदार माना था।

# अमेरिकी कोर्ट ने ट्रम्प के ज्यादातर टैरिफ को गैर-कानूनी बताया

## फिलहाल रोक नहीं, ट्रम्प बोले- टैरिफ हटे तो अमेरिका बर्बाद हो जाएगा

वॉशिंगटन, 30 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका की एक अपील कोर्ट ने ट्रम्प के ज्यादातर टैरिफ को गैरकानूनी बताया है। कोर्ट का कहना है कि ट्रम्प ने इन टैरिफ को लागू करने के लिए जिस कानून का सहारा लिया, वह उन्हें यह अधिकार नहीं देता।

कोर्ट ने कहा कि ट्रम्प के पास हर आयात पर टैरिफ लगाने की असीमित शक्ति नहीं है। हालांकि, कोर्ट ने इस फैसले को अक्टूबर तक लागू करने से रोक दिया है, ताकि ट्रम्प सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सकें।

ट्रम्प ने इस फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि अगर ये टैरिफ हटे, तो अमेरिका बर्बाद हो जाएगा।

**कोर्ट बोला- टैरिफ लगाने की शक्ति संसद के पास**

ट्रम्प ने चीन, कनाडा, मेक्सिको जैसे देशों पर व्यापार घाटे और अन्य कारणों से टैरिफ लगाए थे। उन्होंने तर्क दिया था कि अमेरिका का व्यापार घाटा ही राष्ट्रीय आपातकाल है।



ट्रम्प ने इन कानूनों को अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम (आईईईपीए) के तहत सही ठहराया था। उनका कहना था कि व्यापार असंतुलन अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है और इसलिए उन्होंने व्यापार पर 'नेशनल इमरजेंसी' घोषित कर टैरिफ लगाए।

अब कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया और कहा कि शुल्क लगाना राष्ट्रपति के अधिकार में नहीं आता, यह शक्ति केवल संसद के पास है।

7-4 के बहुमत से दिए गए इस फैसले में अदालत ने साफ लिखा कि 1977 में जब कांग्रेस ने आईईईपीए कानून बनाया था, तब उसका मकसद राष्ट्रपति को बिना सीमा के शुल्क लगाने की ताकत देना नहीं था।

यह फैसला छोटे व्यवसायों और अमेरिकी राज्यों के गठबंधन द्वारा दायर मुकदमों पर आया है। कोर्ट ने कहा कि ट्रम्प 150 दिनों तक 15% टैरिफ लगा सकते हैं, लेकिन इसके लिए ठोस कारण चाहिए।

फैसले में कहा गया कि आईईईपीए में 'टैरिफ' शब्द का कहीं जिक्र नहीं है और न ही इसमें राष्ट्रपति के अधिकारों पर कोई स्पष्ट सीमा तय की गई है। कोर्ट ने यह भी कहा कि जब संसद चाहती है कि राष्ट्रपति को शुल्क लगाने का अधिकार दिया जाए, तो वह इसे कानून में साफ-साफ लिखती है।

**भारत पर ट्रम्प ने 50% टैरिफ लगाया**

ट्रम्प प्रशासन ने भारत पर 50% टैरिफ लगाया है, जो 27 अगस्त से लागू हो गया है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की रिपोर्ट के मुताबिक, यह नया टैरिफ भारत के लगभग 5.4 लाख करोड़ के एक्सपोर्ट को प्रभावित कर सकता है।

50% टैरिफ से अमेरिका में बिकने वाले कपड़े, जेम्स-ज्वेलरी, फर्नीचर, सी फूड जैसे भारतीय प्रोडक्ट्स महंगे हो जाएंगे। इससे इनकी मांग में 70% की कमी आ सकती है।

चीन, वियतनाम और मेक्सिको जैसे कम टैरिफ वाले देश इन सामानों को सस्ते दाम पर बेचेंगे। इससे भारतीय कंपनियों की अमेरिकी बाजार में हिस्सेदारी कम होगी।

# इंडोनेशिया में प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन में आग लगाई

## 3 लोगों की मौत, 5 घायल, पुलिस ने ड्राइवर को कुचला, विरोध तेज



नूसंतारा, 30 अगस्त (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के मकासर शहर में शुक्रवार रात प्रदर्शनकारियों ने क्षेत्रीय संसद भवन में आग लगा दी। इस हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई और 5 लोग घायल हो गए।

मकासर शहर परिषद के सचिव राहमत मप्पाटोबा ने प्रदर्शनकारियों पर भवन में आग लगाने का आरोप लगाया। आग लगने के बाद कुछ लोग इमारत से कूदने की कोशिश में घायल हुए।

इंडोनेशिया में शुक्रवार से कई शहरों में बड़े प्रदर्शन हो रहे हैं। दरअसल, शुक्रवार को पुलिस के एक वाहन ने मोटरसाइकिल से जा रहे डिलीवरी ड्राइवर को कुचल दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी।

इसके बाद लोगों ने सरकारी अधिकारियों और उन्हें मिलने वाली सुविधाओं के खिलाफ प्रदर्शन तेज कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस और सरकारी इमारतों पर पत्थर और पटाखे फेंके, जबकि पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया।

ड्राइवर की मौत के मामले में सात अधिकारियों को हिरासत में लिया गया है। खबरों के मुताबिक, इन प्रदर्शनों में 200 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

# अमेरिका ने भारत को नहीं देने दिए थे इजरायली एरो-2 एयर डिफेंस

## एडब्ल्यूएसीएस, अब रूसी हथियारों के लिए तरेर रहा आंखें

वॉशिंगटन, 30 अगस्त (एजेंसियां)। डोनाल्ड ट्रंप इसलिए आगबबूला हैं क्योंकि भारत रूस से कच्चा तेल और हथियार खरीदता है। लेकिन वो भूल जाते हैं कि इस अमेरिका ने हमेशा भारत के साथ डबल स्टैंडर्ड की नीति अपनाई है। भारत ने रूस से इसलिए हथियार खरीदा, क्योंकि रूस ने भारत को बिना किसी शर्त के साथ हथियार बेचे। लेकिन अमेरिका ने क्या किया.. अमेरिका ने वीटो कर इजरायल को भी भारत को हथियार बेचने से रोक दिया था। 1990 और 2000 के दशक से ही भारत टू फ्रंट वॉर के खतरों से जूझने लगा था। कारगिल युद्ध के बाद पाकिस्तान से खतरा लगातार बना हुआ था तो चीन ने भी तिब्बत से लगती सीमाओं पर निर्माण शुरू कर दिया था। ऐसे में भारत को एडवांस हथियारों की जरूरत थी।



पाकिस्तान ने कारगिल युद्ध के बाद चीन की मदद से बैलिस्टिक मिसाइलों का निर्माण शुरू कर दिया था। उसकी शॉर्ट एंड मीडियम रेंज बैलिस्टिक मिसाइलों ने भारत को असुरक्षित बनाना शुरू कर दिया था। चीन लगातार पाकिस्तान को टेक्नोलॉजी दे रहा था। ऐसे में भारत को तत्काल एडवांस स्तर के एयर डिफेंस सिस्टम की जरूरत थी। उस वक्त तक इजरायल ने अमेरिका की मदद से एडवांस एरो-2 थियेटर मिसाइल डिफेंस सिस्टम को डेवलप कर लिया था। भारत चाहता था कि इजरायल उसे एरो-2 डिफेंस सिस्टम बेचे।

**अमेरिका ने कैसे इजरायल को एरो-2 बेचने से रोका?**

एरो-2 उस वक्त का दुनिया के सबसे एडवांस एयर डिफेंस सिस्टम में से एक था। इसमें शॉर्ट और मीडियम-रेंज बैलिस्टिक मिसाइलों को 300 किलोमीटर तक की रेंज में मार गिराने की क्षमता थी। भारत के लिए ये एक परफेक्ट एयर डिफेंस सिस्टम साबित होने वाला था। भारत ने इजरायल से इस एयर डिफेंस सिस्टम को खरीदने के लिए बात की थी और इजरायल भारत को बेचना भी चाह रहा था, लेकिन अमेरिका ने वीटो लगाकर इजरायल को डिफेंस समझौता करने से रोक दिया। चूंकि इजरायल ने अमेरिका के साथ मिलकर इसे डेवलप किया था, इसलिए बिना अमेरिका की मंजूरी के ये डील संभव नहीं थी। अमेरिका ने एरो-2 डील को ब्लॉक करने के पीछे दलील देते हुए कहा था कि भारत, मिसाइल टेक्नोलॉजी कंट्रोल रिजन (एमटीसीआर) का सदस्य नहीं है और ऐसे हथियारों का निर्यात क्षेत्रीय अस्थिरता को बढ़ावा देगा, जबकि दूसरी तरफ पाकिस्तान, चीन की मदद से लगातार बैलिस्टिक मिसाइलों का निर्माण कर रहा था।

# सिंगापुर में भारतीय नागरिक को जेल की सजा

## सड़क दुर्घटना में लॉ प्रोफेसर की मौत का दोषी



सिंगापुर सिटी, 30 अगस्त (एजेंसियां)। सिंगापुर की एक अदालत ने शुक्रवार को एक भारतीय नागरिक को 2023 में एक सड़क दुर्घटना में नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) के एक वरिष्ठ लॉ प्रोफेसर की मौत के लिए दो साल एक महीने की जेल और 2,000 सिंगापुर डॉलर के जुर्माने की सजा सुनाई। 7 जुलाई, 2023 को, एक निर्माण मजदूर नटराजन मोहनराज (28) ट्रक चलाते समय अपना मोबाइल फोन देख रहा था और उसी वक्त उसके ट्रक ने एमेरिटस प्रोफेसर टैन यॉक लिन (70) की कार से टक्कर मार दी। इस हादसे में प्रोफेसर की इलाज के दौरान मौत हो गई।

सिंगापुर के अखबार द स्ट्रेट्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, नटराजन का लापरवाही से गाड़ी चलाने का इतिहास रहा है। ट्रैफिक पुलिस ने उन्हें जून 2023 में 25 जुलाई से पहले अपना लाइसेंस सरेंडर करने का नोटिस जारी किया था, लेकिन लाइसेंस सरेंडर करने की समय सीमा से दो हफ्ते पहले ही दुर्घटना हो गई। दुर्घटना के बावजूद, नटराजन ने 2024 में अपना लाइसेंस रद्द होने के बाद भी दो अलग-अलग मौकों पर दूसरी लॉरी चलाना जारी रखा। सिंगापुर मीडिया की रिपोर्ट में कहा कि अदालत ने मोहनराज को सिंगापुर में आजीवन गाड़ी चलाने से भी प्रतिबंधित कर दिया है।

# अमेरिका ने नहीं कराया भारत और पाकिस्तान में सीजफायर

## नोबेल के लिए ट्रंप के झूठ पर भड़क गए थे पीएम मोदी, एनवाईटी का बड़ा खुलासा



वॉशिंगटन, 30 अगस्त (एजेंसियां)। भारत और अमेरिका के बीच रिश्ते उस वक्त खराब होने शुरू हो गए, जब नरेन्द्र मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच टेलीफोन पर बात हुई थी। उस दिन की बात बताई है, जब पीएम मोदी और ट्रंप के बीच कनाडा में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन से इतर टेलीफोन पर बात हुई थी। 17 जून को पीएम मोदी और ट्रंप के बीच करीब 35 मिनट कर टेलीफोन पर बात हुई थी और इस दौरान ट्रंप ने मोदी से उन्हें नोबेल पुरस्कार के लिए नॉमिनेट करने को कहा था। डोनाल्ड ट्रंप नोबेल पुरस्कार के लिए बार बार भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चले संघर्ष को खत्म करवाने की बात कर रहे हैं। 17 जून को टेलीफोन पर ट्रंप ने मोदी को बताया था कि पाकिस्तान उन्हें नोबल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट करने जा रहा है और भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव खत्म करवाने पर उन्हें गर्व है। रिपोर्ट में आगे इस मामले से परिचित अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि ट्रंप ने टेलीफोन पर मोदी से आगे कहा था कि भारत को भी उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट करना चाहिए, लेकिन मोदी ने टेलीफोन पर ही ऐसा करने से साफ शब्दों में इनकार कर दिया। डोनाल्ड ट्रंप की इन बातों से भारतीय नेता भड़क गये। उन्होंने टेलीफोन पर ट्रंप से कहा कि हालिया युद्धविराम में डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिका की कोई भूमिका नहीं है।

# पाकिस्तान के आतंकी हमले में पुलिसकर्मी की मौत, 2 घायल



खैबर पख्तूनख्वा, 30 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को एक पुलिस वैन पर आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। यह घटना कोहाट जिले के लाची तहसील में दारमालक पुलिस चौकी के पास हुई, जहां अज्ञात हमलावरों ने पुलिस वाहन पर गोलीबारी की।

अधिकारियों ने बताया कि एक पुलिस उप-निरीक्षक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो कांस्टेबल घायल हो गए।

# सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा 'ट्रम्प इज डेड'

## दाहिने हाथ पर चोट का निशान वायरल, उपराष्ट्रपति वेंस ने कहा था- लीडरशिप के लिए तैयार हूं

वॉशिंगटन, 30 अगस्त (एजेंसियां)। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सेहत से जुड़े पोस्ट ट्रेंड कर रहे हैं। इन पोस्ट में 'ट्रम्प इज डेड' (ट्रम्प की मौत हो गई) लिखा है। शनिवार को ट्रम्प की मौत से जुड़े 60 हजार से ज्यादा पोस्ट शेयर किए गए हैं। जुलाई में 79 साल के ट्रम्प के हाथ पर चोट के निशान और पैरों में सूजन की तस्वीरें सामने आने के बाद से ही उनकी सेहत चर्चा में है। व्हाइट हाउस ने उस समय इन अफवाहों को खारिज किया था। अब 27 अगस्त को उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के इंटरव्यू के बाद ट्रम्प के सेहत पर फिर बहस तेज हो गई।

दरअसल, वेंस ने यूएसए टुडे को कहा था कि, किसी भी बुरी परिस्थिति में वो देश का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि अभी ट्रम्प पूरी तरह ठीक हैं। फिलहाल, व्हाइट हाउस ने इस अफवाह पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

फरवरी,2025 में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जुलाई में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ मुलाकात के दौरान सबसे पहले ट्रम्प के हाथ पर चोट और मेकअप के निशान देखे गए थे।

इसके बाद ट्रम्प की सेहत से जुड़ी अटकलें तेज हो गई थी। इस समय व्हाइट हाउस ने बताया था कि ट्रम्प की नसों की बीमारी क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी एवी9 से ग्रसित हैं।

इसके कारण उनके पैरों में सूजन रहती है। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 70 साल से ज्यादा उम्र को लोगों में



यह बीमारी कॉमन है। लेविट ने बताया कि राष्ट्रपति की हथेलियों पर चोट के निशान हैं, जो मामूली सॉफ्ट टिश्यू इरिटेशन है। यह एस्पिरिन के सेवन के साइड इफेक्ट और बार-बार लोगों से हाथ मिलाने के कारण होता है। 13 जुलाई 2025 को न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में फीफा क्लब वर्ल्ड कप के फाइनल के दौरान ट्रम्प के पैरों में सूजन देखी गई थी। फिर, 16 जुलाई को बहरीन के प्रधानमंत्री सलमान बिन हमद अल खलीफा से मुलाकात के दौरान ट्रम्प के हाथों में चोट के निशान वाली तस्वीरें सामने आई थीं। इसके बाद सोशल मीडिया पर बहस होने लगीं कि ट्रम्प अपनी स्वास्थ्य समस्या छिपा रहे हैं।

# इजराइली एयरस्ट्राइक में हूती लड़ाकों के प्रधानमंत्री की मौत

## रक्षा मंत्री के भी मारे जाने की आशंका, हमले में 10 की मौत, 90 घायल

सना, 30 अगस्त (एजेंसियां)। यमन की राजधानी सना में इजरायली एयरस्ट्राइक में हूती लड़ाकों के प्रधानमंत्री अहमद अल-रहावी की मौत हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन हमलों में हूती रक्षा मंत्री मोहम्मद अल-अती और चीफ ऑफ स्टाफ मोहम्मद अब्द अल-करीम अल-घमारी को भी निशाना बनाया गया, जिनके मारे जाने की आशंका है।

इजराइली आर्मी (आइडीएफ) ने 28 अगस्त को सना में हमले किए थे। इससे पहले हूती लड़ाकों ने इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया था। आइडीएफ ने कहा कि एयरस्ट्राइक में हूती मिलिट्री ठिकानों और राष्ट्रपति भवन को निशाना बनाया गया। वहीं, यमन



के अधिकारियों के मुताबिक, इन हमलों में कम से कम 10 लोग मारे गए और 90 घायल हुए।

इजराइल के डिफेंस मंत्री ने कहा कि हमने चेतावनी दी थी कि जो भी इजराइल के खिलाफ हथियार उठाएगा, उसे सजा मिलेगी। उन्होंने कहा- हमने हूतियों को पहले चेताया था कि वो बुरे काम का बुरा अंजाम होगा।

एक इजराइली सैन्य अधिकारी ने मीडिया को बताया- हमने सही समय पर सटीक जानकारी के आधार पर तेजी से हमला किया। इन हमलों में हूती विद्रोहियों के कई बड़े नेताओं को निशाना बनाया गया। साल 2014 में यमन में गृह युद्ध शुरू हुआ। इसकी जड़ शिया-सुन्नी विवाद है। कार्नेगी मिडिल ईस्ट सेंटर की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों समुदायों में हमेशा से विवाद था जो 2011 में अरब क्रांति की शुरुआत से गृह युद्ध में बदल गया। 2014 में शिया विद्रोहियों ने सुन्नी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

इस सरकार का नेतृत्व राष्ट्रपति अब्दरब्बू मंसूर हादी कर रहे थे। हादी ने अरब क्रांति के बाद लंबे समय से सत्ता पर काबिज पूर्व राष्ट्रपति अली अब्दुल्ला सालेह से फरवरी 2012 में सत्ता छीनी थी। हादी देश में बदलाव के बीच स्थिरता लाने के लिए जूझ रहे थे। उसी समय सेना दो फाड़ हो गई और अलगाववादी हूती दक्षिण में लामबंद हो गए।

अरब देशों में दबदबा बनाने की होड़ में ईरान और सऊदी अरब भी इस गृह युद्ध में कूद पड़े। एक तरफ हूती विद्रोहियों को शिया बहुल देश ईरान का समर्थन मिला। तो सरकार को सुन्नी बहुल देश सऊदी अरब का।

देखते ही देखते हूती के नाम से मशहूर विद्रोहियों ने देश के एक बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया। 2015 में हालात ये हो गए थे कि विद्रोहियों ने पूरी सरकार को निर्वासन में जाने पर मजबूर कर दिया था।

# भारत-यूएस झगड़े का दोनों हाथों से फायदा उठाने की तैयारी में चीन

## पीएम मोदी-पुतिन का रेड कार्पेट स्वागत, जिनपिंग होंगे 'विश्वगुरु'?

बीजिंग, 30 अगस्त (एजेंसियां)। भारत और अमेरिका के संबंध को जिस तरह से डोनाल्ड ट्रंप ने 25 साल पीछे धकेल दिया है, उससे अगर कोई सबसे ज्यादा खुश होगा तो वो चीन है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग इसका दोनों हाथों से फायदा उठाने की तैयारी में हैं। सीएनएन की रिपोर्ट में कहा गया है कि एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का रेड कार्पेट स्वागत किया जा रहा है। यानि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की चीन में होने वाली बैठक के जरिए शी जिनपिंग ग्लोबल पॉलिटिक्स को हमेशा के लिए बदल देने की कोशिश करेंगे।

एससीओ शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब ट्रंप के टैरिफ युद्ध ने सबसे ज्यादा



अमेरिका के सहयोगियों को परेशान किया है।

अमेरिका के करीब करीब सभी सहयोगी देशों की अर्थव्यवस्था पर टैरिफ का सबसे गहरा असर होगा और भारत, जिसपर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाया गया है, उसकी इकोनॉमी पर इस टैरिफ का घातक असर होने की आशंका है। सीएनएन ने कहा है कि ट्रंप की नीतियों की वजह से चीन को वो मौका मिला है, जिसे उसने कुछ दिन पहले तक सपने में भी नहीं सोचा था।

अब चीन ने इस एससीओ शिखर सम्मेलन को, पिछले 10 सालों में सबसे बड़ा समिट बना दिया है, जिसमें करीब 26 देशों के नेता हिस्सा ले रहे हैं।

सीएनएन के मुताबिक शी जिनपिंग इस शिखर सम्मेलन के जरिए, अमेरिकी टैरिफ से राहत दिलाने वाला, एक स्थाई और वैकल्पिक देश के तौर पर पेश करने की है और इसे वो दोनों हाथों से भुनाने की कोशिश कर रहा है।

इस शिखर सम्मेलन की सबसे खास बात ये होने वाली है कि इसमें भारत और पाकिस्तान जैसे कट्टर विरोधी, ईरान और सऊदी अरब जैसे ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्वी भी शामिल हो रहे हैं।

सीएनएन ने एक्सपर्ट्स के हवाले से कहा है कि यही विविधता एससीओ की सबसे बड़ी ताकत है, क्योंकि यह दिखाता है कि बीजिंग, एशिया-यूरोप क्षेत्र में इतना प्रभावशाली हो चुका है, कि वह विरोधियों को भी एक ही टेबल पर बैठाकर बातचीत करवा सकता है।

# रायपुर में कल से बिना हेलमेट नहीं मिलेगा पेट्रोल

## हंगामा करने पर पुलिस लेगी एक्शन, हेलमेट-सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले 234 लोगों की मौत

रायपुर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। रायपुर में 1 सितंबर से बिना हेलमेट के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल नहीं मिलेगा। छत्तीसगढ़ पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन ने यह फैसला लिया है। अगर कोई बिना हेलमेट पेट्रोल भराने को लेकर विवाद करेगा या हंगामा करेगा तो उसके खिलाफ प्रशासन और पुलिस सीधे कार्रवाई करेगी।

इस दौरान छत्तीसगढ़ पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिल धगत ने बताया कि डिप्टी सीएम अरुण साव और रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह को लिखित में जानकारी दे दी गई है। पेट्रोल पंप संचालकों ने आपसी सहमति से सड़क सुरक्षा और लोगों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक करने के मकसद से फैसला लिया है।

वहीं रायपुर में सड़क हादसे में मौतों की बात करें तो हेलमेट नहीं लगाने की वजह से पिछले 7 महीने में 214 लोगों ने जान गंवाई है, जबकि 150 से ज्यादा को गंभीर चोट आई है। इसी तरह सीट बेल्ट नहीं लगाने की वजह से 20 से ज्यादा लोगों की जान गई है। इसमें अधिकांश कार ड्राइवर हैं।

पहला मामला- रायपुर में युवती का सिर-धड़ से अलग

5 महीने पहले रायपुर में हादसे



में स्कूटी सवार युवती का सिर धड़ से अलग हो गया। स्कूटी तेज रफ्तार में थी, जिससे अनियंत्रित होकर डिवाइडर के एंगल से टकरा गई। हादसे में 2 नाबालिग लड़कियां घायल हो गई। मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का था।

मृतका का नाम आलिया खान (18) पिता रमजान खान है, जो टिकरापारा के चौरसिया कॉलोनी की रहने वाली थी। कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी। तीनों लड़कियां बोरियाखुर्द से कमल विहार की तरफ घूमने जा रही थी। हादसा सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।

वहीं 3 महीने पहले रायपुर माना एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। कार की टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक दूर जाकर गिरा, लेकिन बाइक कार की बंपर पर फंस गई, जिसे कार सवार बाइक को एक्सप्रेस-वे पर करीब 8 किलोमीटर तक घसीटा।

इस दौरान सड़क पर रगड़ाने से बंपर से लगातार चिंगारियां निकलती रही थी। कार ड्राइवर के कारनामे को देखकर राहगीरों ने पीछाकर पकड़ा। सड़क पर ही जमकर पिटाई कर दी, जिसका वीडियो भी सामने आया है। मामला सिविल लाइन थाना इलाके का है।

जनवरी 2025 से 15 अगस्त तक साढ़े 7 महीने में रायपुर में 1310 सड़क हादसे हुए हैं। इसमें 413 लोगों की जानें गईं, जबकि 880 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। करीब 210 दुपहिया में हादसा हुआ। दुपहिया सवार 214 की जान गई, जिन्होंने हेलमेट नहीं लगाया था, जबकि 150 से ज्यादा घायल हुए हैं। 12 कार का एक्सीडेंट हुए हैं। उसमें सवार 20 लोगों की जान गई हैं।

बाइक के शो रूम में नई बाइक के साथ हेलमेट देना अनिवार्य किया गया है, लेकिन अधिकांश जगह हेलमेट नहीं दिया जा रहा है। बाइक चालक नया हेलमेट खरीदना नहीं चाह रहे हैं। वे बाहना कर रहे हैं कि उनके पास घर पर हेलमेट है। नया हेलमेट लेकर क्या करेंगे। शो रूम में एक हेलमेट 800 रुपए से 3000 रुपए तक बेचा जा रहा है।

पुलिस ने हेलमेट नहीं लगाने वालों को रोकना-टोकना बंद कर दिया है। अब पुलिस सीधा कार्रवाई कर रही है। शहर के भीतर बिना हेलमेट के बाइक-मोपेड चलाने वाले औसतन 350 लोगों को रोज ई-चालान जा रहा है। पहली बार में 500 रुपए, दोबारा पकड़े गए तो 1000 रुपए भेजा रहा है। हर बार राशि दोगुनी हो रही है। पुलिस रोजाना 1200 लोगों को ई-चालान करती है।

## टेंपो पलटने से दो महिलाओं की मौत

पूजा करने के लिए सभी लोग धनवार से जा रहे थे मंदिर, टेंपो में सवार थे 14 लोग

गिरिडीह, 30 अगस्त (एजेंसियां)। गिरिडीह जिले के तिसरी थाना क्षेत्र में शनिवार को एक दुखद घटना सामने आई। जमामो मंदिर जा रही श्रद्धालुओं से भरी टेम्पो हथियागढ़ घाटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और चार लोग घायल हुए हैं।

मृतकों में रुक्मणी देवी (पति जागेश्वर शर्मा) और शनिचर रजक (पिता परण बैठा) शामिल हैं। घायलों में बबीता देवी, देवन्ती देवी, फूलन देवी, सोफा देवी और सोशिला देवी हैं। सभी श्रद्धालु धनवार प्रखंड के पचरुखी गांव के निवासी हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टेम्पो में 14 लोग सवार थे। सभी तिसरी प्रखंड के जमामो स्थित प्रसिद्ध देवी मंदिर में पूजा-अर्चना और दुग्धाभिषेक के लिए जा रहे थे। हथियागढ़-जमामो रोड पर यह हादसा हुआ।

तिसरी थाना पुलिस ने घायलों को धनवार रेफरल अस्पताल भेजा। दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। थाना प्रभारी रंजय कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# पत्रकार राजदेव रंजन हत्याकांड में 3 दोषी, 3 बरी

## सीबीआई कोर्ट 10 सितंबर को सुनाएगी सजा शहाबुद्दीन के करीबी लड्डन मियां को मिली राहत

मुजफ्फरपुर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। सीवान के पत्रकार राजदेव रंजन हत्याकांड में 3 आरोपियों को मुजफ्फरपुर की विशेष सीबीआइ कोर्ट ने बरी कर दिया है। कोर्ट ने विजय कुमार गुप्ता, रोहित कुमार सोनी और सोनू कुमार गुप्ता को दोषी करार दिया है। लडड्न मियां, रिशु कुमार जायसवाल और राजेश कुमार को सबूत के अभाव में बरी कर दिया गया। 10 सितंबर को दोषियों की सजा पर सुनवाई होगी। फैसले के बाद राजदेव की पत्नी आशा रंजन ने कहा, 'लंबे अरसे बाद आज वह दिन आया है, जब कोर्ट ने अपना निर्णय सुनाया। मेरी यही इच्छा है कि पति के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा मिले।'

'पति की हत्या के बाद मेरे सामने बच्चों की परवरिश और पढ़ाई की बड़ी चिंता खड़ी हो गई थी। मेरी जिंदगी बेहद मुश्किल भरी हो गई थी। कई लोगों ने राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की, लेकिन हमें वैसी मदद नहीं मिली जैसी मिलनी चाहिए थी।'

13 मई 2016 की शाम पत्रकार राजदेव रंजन अपने दफ्तर से एक रिश्तेदार को अस्पताल में देखने गए थे। वहां से लौटते समय अपराधियों ने उनपर अंधाधुंध फायरिंग की थी। एक गोली आंखों के बीच लगी और दूसरी गर्दन पर। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। हत्या के बाद सीवान के तत्कालीन भाजपा सांसद ओमप्रकाश यादव राजदेव के घर पहुंचे। उन्होंने कहा था कि रंजन के परिवार को पहले से धमकियां मिल रही थीं।

17 मई 2016 को बिहार सरकार ने इस हत्याकांड की जांच की सिफारिश सीबीआई से की थी। सीबीआई ने इस मामले में अगस्त 2018 में आरोप पत्र दाखिल किया। इस हत्याकांड में सबसे पहले एक नाबालिग को चार्जशीट किया गया। इसके बाद एक सप्लीमेंट्री चार्जशीट हुई, जिसमें शहाबुद्दीन का भी नाम शामिल किया गया।

सीबीआई का पक्ष था कि राजदेव रंजन लगातार मोहम्मद शहाबुद्दीन के खिलाफ खबरें लिखते थे, जिस कारण उनकी हत्या हुई। पुलिस ने शुरुआती जांच में 7.65 एमएम पिस्तौल और तीन मोटरसाइकिल बरामद की थी। शहाबुद्दीन के करीबी लड्डन मियां पर शक जताया गया था, लेकिन बाद में पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। मामला हाई-प्रोफाइल होने पर जांच सीबीआई को सौंप दी गई थी। सीबीआई ने अपनी जांच में खुलासा किया कि हत्या किसी निजी रंजिश या आकस्मिक घटना नहीं बल्कि पूरी तरह से सोची-समझी साजिश का हिस्सा थी। इसमें छह आरोपियों की संलिप्तता पाई गई थी। सीबीआई ने आरोप पत्र दाखिल किया और सुप्रीम कोर्ट में भी रिपोर्ट सौंपी। सुप्रीम कोर्ट ने सभी छह आरोपियों को जमानत देने से इनकार कर दिया था। करीब 9 साल तक गवाहों की गवाही और सुनवाई चली। दो महीने पहले कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। 21 अगस्त को फैसला आना था, लेकिन एक अभियुक्त की गैरहाजिरी के कारण तारीख टल गई। इसके साथ बाद कोर्ट ने तीन को दोषी और तीन को बरी कर दिया। सीबीआई के वरीय विशेष लोक अभियोजक राकेश दुबे ने कहा, कोर्ट ने तीन लोगों को दोषी पाया है और तीन को बरी किया है। 10 सितंबर को सजा पर सुनवाई होगी। हम ऊपरी अदालत में भी अपील करेंगे ताकि बाकी दोषियों को भी सजा मिल सके।"

# विदेश दौरे से लौटे सीएम साय बीजेपी ने किया भव्य स्वागत

## रायपुर एयरपोर्ट पर एकजुट हुए कार्यकर्ता, सीएम हाउस तक काफिले के साथ निकली बाइक रैली



रायपुर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का विदेश दौरा 30 अगस्त को पूरा हुआ। 10 दिन के जापान दौरे के बाद वे राजधानी रायपुर लौटे। एयरपोर्ट पर पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने सीएम साय का भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद सीएम हाउस तक काफिले के साथ बाइक रैली निकाली जाएगी।

दरअसल, सीएम साय जापान-दक्षिण कोरिया यात्रा पर गए थे। वजह प्रदेश में विदेशी निवेश लाना था, जिससे युवाओं को रोजगार मिल सके। प्रदेश की तरक्की हो। कारोबारियों से छत्तीसगढ़ की औद्योगिक नीति 2024-30, प्राकृतिक संसाधनों और कुशल मानव संसाधन की ताकत को रेखांकित करते हुए निवेश, तकनीकी हस्तांतरण और स्किलिंग के क्षेत्र में संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

सीएम ने कहा कि इस सहयोग से छत्तीसगढ़ के किसानों, श्रमिकों और स्थानीय उद्यमियों को फायदा होगा। खाद्य प्रसंस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, स्टील और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में निवेश से रोजगार के हजारों अवसर मिलेंगे। साथ ही, तकनीकी हस्तांतरण से स्थानीय उद्योगों की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी।

साय के इस दौरे को पार्टी विकास और निवेश के लिहाज से ऐतिहासिक मान रही है। माना जा रहा है कि जापान प्रवास से छत्तीसगढ़ में तकनीकी सहयोग और औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा। पार्टी नेताओं का कहना है कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश की औद्योगिक क्षमता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत किया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में आयोजित छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में शामिल हुए।

# 3 दिन में 2 शिक्षादूत समेत 3 हत्याएं

## स्कूल से लौटते वक्त अपहरण, धारदार हथियार से मारा, इस-साल 9 शिक्षादूतों को मार चुके नक्सली

बीजापुर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में नक्सलियों ने एक और शिक्षादूत की हत्या कर दी है। पहले युवक का अपहरण किया, फिर धारदार हथियार से हमला कर मार डाला। इस साल नक्सलियों ने अब तक 9 शिक्षा-दूतों की हत्या की है। घटना गंगालूर थाना इलाके की है।

जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान नेन्द्रा गांव में पदस्थ शिक्षादूत कल्लू ताती के रूप में हुई है, वो कल्लू तोड़का गांव के रहने वाले थे। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है।

बताया जा रहा है कि, शुक्रवार शाम को स्कूल से घर लौटते समय नक्सलियों ने कल्लू का अपहरण किया। पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर उसके साथ मारपीट की, फिर देर रात धारदार हथियार से हत्या कर दी। 3 दिनों में तीसरी घटना है। इससे पहले मनकेली में सुरेश की हत्या की गई थी।

इस साल नक्सलियों ने अब तक 9 शिक्षादूतों की हत्या की है। इनमें से 5 बीजापुर जिले में और 4 सुकमा जिले में मारे गए हैं। सभी हत्याओं में नक्सलियों ने मुखबिरी का आरोप लगाया है।

वारदात की सूचना मिलने के बाद पुलिस बल घटनास्थल के लिए रवाना हो गया है। नक्सली बंद पड़े स्कूलों के दोबारा संचालन के बाद से शिक्षादूतों को निशाना बना रहे हैं। शिक्षकों की सुरक्षा और इलाके में शांति स्थापित करना प्रशासन के लिए चुनौती बन गया है।

इससे पहले, बीजापुर में नक्सलियों ने एक युवक की हत्या कर दी थी। 27 साल का सुरेश कोरसा मनकेली पटेलपारा में रहता था। गुरुवार देर रात नक्सलियों ने अंधेरे का फायदा उठाकर सुरेश कोरसा अगवा कर मार डाला। कोतवाली पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही हत्या की वजह स्पष्ट हो पाएगी।

वहीं, दो दिन पहले बीजापुर-सुकमा सीमा पर भी नक्सलियों ने मंडीमार्का में पदस्थ शिक्षादूत लक्ष्मण बाडसे को घर से निकालकर धारदार हथियार से मार दिया गया था। नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में वारदात को अंजाम दिया था।

# पारिवारिक विवाद में कर लिया सुसाइड

कोडरमा, 30 अगस्त (एजेंसियां)। तिलैया थाना क्षेत्र के गुमो में एक पारिवारिक विवाद ने 30 वर्षीय दिहाड़ी मजदूर संजय पासवान की जान ले ली। संजय ने बीती रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी पत्नी दो महीने पहले विवाद के बाद अपने मायके चली गई थी। उसने पति के खिलाफ थाने में शिकायत भी दर्ज कराई थी। इस वजह से वह मानसिक रूप से परेशान था।

जानकारी के मुताबिक गुमो के वार्ड नंबर 21 के निवासी संजय पासवान की शादी 12 साल पहले हजारीबाग के बरकट्ठा में हुई थी। उनके एक बेटी और दो बेटे हैं। पिछले दो महीने से पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था, जिसके चलते संजय की पत्नी बच्चों को लेकर अपने मायके चली गईं। उन्होंने बरकट्ठा थाने में संजय के खिलाफ प्रताड़ना का मामला भी दर्ज कराया था। माना जा रहा है कि इसी मानसिक तनाव के कारण संजय ने यह कदम उठाया।

मृतक की मां ने बताया कि संजय काम से लौटने के बाद रात में खाना खाया। जब उन्होंने संजय को सोने के लिए कहा, तो उसने उन्हें दूसरे कमरे में सोने जाने के लिए कहा। सुबह जब वह बेटे को जगाने आईं, तो संजय को कमरे में पंखे से लटका हुआ पाया। इसके बाद उन्होंने शोर मचाया और पड़ोसियों की मदद से शव को नीचे उतारा। घटना की सूचना मिलने पर तिलैया पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। पिछले कुछ महीनों में आत्महत्या के कई मामले सामने आए हैं।

# पति ने की पत्नी-बेटे की हत्या, गिरफ्तार

## मजदूरी के पैसे नहीं देने पर वाइफ से हुआ था विवाद, तीन साल के बच्चे को भी नहीं छोड़ा

लातेहार, 30 अगस्त (एजेंसियां)। लातेहार में पत्नी और तीन साल के बेटे की हत्या के आरोपी को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी गुरुवार की रात इस वारदात को अंजाम देने के बाद भाग निकला था। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त छैनी, खून से सने कपड़े और मिट्टी के नमूने, टूटे चूड़ी और मंगलसूत्र के टुकड़े, 2500 नगद बरामद किया है। यह जानकारी बरवाडीह एसडीपीओ भरत राम ने दी। उन्होंने बताया कि मृतका सोनामुनी देवी फैजाबाद (यूपी) के ईंट भट्ठे में मजदूरी करती थी। 28 अगस्त को वह घर लौटी थी।

आरोपी पति मोहन लाल उरांव उससे उसकी कमाई के पैसे मांग रहा था। पैसे नहीं देने पर गुस्से में मोहन लाल उरांव ने पत्नी और बेटे सूरज उरांव की हत्या कर दी।

घटना छिपादोहर थाना क्षेत्र के गणेशपुर गांव की है। पुलिस के मुताबिक मोहन लाल पत्नी से विवाद के बाद छैनी से उस पर हमला कर दिया था। इससे उसकी मौत हो गई थी। फिर तीन साल के बेटे को भी मार डाला था। मोहनलाल ने अपने बड़े बेटे पांच साल के सागर उरांव पर भी हमला करने की कोशिश की, लेकिन उसके सवाल ने उसकी जान बचा ली। सागर ने रोते हुए कहा-मास्टर साहब बताते हैं कि बच्चों को नहीं मारना चाहिए। मुझे मत मारो। यह सुनकर आरोपी कुछ देर के लिए ठिठका। फिर उसे छोड़कर घर से भाग निकला। स्थानीय लोगों ने बताया कि मोहन लाल और सोनामणि एक ही गांव के थे। पांच साल से दोनों साथ रहते थे। एक साल पहले उन्होंने शादी की थी, लेकिन इस के बाद से ही अक्सर घरेलू झगड़े हो रहे थे।

## लिव इन पार्टनर की कर दी हत्या

शव को कमरे में दफनाकर उसी पर सोता रहा, इससे पहले पिता का कर चुका है मर्डर

गुमला/लोहरदगा, 30 अगस्त (एजेंसियां)। लोहरदगा जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत भिट्ठा चट्टी सोकरा गांव में एक सनसनीखेज हत्याकांड सामने आया है। 35 वर्षीय रघु उरांव ने अपनी 30 वर्षीय लिव-इन पार्टनर फूलो उरांव की गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को कमरे में ही दफना दिया।

यह घटना 25 अगस्त की है। गांव में फुटबॉल मैच के दौरान दोनों के बीच मैदान में ही झगड़ा हुआ था। इसके बाद फूलो को किसी ने नहीं देखा, जिससे ग्रामीणों को शक हुआ। ग्रामीणों की सूचना पर भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने रघु से सख्ती से पूछताछ की।

# रामगढ़ के भुरकुंडा में ताबड़तोड़ फायरिंग

## राहुल दुबे गैंग के दो नकाबपोश बदमाशों ने रंगदारी के लिए चलाई गोलियां, पर्चा छोड़कर फरार

रामगढ़, 30 अगस्त (एजेंसियां)। रामगढ़ जिले के भुरकुंडा सीसीएल सौंदा साइडिंग में शुक्रवार की देर रात अपराधियों ने दहशत फैलाने के लिए ताबड़तोड़ फायरिंग की। घटना ठेकेदार पप्पू जैन के क्रेशर के पास हुई, जहां दो नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने चार राउंड गोलियां चलाईं। अचानक हुई गोलीबारी से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, बाइक चला रहे एक बदमाश ने क्रेशर के नजदीक गाड़ी रोकी। इसके बाद पीछे बैठे अपराधी ने पिस्तौल निकालकर चार फायर किए। गोलीबारी होते ही लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इस बीच अपराधी मौके पर पर्चा फेंककर फरार हो गए। पर्चे




में राहुल दुबे गैंग का नाम दर्ज था, जिससे पुलिस को शक है कि इस वारदात के पीछे उसी गिरोह का हाथ हो सकता है।

sसूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र में नाकेबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया। देर रात तक पुलिस की गश्ती टीमें अलग-अलग स्थानों पर जांच करती रहीं, लेकिन अपराधियों का सुराग नहीं मिल पाया।

घटना के बाद सीसीएल सौंदा की बी साइडिंग को सुरक्षा कारणों से बंद कर दिया गया। साइडिंग बंद होने से सीसीएल की कोयला ट्रांसपोर्टिंग भी प्रभावित हुई, जिससे उत्पादन और आपूर्ति पर असर पड़ा।

बताया जा रहा है कि पिछले कुछ महीनों से कोयला क्षेत्रों में ठेकेदारों और कंपनियों को टारगेट कर आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। कुछ दिन पहले राहुल दुबे गैंग ने सयाल डी परियोजना में कार्यरत एक आउटसोर्सिंग कंपनी के गेट पर भी फायरिंग की थी। लगातार हो रही घटनाओं से ठेका कंपनियों के बीच दहशत का माहौल है। कंपनियों का कहना है कि पुलिस अगर ठोस कार्रवाई नहीं करती तो कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो सकता है।

पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि अपराधियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। साथ ही ठेका कंपनियों और संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बढ़ाने की बात भी कही गई है।

# कोडरमा सदर अस्पताल में मरीज की मौत, हंगामा

## नवादा से सर्दी-बुखार का इलाज कराने आया था, गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप

कोडरमा, 30 अगस्त (एजेंसियां)। कोडरमा के सदर अस्पताल में शुक्रवार को एक मामूली बीमारी के मरीज की मौत के बाद हड़कंप मच गया। बिहार के नवादा जिले के हरदिया निवासी सुरेश मांझी को सर्दी, खांसी और बुखार की शिकायत थी। सुबह करीब 11 बजे उनकी पत्नी उन्हें सदर अस्पताल लेकर पहुंचीं। चिकित्सकों ने उन्हें भर्ती करने की सलाह दी, लेकिन भर्ती होने के बाद किसी डॉक्टर या नर्स ने उनकी सुध नहीं ली।

शाम होते-होते मरीज की हालत बिगड़ने लगी। परिजनों ने इमरजेंसी में मदद की गुहार लगाई। इस पर एक एएनएम मौके पर आई और उसने सुरेश को इंजेक्शन लगाया। परिजनों के अनुसार, इंजेक्शन लगने के महज पांच मिनट बाद ही



सुरेश की मौत हो गई। इसके बाद परिजन एएनएम को खोजने लगे, लेकिन अस्पताल कर्मियों ने उसे वहां से हटा दिया। इससे गुस्साए परिजन और अन्य मरीजों के परिजन भड़क गए और अस्पताल परिसर में हंगामा करने लगे। हंगामा पूरी रात चलता रहा। आखिरकार सुबह करीब 4 बजे अस्पताल कर्मियों ने मृतक का शव बाहर कर दिया और कहा कि हंगामा करने से कुछ हासिल नहीं होगा। निराश परिजन शव लेकर अपने घर लौट गए। मरीजों के परिजनों ने आरोप लगाया कि सदर अस्पताल के डॉक्टर और नर्स अक्सर कहते हैं कि अगर यहां इलाज नहीं कराना है तो दूसरे अस्पताल चले जाएं। सदर अस्पताल में लापरवाही की शिकायतें नई नहीं हैं।

करीब एक माह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री इरफ़ान अंसारी के दौरे के दौरान भी लोगों ने अस्पताल की अव्यवस्था की ओर उनका ध्यान आकर्षित कराया था, लेकिन उन्होंने इसे नजरअंदाज कर दिया।

# पूर्व मंत्री एनोस एक्का को 7 साल की सजा

## सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर आदिवासी जमीन की खरीद-फरोख्त मामला, 15 साल बाद आया फैसला

रांची, 30 अगस्त (एजेंसियां)। सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर बड़े पैमाने पर आदिवासी जमीन खरीदने के 15 साल पुराने मामले में पूर्व मंत्री एनोस एक्का, उनकी पत्नी मेनन एक्का को 7-7 साल कारावास की सजा सुनाई गई। इसके साथ ही कोर्ट ने दोषियों पर जुर्माना भी लगाया है। सीबीआई की विशेष कोर्ट ने शनिवार को यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने शुक्रवार को एनोस एक्का, उनकी पत्नी मेनन एक्का समेत नौ लोगों को दोषी करार दिया था।

एनोस एक्का पर सीएनटी की धारा 46 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए 16 साल पहले 1.18 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति खरीदने का आरोप है।

एनोस एक्का पर मंत्री रहते हुए अपने पद का दुरुपयोग करते हुए आदिवासी जमीन की खरीद-बिक्री में फर्जी पते का इस्तेमाल करने का आरोप है। इसकी मदद तत्कालीन एलआरडीसी ने की थी। प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर आदिवासी जमीन की खरीदारी की गई थी।

एनोस ने मेनन एक्का के नाम से हिनू में 22 कट्ठा, ओरमांझी में 12 एकड़ से अधिक, रांची के नेवरी में 4 एकड़ से अधिक, चुटिया के सिरम मौजा स्टेशन रोड में 9 डिसमिल जमीन खरीदी थी। सभी जमीन की खरीदारी मार्च 2006 से मई 2008 के बीच की गई थी।

# नशे में धुत-हेडमास्टर, न कलेक्टर का पता न पीएम का पूरा नाम

## रमन सिंह को बताया मुख्यमंत्री, कुर्सी पर पैर रखकर सो रहा था, बच्चे खेलते रहे

कोरबा, 30 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के करतला ब्लॉक के परसाभांठा प्राथमिक स्कूल में गुरुवार को हेडमास्टर शराब के नशे में स्कूल पहुंचा। कुर्सी पर बैठते ही सो गया। ग्रामीणों ने स्कूल में आकर टीचर का वीडियो बना लिया, जो अब सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक नशे में धुत टीचर का नाम चंद्रपाल पैकरा है, जो परसाभांठा प्राथमिक स्कूल में हेडमास्टर के पोस्ट पर पदस्थ है। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि हेडमास्टर को अपने जिले के कलेक्टर तक का नाम नहीं मालूम है। साथ ही कह रहा है कि घर से स्कूल पास में है, इसलिए आ गया।

इसके साथ ही ग्रामीणों ने पूछा कि प्रधानमंत्री का पूरा नाम क्या है, तो मोदी कहा और बोला मेरे को परेशान मत करो। इसके अलावा छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री कौन है पूछने पर कहा कि रमन सिंह। इसके साथ ही ब्यूटीफुल का स्पेलिंग पूछने पर हेडमास्टर जवाब नहीं दे पाए।

दरअसल, गुरुवार दोपहर को ग्रामीण स्कूल पहुंचे। इस दौरान हेडमास्टर चंद्रपाल पैकरा कुर्सी पर दोनों पैर फैलाकर सो रहा था। उसी समय बच्चों से सवाल पूछा गया, तो पता चला कि एक कक्षा के अलावा किसी में पढ़ाई नहीं हो रही थी।

जब हेडमास्टर से छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस और ब्यूटीफुल का स्पेलिंग पूछा गया तो वे जवाब नहीं दे सके।

स्कूल में कुल 46 बच्चे पढ़ते हैं। दो शिक्षकों की पदस्थापना है। उस दिन एक शिक्षक देव प्रसाद बर्मन कक्षा में बच्चों को पढ़ा रहे थे, जबकि दूसरी कक्षा के बच्चे बिना शिक्षक के अपनी मस्ती में लगे थे। हेडमास्टर खुद अपने दफ्तर में नशे की हालत में सोए हुए थे।

ग्रामीणों ने बताया कि हेडमास्टर कई बार शराब पीकर स्कूल आते हैं। कई शिकायतों के बावजूद विभाग की ओर से सख्त कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों का भविष्य दांव पर है। मास्टर साहब लाखों का वेतन लेते हैं, लेकिन पढ़ाई पर ध्यान नहीं देते।



# अमेरिका को गर्त में धकेल रहे ट्रंप!

## कछुए जैसी चाल सी बढ़ेगी इकोनॉमी, आसमान पर होगी महंगाई

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने ही देश को गर्त में धकेल रहे हैं। जब से उन्होंने भारत समेत दुनिया के कई देशों पर टैरिफ लगाया है, अमेरिका में महंगाई समेत कई परेशानियां पैदा हो गई हैं। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि टैरिफ के कारण अमेरिका की अर्थव्यवस्था इस साल और 2026 तक धीमी गति से ही बढ़ेगी। उपभोक्ताओं को लगातार महंगाई का सामना करना पड़ेगा। ब्लूमबर्ग के अर्थशास्त्रियों के मासिक सर्वे के अनुसार, अमेरिका का सकल घरेलू उत्पाद इस साल की दूसरी छमाही में 1.1% बढ़ने का अनुमान है। पहले छह महीनों में यह औसत 1.4% था। अर्थव्यवस्था को चलाने वाला मुख्य इंजन, यानी उपभोक्ता खर्च, तीसरी और चौथी तिमाही में 1.1% की दर से बढ़ने की उम्मीद है।

**महंगाई पसारेगी पैर**

अर्थशास्त्री यह भी मानते हैं कि कोर महंगाई दर, जिसे व्यक्तिगत उपभोग व्यय मूल्य सूचकांक से मापा जाता है, चौथी तिमाही में औसतन 3.2% तक पहुंच जाएगी। महंगाई दर साल 2026 तक धीरे-धीरे कम होने की उम्मीद है, लेकिन यह फेडरल रिजर्व के 2% के लक्ष्य से ऊपर ही रहेगी। फेडरल रिजर्व अमेरिका का केंद्रीय बैंक है, जो महंगाई को नियंत्रित करने का काम करता है।

**कब हुआ सर्वे?**




22 से 27 अगस्त के बीच 79 अर्थशास्त्रियों का सर्वे हुआ। इससे पता चलता है कि अर्थव्यवस्था राष्ट्रपति की व्यापार और निवेश नीतियों के अनुसार ढलने की कोशिश कर रही है। राष्ट्रपति ट्रंप उम्मीद कर रहे हैं कि उनकी नीतियों से अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ेगी। सर्वे यह भी बताता है कि फेडरल रिजर्व को महंगाई और धीमी आर्थिक गतिविधियों से जूझना पड़ेगा।

**केंद्रीय बैंक ने भी दी थी चेतावनी**

फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने पिछले हफ्ते कहा था कि ऊंचे टैरिफ का असर कीमतों पर अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि अगर नौकरी बाजार में गिरावट आती है, तो वे सितंबर में ब्याज दरें कम करने पर विचार कर सकते हैं। ब्लूमबर्ग के सर्वे में अर्थशास्त्रियों का मानना है कि बेरोजगारी दर चौथी तिमाही में 4.4% तक बढ़ जाएगी और 2026 तक ज्यादातर समय वहीं रहेगी।

# रिलायंस एआई के जरिए छोटे किराना स्टोर्स की भी बदलेगा किस्मत, फेसबुक और गूगल का मिलेगा साथ



नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। रिलायंस इंडस्ट्रीज की 2025 की एनुअल जनरल मीटिंग इस बार खास रही, क्योंकि इसका पूरा फोकस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर था. मुकेश अंबानी की अगुवाई में हुई इस मीटिंग में टेक्नोलॉजी की दुनिया के दो बड़े नाम गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और मेटा (फेसबुक) के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने भी शिरकत की. इन दोनों दिग्गजों ने भारत में एआई को लेकर बड़े ऐलान किए और बताया कि आने वाले समय में भारत पूरी दुनिया के लिए एआई में एक रोल मॉडल बनेगा.

**अब किराना दुकानें भी बनेंगी डिजिटल?**

अब तक आपने एआई का इस्तेमाल बड़ी कंपनियों और हाई-टेक ऑफिसों में होते देखा होगा, लेकिन रिलायंस की नई योजना के बाद छोटे-छोटे किराना स्टोर्स भी इस क्रांति का हिस्सा बनेंगे. सुंदर पिचाई ने कहा कि भारत में एआई की संभावनाएं बहुत बड़ी हैं और यह टेक्नोलॉजी सिर्फ बड़े उद्योगपतियों के लिए नहीं, बल्कि गांव-कस्बों के दुकानदारों को भी फायदा देगी. गूगल और रिलायंस मिलकर रिटेल, टेलीकॉम, एनर्जी और फाइनेंशियल सर्विस जैसे क्षेत्रों में एआई को लाने का काम करेंगे. यानी आने वाले समय में दुकानों भी ऑटोमैटिक स्टॉक मैनेजमेंट, डिजिटल पेमेंट, कस्टमर एनालिटिक्स जैसी सुविधाओं से लैस हो सकती है.

**जामनगर बनेगा क्लाउड हब**

एजीएम में एक और बड़ा ऐलान हुआजामनगर क्लाउड रीजन. यह गूगल क्लाउड और जियो की पार्टनरशिप से बनने वाला एक अत्याधुनिक क्लाउड सेंटर होगा. इसकी खास बात यह है कि यह रिलायंस की क्लीन एनर्जी से चलेगा और पूरी तरह भारत में तैयार होगा. इसका मकसद रिलायंस के सभी व्यवसायों को डिजिटल और एआई - ड्रिवन बनाना है. सुंदर पिचाई ने इसे सिर्फ शुरुआत बताया और कहा कि आने वाले वर्षों में और भी बड़े बदलाव होंगे.

**भविष्य में और स्मार्ट होंगे एआई**

मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने एजीएम में कहा कि आज एआई सिस्टम इतने स्मार्ट हो गए हैं कि वे खुद को बेहतर बनाना सीख रहे हैं. भविष्य में ये सिस्टम इंसानी दिमाग से भी ज्यादा तेज काम करेंगे और हर व्यक्ति की क्षमताएं कई गुना बढ़ा देंगे. मेटा और रिलायंस की साझेदारी से भारत को एललामा जैसे ओपन-सोर्स एआई मॉडल्स मिलेंगे, जो हर बिजनेस की जरूरत के अनुसार ढाले जा सकेंगे. चाहे कोई छोटा स्टार्टअप हो या बड़ी कंपनी, यह तकनीक सबके काम आएगी. जुकरबर्ग ने आगे बताया कि यह पहल हर भारतीय उद्यमी, दुकानदार, क्रिएटर और स्टार्टअप को नई ताकत देगी. इससे न केवल कारोबार आसान होगा बल्कि ग्राहकों की सेवा भी स्मार्ट बन जाएगी।

# ट्रंप के टैरिफ से आसमान पर पहुंचा सोने का भाव, दिवाली से पहले और बढ़ सकती है कीमत, क्या खरीदने का सही मौका?

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ से जहां दुनिया में हाहाकार मचा हुआ है वहीं सोने का भाव तेजी से बढ़ रहा है। सोने की कीमतें दुनियाभर के बाजारों में तीन हफ्तों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। वहीं चांदी की कीमतें भी 5 हफ्तों के उच्चतम स्तर पर चली गईं। स्टॉकिस्टों की लिवाली जारी रहने और रुपये के विनिमय दर में गिरावट के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 2,100 रुपये उछलकर 1,03,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। जानकारों के मुताबिक फेस्टिवल सीजन में इसमें और तेजी आ सकती है।

**इस साल तेजी से बढ़ी कीमत**

इस साल, भारत में सोने की कीमतें लगभग 32% बढ़ी हैं। इस वजह से निवेशकों का ध्यान इस ओर गया है। जनवरी में सोने की कीमत 80,000 रुपये प्रति दस ग्राम थी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर स्पॉट गोल्ड मार्च में 90,000 रुपये को पार कर गया। हाल ही में यह 1 लाख रुपये के आंकड़े को भी पार कर गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, मई की शुरुआत में सोना 3,392 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गया था। जून के मध्य में यह



3,368 डॉलर के आसपास रहा। विशेषज्ञों का कहना है कि भू-राजनीतिक तनाव, अमेरिकी डॉलर का कमजोर होना और रुपये की गिरावट के कारण सोने की कीमतें बढ़ रही हैं। इन वजहों से सोना घरेलू स्तर पर निवेश करने के लिए एक अच्छा विकल्प बन गया है।

**क्या है एक्सपर्ट की राय?**

इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक आगामी त्योहारी सीजन के लिए ज्वैलर्स की मजबूत मांग ने भारतीय सोने के बाजार को आगे बढ़ाया है। वहीं एक अन्य एक्सपर्ट के मुताबिक अमेरिका के जीडीपी के आंकड़े 3.3% रहे और बेरोजगारी के दावों में गिरावट आई। इन आंकड़ों को बाजार ने पचा लिया है। सुरक्षित निवेश की मांग अभी भी जारी है। आने वाले समय में सोने की कीमत में तेजी आ सकती है।

## दैनिक पंचांग

ग्रह गोचर




| | |
|---|---|
| 05-06 बजे | |
| 07-13 बजे | |
| 09-19 बजे | |
| 11-29 बजे | |
| 13-42 बजे | |
| 15-49 बजे | |
| 17-39 बजे | |
| 19-17 बजे | |
| 20-53 बजे | |
| 22-38 बजे | |
| 00-38 बजे | |
| 02-51 बजे | |

पश्चिम - पान खाकर घर से निकले

अष्टमी 00-58 तक उपरान्त नवमीं

भाद्रपद शुक्ल ,रविवार 31 August

अनुराधा 17-27 तक उपरान्त ज्येष्ठा

वैधृति 15-58 तक विष्कुंभ

विष्टी (भद्रा) 11-55 तक उप बव

राधाष्टमी महालक्ष्मी व्रतारंभ

श्री दधीचि जं

राहुकाल 16-56 से 18-29 तक

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710

| दिन का चौघड़िया | रात का चौघड़िया |
|---|---|
| उत्पात 06-04 - 07-36 अशुभ | शुभ। 18-29 - 19-56 शुभ |
| चंचल 07-36 - 09-10 शुभ | अमृत 19-56 - 21-23 शुभ |
| लाभ 09-10 - 10-43 शुभ | चंचल 21-23 - 22-50 शुभ |
| अमृत 10-43 - 12-16 शुभ | रोग 22-50 - 00-16 अशुभ |
| काल 12-16 - 13-50 अशुभ | काल 00-16 - 01-43 अशुभ |
| शुभ 13-50 - 15-23 शुभ | लाभ 01-43 - 03-10 शुभ |
| रोग 15-23 - 16-56 अशुभ | उत्पात 03-10 - 04-37 अशुभ |
| उत्पात 16-56 - 18-29 अशुभ | शुभ 04-37 - 06-04 शुभ |

# भारत ने रूस के साथ-साथ अमेरिका से भी बढ़ाई तेल खरीद



नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। ट्रंप की टैरिफ धमकियों के बीच भारत ने रूस से तो खरीदना जारी ही रखा साथ ही हाल ही में उसने खुद अमेरिका से कच्चे तेल की खरीद में तेजी लाई है। कंपटेटिव कीमतों के चलते भारतीय रिफाइनरियों ने इस महीने अमेरिका से कच्चे तेल की खरीद बढ़ा दी है। इस कदम से दोनों देशों के बीच तनाव के बीच अमेरिका के साथ देश के व्यापार घाटे को कम करने में मदद मिल सकती है। एशिया में अमेरिकी कच्चे तेल के लिए आर्बिट्रेज विंडो खुलने के बाद, भारतीय रिफाइनरियों के साथ-साथ अन्य एशियाई रिफाइनरियों ने भी खरीदारी बढ़ा दी है। इसके अलावा, भारत पर अमेरिका से तेल खरीदने का दबाव भी बढ़ा है। अमेरिका ने रूसी तेल इंपोर्ट को लेकर भारत पर टैरिफ 50% तक बढ़ा दिया है। ऐसे में भारत अमेरिका के साथ अपने व्यापार घाटे को कम करने की कोशिश कर रहा है। आईओसी ने 5 मिलियन बैरल, बीपीसीएल ने 2 मिलियन बैरल और रिलायंस ने भी विटोल से 2 मिलियन बैरल तेल खरीदा। यूरोपीय व्यापारियों जैसे गनवोर, इक्विनोर और मर्कुरिया ने भी भारतीय कंपनियों को तेल बेचा।

**भारत ट्रेड बढ़ा रहा है**

दिलचस्प बात ये है कि बीपीसीएल ने नाइजीरिया के यूटापेट क्रूड की भी पहली बार खरीद की है, ताकि अपने तेल भंडार में नए ग्रेड शामिल कर सके। ये कदम दिखाता है कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए अलग-अलग देशों से तेल खरीदने की रणनीति अपना रहा है। सस्ते दाम और अमेरिका के साथ बेहतर व्यापारिक रिश्तों की वजह से भारतीय रिफाइनरियां अब रूस के साथ-साथ अमेरिकी तेल पर भी फोकस कर रही हैं। इससे न सिर्फ लागत कम होगी, बल्कि वैश्विक बाजार में भारत की स्थिति भी मजबूत होगी।

**जून तिमाही में बढ़ोतरी**

भारत ने अमेरिका से क्रूड ऑयल खरीदने में तेजी जून तिमाही में लाई है। इस दौरान पिछले साल की तुलना में अमेरिका से तेल आयात करीब 114 प्रतिशत बढ़ा है। जून महीने में भारत ने डेली करीब 4.55 मिलियन बैरल क्रूड ऑयल मंगाया जिसमें रूस की भागीदारी सबसे ज्यादा रही उसके बाद अमेरिका ने भी करीब 8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ अपनी भूमिका निभाई।

# बाजार में बदलाव : एक सितंबर से बदल जाएंगे कई नियम

## एलपीजी ; एटीएम चार्ज और एफडी ब्याज दरों पर पड़ेगा असर

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। एक सितंबर से कई नए नियम लागू होंगे जो आपके घर के बजट और रोजमर्रा के खर्चों को प्रभावित करेंगे। चांदी की हॉलमार्किंग, एलपीजी की कीमतों में संशोधन, एटीएम निकासी शुल्क और फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) की ब्याज दरों में संभावित कमी जैसे बदलाव सीधे उपभोक्ताओं पर असर डालेंगे।

**एलपीजी की कीमतों में उतार-चढ़ाव**

हर महीने की पहली तारीख को तेल कंपनियां घरेलू एलपीजी सिलेंडर की नई दरें घोषित करती हैं। 1 सितंबर को भी कीमतों में बदलाव होगा, जो वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों और कंपनी की गणनाओं पर निर्भर करता है।

कुछ बैंक एटीएम उपयोग पर नए नियम लागू करेंगे। निर्धारित मासिक सीमा से अधिक निकासी करने वाले ग्राहकों को उच्च लेनदेन शुल्क देना पड़ सकता है। कई बैंक सितंबर में जमा दरों पर ब्याज की समीक्षा करेंगे। वर्तमान में अधिकांश बैंक फिक्स्ड डिपॉजिट पर 6.5 से 7.5 प्रतिशत के बीच




ब्याज दे रहे हैं।

**चांदी के लिए अनिवार्य हॉलमार्किंग**

सरकार चांदी के लिए अनिवार्य हॉलमार्किंग शुरू करने जा रही है। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी, लेकिन कीमतों पर असर पड़ सकता है। इसका उद्देश्य चांदी के बाजार में शुद्धता और मूल्य निर्धारण में एकरूपता लाना है। यह विश्वसनीयता बढ़ाएगा।

**एसबीआई कार्ड पर नए शुल्क**

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया यानी एसबीआई कार्डधारकों को संशोधित शर्तों का सामना करना पड़ेगा। ऑटो-डेबिट फेल होने पर दो फीसदी जुर्माना लगेगा। अंतरराष्ट्रीय लेनदेन पर अतिरिक्त शुल्क लागू हो सकता है। ईंधन खरीद और ऑनलाइन शॉपिंग पर भी उच्च शुल्क लग सकते हैं।

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो,ला, ली, लू, ले, लो, अ,)
आज आप ऊर्जा से भरपूर हैं और काफी मेहनत करने के लिए तैयार भी हैं । आपकी सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह ओरों को भी प्रभावित करेगा ,आपकी टीम को आपसे बेहतर काम करने के लिए प्रेरणा मिलेगी । घर पर भी आज आप सामान्य से अधिक जिम्मेदारियां उठाएंगे ।

**वृष** (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)
आपने अपने लिए बहुत ऊँचे मानक तय किये हैं और आप इन्हें हासिल करने के लिए बहुत प्रयास कर रहे हैं । फिर भी लक्ष्य तक पहुंचना मुश्किल होगा और इससे आपको थोड़ी निराशा होगी । आपको लक्ष्य तय करने से पहले अपनी क्षमताएं ध्यान में रखनी होंगी । समय कोई बड़ा फैसला लेने के लिए उपयुक्त नही है ।

**मिथुन** (का, की, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह,)
आज का दिन आपकी वित्तीय स्थिति एवं करियर में तरक्की का दिन है ,लेकिन इन सबके लालच में अपने परिवार की उपेक्षा ना करें । दरअसल आज आप अपने भीतर आध्यात्मिकता का भी अनुभव करेंगे । इन दोनों शक्तियों के बीच उलझा हुआ अनुभव भी करेंगे लेकिन अंतत दोनों में संतुलन बना पाने में कामयाब होंगे।

**कर्क** (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो,)
आपकी मन की आवाज अब सक्रिय है और हर काम में आपका बहुत अच्छा मार्गदर्शन करेगी । आप मजे मजे में भी आसानी से जोखिम उठा पाने की स्थिति में हैं । भाग्य आपके साथ है फिर भी आपको कोई भी कदम उठाने से पहले दो बार सोच लेना चाहिए । आप भावनाओ की बाढ़ को अनुभव करेंगे ।

**सिंह** (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे,)
आप सृजनात्मक ऊर्जा से भरपूर हैं ,अपनी कल्पनाशक्ति का उपयोग करें । इससे आपको ख़ुशी और सौभाग्य दोनों मिलेंगे । दिल की ना सुनें ,अपने दिमाग की सुनें । तर्कशक्ति से काम लें । अपनी ऊर्जा को सही जगह पर लगायें । निवेश के लिए अच्छा दिन है । अधिक सावधानी की बजाय अपने आप को थोडा ढीला छोड़ दें,राहत मिलेगी ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आप आज थोड़ी सी गंभीर मानसिक स्थिति में रहेंगे । आपको आज जीवन के व्यावहारिक मुद्दों पर ध्यान देना होगा । लेकिन आप विश्वास और आशावादिता से भरपूर हैं और गहरे भावनात्मक स्तर पर भी मौके लेने के लिए तैयार हैं । आपका कोई करीबी आपके लक्ष्यों और उद्देश्यों के लिए अपनी चिंता जाहिर करेगा,उन्हें अपनी स्थिति समझाने के लिए समय निकालें।

**तुला** (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते,)
ॉआज आप सामान्य से अधिक भावनात्मक हैं ,दूसरे इसका फायदा उठा सकते हैं । कार्यस्थल पर कार्य का दबाव रहेगा,जिससे थकान का अनुभव करेंगे । कुछ कार्य सहकर्मियों को दे दें या कल के लिए बचा रखें । काम थोडा भले ही करें लेकिन गुणवत्ता बनाये रखें । आज किसी ख़ास व्यक्ति के साथ स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ़ उठा सकते हैं ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी, यु,)
आज आप अपने संपर्क में आने वाले हर व्यक्ति के साथ प्रेमपूर्ण व्यवहार करेंगे । कोई आपकी उदारता से प्रभावित होकर दिन के अंत तक आपसे अपनी भावना का इजहार कर सकता है हालाँकि अभी भी आपके मन में कडवे अनुभव भरे हुए हैं । लेकिन अब समय आ गया है की आप सारी नकारात्मकता को दूर करके एक नयी शुरुआत करें ।

**धनु** (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)
आज के दिन आपका भाग्य आपके साथ है । आज आप ऐसा भी कुछ कर सकते हैं जिसके बारे में आपने कभी सोचा भी ना हो । आपके सभी प्रयासों में भाग्य आपका साथ देगा । आपको पता है कि मेहनत से ही सफलता मिलती है । अभी तक आपका भाग्य आपके साथ नही था ,लेकिन आज आप अपने समर्पण की बदौलत कुछ भी हासिल कर पायेंगे ।

**मकर** (भो, ज, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
आज आप पूरा दिन थोड़े से भावुक रहेंगे । आप जो भी करेंगे पूरे मन से करेंगे और इसीलिए आपको सफलता जरुर मिलेगी। आप पिछले कुछ समय से किसी महत्वपूर्ण मुद्दे को टाल रहें हैं लेकिन आज इस मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर रखकर सुलझाने के लिए बहुत अच्छा दिन है ।

**कुंभ** (गु, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)
आज आप बिना किसी कारण के जिद्दी बने हुए हैं और सबके कहने तथा अपने खुद के मन की भी नही सुनना चाहते । आपको यह समझना है की इस रवैये से आपको कुछ हासिल नही होगा । आपको अपनी वर्तमान समस्याओं से पार पाने के लिए अपने दिल और दिमाग को खुला रखना होगा ।

**मीन** (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)
अपने सब विचारों को एक साथ रखकर सोचें,इससे जो निष्कर्ष निकलेगा ,उससे आपको स्थितियों से निपटने में काफी मदद मिलेगी । अपने आप को उन चीजों में ना फंसने दें जिनमे आप विश्वास नही रखते । इन्हें छोड़कर आगे बढ़ जाएँ । इधर –उधर की हांकना आपकी आदत नही है ,लेकिन कई बार आपको ना चाहते हुए भी यह करना पड़ता है ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# बेल्जियम की अदालत ने चोकसी की जमानत याचिका खारिज की, सीबीआई ने दिए ये तर्क

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में 6300 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी मामले में भारत में वांछित भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी की जमानत याचिका बेल्जियम की एक अपीलीय अदालत ने फिर खारिज कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि यह याचिका अदालत में उसके प्रत्यर्पण पर सुनवाई से ठीक पहले खारिज की गई है। अधिकारियों के अनुसार, अदालत ने सीबीआई की ओर से बेल्जियम में अभियोजन पक्ष को दिए गए ठोस कारणों के आधार पर अपील को खारिज कर दिया। चोकसी कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए पहले भी कई न्यायालयों में अपील दायर कर चुका है। सीबीआई की ओर से अदालत को बताया गया कि यदि उसे जमानत पर रिहा किया गया तो वह किसी अन्य देश भाग सकता है। सीबीआई ने बताया कि उनकी ओर से भेजे गए प्रत्यर्पण अनुरोध के आधार पर चोकसी को अप्रैल में बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि बेल्जियम की कोर्ट ऑफ कैसेशन द्वारा उनकी पूर्व जमानत याचिका भी खारिज कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि चोकसी ने 22 अगस्त को एक और जमानत याचिका दायर की थी और घर पर ही नजरबंद रहने की पेशकश की थी, लेकिन अपीलीय अदालत ने इस सप्ताह के शुरू में इसे खारिज कर दिया। गीतांजलि समूह के मालिक 66 वर्षीय चोकसी के प्रत्यर्पण मामले में बहस सितंबर के मध्य में बेल्जियम की एक अदालत में होगी। सीबीआई बेल्जियम अभियोजन पक्ष को



उसके खिलाफ मामलों में मुकदमे का सामना करने के लिए उसे भारत वापस भेजने के लिए एक मजबूत मामला बनाने में सहायता करेगी। उन्होंने बताया कि चोकसी और उसका भतीजा नीरव मोदी पंजाब नेशनल बैंक में 13000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में वांछित हैं। यह धोखाधड़ी उन्होंने मुंबई की ब्रैडी हाउस शाखा के कुछ बैंक अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके कथित तौर पर फर्जी लेटर ऑफ अंडरटेकिंग के जरिए की थी। भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित मोदी ईडी और सीबीआई के कानूनी अनुरोध के आधार पर 2019 में लंदन के अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद से लंदन की एक जेल में बंद है। वह भारत प्रत्यर्पण का विरोध कर रहा है। सीबीआई ने अधिकारियों की एक टीम ब्रुसेल्स भेजी थी, जिन्होंने मामले का विवरण, सबूत और दस्तावेज़ बेल्जियम अभियोजन पक्ष को उपलब्ध कराए, जो अब मामले की पैरवी करेगा। उन्होंने बताया कि सीबीआई इस मामले में सहायता के लिए एक यूरोपीय कानूनी फर्म की भी मदद लेगी। चोकसी पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और खातों में हेराफेरी से जुड़ी धाराओं के अलावा भ्रष्टाचार निवारण के प्रावधानों के तहत भी मामले दर्ज हैं, जो बेल्जियम में भी अपराध की श्रेणी में आते हैं।

# भारतीय रिजर्व बैंक ने बंधन बैंक पर ठोका 45 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)।भारतीय रिजर्व बैंक ने देश के निजी सेक्टर की बैंक बंधन बैंक पर करीब 45 लाख का जुर्माना लगाया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई ) ने बंधन बैंक पर 44.7 लाख रुपये की पेनाल्टी लगाई है। क्योंकि बैंक ने कुछ नियमों और कानूनों का पालन नहीं किया। आरबीआई ने शुक्रवार को बताया कि 31 मार्च, 2024 तक बैंक की फाइनेंशियल स्थिति की जांच के लिए एक स्टैट्यूटरी इंस्पेक्शन किया गया था। इस जांच में पाया गया कि बैंक ने आरबीआई के निर्देशों का पालन नहीं किया। इसके बाद बैंक को एक नोटिस भेजा गया, जिसमें पूछा गया कि नियम तोड़ने की वजह से जुर्माना क्यों न लगाया जाए। आरबीआई ने कहा कि बैंक ने कुछ कर्मचारियों को कमीशन के




तौर पर पेमेंट किया था। बैंक ने आरबीआई के कई सारे नियमों का उल्लघंन किया, जिसके चलते है रेगुलेटरी बैंक ने निजी सेक्टर की बैंक पर यह पेनाल्टी लगाई है।

**बैंक पर आरोप**

आरबीआई ने जांच में पाया कि बंधन बैंक ने अपने कुछ खातों के डेटा के साथ छेड़छाड़ की वह गड़बड़ी बैंक ने बैक एंड से की और सिस्टम में ऑडिट ट्रेल्स/लॉग्स को ठीक से रिकॉर्ड नहीं किया, जिसमें यूजर डिटेल्स कैप्चर होनी चाहिए थीं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने साफ किया है कि बंधन बैंक के ऊपर जो जुर्माना लगाया है वह सिर्फ और सिर्फ बैंक की ओर से कानूनी नियमों का पालन न करने के चलते लगाया है। इससे बैंक के कस्टमर्स का सीधा लेना देना नहीं है। आरबीआई ने यह भी बताया है कि इसका मतलब ये नहीं है कि बैंक के ग्राहकों के साथ किए गए किसी ट्रांजैक्शन या एग्रीमेंट पर सवाल उठाया जा रहा है। आरबीआई की इस सख्त कार्रवाई को बैंकिंग सेक्टर के लिए एक बड़ा मैसेज माना जा रहा है। सेंट्रेल बैंक बार-बार ये कोशिश कर रहा है कि सारे बैंक रूल्स और गाइडलाइंस को सही तरीके से फॉलो करें, ताकि ट्रॉन्सपैरेंसी बनी रहे और कस्टमर्स का भरोसा बना रहे।

# नई दिल्ली में यात्रियों को नहीं होना पड़ेगा परेशान

## त्योहारों पर स्टेशन पर नजर आएंगे ये बदलाव

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। देश में गणेश उत्सव के साथ त्योहारी सीजन की शुरुआत हो चुकी है। ऐसे में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने भी नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। हाल ही में रेल मंत्री ने अधिकारियों के साथ स्टेशन का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अजमेरी गेट तरफ बन रहे नए होल्डिंग एरिया का भी निरीक्षण किया। मंत्री ने इस होल्डिंग एरिया का निर्माण कार्य जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया। ताकि त्योहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ को बेहतर तरीके से संभाला जा सके। दरअसल, इसी वर्ष 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में हुई भगदड़ से 18 लोगों की मौत हो गई थी। इसलिए प्लेटफार्म पर भीड़ बढ़ने से इस तरह की दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसी को ध्यान में रखकर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अजमेरी गेट की तरफ होल्डिंग एरिया का निर्माण किया जा रहा है। लगभग 3100 यात्रियों की क्षमता वाले इस होल्डिंग एरिया में टिकट काउंटर सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होगी। इस नए होल्डिंग एरिया को मेट्रो के साथ इंटीग्रेटेड किया जाएगा।

**होल्डिंग एरिया तीन हिस्सों में बांटा गया**

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का होल्डिंग एरिया तीन हिस्सों में बांटा गया है। इसमें यात्रियों को हर कदम पर सहूलियत मिलेगी।




प्री-टिकटिंग एरियाः 1950 वर्ग मीटर के इस एरिया में व्यस्त समय में भी करीब 2700 यात्री आराम से बैठ सकते हैं। यहां यात्रियों को टिकट लेने से पहले इंतजार करने की सुविधा मिलेगी। टिकटिंग एरियाः 2288 वर्ग मीटर वाले इस एरिया में 3100 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था होगी। इस हिस्से में टिकट लेने की प्रक्रिया को सुचारू बनाने पर ध्यान दिया गया है। पोस्ट टिकटिंग एरियाः 1570 वर्ग मीटर वाले इस एरिया में 1350 यात्रियों के लिए जगह होगी। इस हिस्से में सुरक्षा जांच, सामान स्कैनिंग और कतार में लगने के लिए पर्याप्त जगह होगी इसके अलावा यात्रियों की सुविधा के लिए 22 टिकट काउंटर बनाए जाएंगे, ताकि टिकट लेने में समय बचे। जबकि 2 शौचालय ब्लॉक भी यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए जाएंगे। यात्रियों को ट्रेनों की जानकारी देने के लिए जन संबोधन प्रणाली विकसित की जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएंगे ताकि ट्रेनों के समय और प्लेटफार्म की जानकारी यात्रियों को समय से मिल सके।

# सबसे अमीर मंदिरों में शामिल है मुंबई का सिद्धिविनायक मंदिर







भगवान गणेश को समर्पित सिद्धिविनायक मंदिर, मुंबई के सबसे समृद्ध और विशाल मंदिरों में से एक है। गणेश जी की जिन प्रतिमाओं की सूड़ दाईं ओर मुड़ी होती है, वे सिद्धपीठ से जुड़ी होती हैं और उनके मंदिर सिद्धिविनायक मंदिर कहलाते हैं। सिद्धिविनायक गणेश जी का सबसे लोकप्रिय रूप है। हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक यहां दर्शन के लिए आते हैं।

आपको जानकर हैरानी होगी कि यहां रोजाना करीब 25 हजार से लेकर 2 लाख रुपए तक का चढ़ावा चढ़ाया जाता है। यहां पर काले पत्थर पर बने हुए गणेश भगवान की मूर्ति पर सबसे ज्यादा दान चढ़ाया जाता है। जो करीब 200 साल पुरानी है। मंदिर की सलाना कमाई 48 करोड़ रुपए से 125 करोड़ रुपए के बीच है।

### मंदिर की बनावट

मुंबई के प्रभादेवी इलाके में स्थित इस मंदिर का निर्माण 19 नवंबर 1801 में हुआ था। वर्तमान में सिद्धिविनायक मंदिर 5 मंजिला इमारत है। जहां प्रवचन ग्रह से लेकर गणेश संग्रहालय, गणेश विद्यापीठ के अलावा दूसरी मंजिल पर गरीब के मुफ्त इलाज के लिए अस्पताल भी है। इस मंजिल पर रसोईघर भी है। जहां से लिफ्ट सीधे गर्भग्रह में आती है। गणपति पूजन के लिए प्रसाद और लड्डू इसी रास्ते से लाया जाता है। यहां स्थापित गणेश की प्रतिमा भी विशिष्ट है। भव्य सिंहासन पर स्थापित ढाई फुट ऊंची और दो फुट चौड़ी प्रतिमा एक ही काले पत्थर से गढ़ी गई है। उनकी चार भुजाओं में से एक में कमल, दूसरे में फरसा, तीसरे में जपमाला और चौथे में मोदक है। बाएं कंधे से होते हुए उदर पर लिपटा सांप है। माथे पर एक आंख उसी तरह से है, जैसे शिव की तीसरी आंख होती है। प्रतिमा के एक तरफ रिद्धि व दूसरी तरफ सिद्धि की प्रतिमा है।

मंदिर में लकड़ी के दरवाजे पर अष्टविनायक को प्रतिबिंबित किया गया है। मंदिर के अंदर सोने के लेप से सजी छतें हैं।

### मंदिर का इतिहास

मान्यता है कि जब सृष्टि की रचना करते समय भगवान विष्णु को नींद आ गई, तब भगवान विष्णु के कानों से दो दैत्य मधु व कैटभ बाहर आ गए। ये दोनों दैत्यों बाहर आते ही उत्पात मचाने लगे और देवताओं को परेशान करने लगे। दैत्यों के आंतक से मुक्ति पाने हेतु देवताओं ने श्रीविष्णु की शरण ली। तब विष्णु शयन से जागे और दैत्यों को मारने की कोशिश की लेकिन वह इस कार्य में असफल रहे। तब भगवान विष्णु ने श्री गणेश का आह्वान किया, जिससे गणेश जी प्रसन्न हुए और दैत्यों का संहार हुआ। इस कार्य के उपरांत भगवान विष्णु ने पर्वत के शिखर पर मंदिर का निर्माण किया तथा भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित की। तभी से यह स्थल 'सिद्धटेक' नाम से जाना जाता है।

मंदिर के आसपास घूमने वाली जगहें

अगर आप सिद्धिविनायक दर्शन के लिए जा रहे हैं तो महालक्ष्मी मंदिर, चौपाटी और जूहू बीच, गेटवे ऑफ इंडिया, हाजी अली, माउंट मेरी चर्च जाना बिल्कुल न भूलें। जो बहुत ही पॉप्युलर टूरिस्ट डेस्टिनेशन्स हैं और सिद्धिविनायक मंदिर से कुछ ही किलोमीटर के अंदर स्थित हैं।

**कैसे पहुंचे**

**हवाई मार्ग- छत्रपति शिवाजी इंटरनेशनल यहां का सबसे नज़दीकी एयरपोर्ट है।**

**रेल मार्ग- दादर यहां तक पहुंचने का सबसे नज़दीकी रेलवे स्टेशन है। वैसे मुंबई लोकल से भी मंदिर से भी यहां तक पहुंचा जा सकता है।**

**सड़क मार्ग- वर्ली और टारडियो से प्रभादेवी तक सड़क मार्ग तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। इसके अलावा आप टैक्सी और ऑटो-रिक्शा बुक करके भी यहां तक पहुंच सकते हैं।**

# विश्व प्रसिद्ध है इंदौर का खजराना गणेश मंदिर



इंदौर की सांस्कृतिक विरासत को जानने में रुचि रखने वाले आगंतुकों के लिए, खजराना गणेश मंदिर शहर की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक विरासत की झलक पेश करता है। इसका शांत वातावरण, इसके ऐतिहासिक महत्व के साथ मिलकर, इसे भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता के समृद्ध अनुभव को देखने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति के लिए एक जरूरी गंतव्य बनाता है।

आध्यात्मिकता और भक्ति का प्रतीक है, जो हजारों भक्तों और पर्यटकों को आकर्षित करता है। भगवान गणेश को समर्पित यह पूजनीय मंदिर न केवल पूजा का स्थान है, बल्कि इस क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक उत्साह का प्रतीक भी है।

### क्या है खजराना गणेश मंदिर के उल्टे स्वास्तिक का रहस्य

यहां भक्त की मांगी गई हर मनोकामना की पूर्ति होती है।अपनी मनोकामना मांगते समय भक्त भगवान श्री गणेश की मूर्ति की पीठ पर उल्टा स्वास्तिक बनाते है और मनोकामना के पूरे होने पर सीधा स्वस्तिक बनाते है व बप्पा को लड्डू और मोदक का भोग लगाया जाता है।

रानी अहिल्याबाई होलकर ने करवाया था निर्माण कार्य

इंदौर के खजराना इलाके में स्थित खजराना गणेश मंदिर की स्थापना 19वीं शताब्दी की शुरुआत में होलकर राजवंश के द्वारा की गई थी। ऐसा माना जाता है कि मंदिर का निर्माण रानी अहिल्याबाई होलकर ने करवाया था, जो हिंदू परंपराओं के प्रति अपनी धर्मपरायणता और समर्पण के लिए जानी जाती थीं।

कहा जाता है कि मंदिर का निर्माण भगवान गणेश की मूर्ति रखने के लिए किया गया था, जिसे मूल रूप से रानी के पति मल्हार राव होलकर ने इंदौर के आसपास के जंगलों में खोजा था।

### होल्कर वंश की भव्यता को दर्शाता है यह मंदिर

खजराना गणेश मंदिर की डिजाइन बेहद ही सुंदर है जो कि इंदौर के होल्कर राजवंश की भव्यता को दर्शाती है।मुख्य संरचना में जटिल नक्काशी और एक राजसी प्रवेश द्वार है, जो विस्तृत रूपांकनों और मूर्तियों से सुसज्जित है।

मंदिर के केंद्रीय हॉल में भगवान गणेश की एक बड़ी मूर्ति है। संगमरमर से बनी यह मूर्ति सोने और कीमती पत्थरों से खूबसूरती से सजी हुई है, जो इसकी दिव्य आभा को बढ़ाती है।मंदिर परिसर में विभिन्न देवताओं को समर्पित कई छोटे मंदिर भी हैं, जो इसके आध्यात्मिक माहौल को बढ़ाते हैं। जिसमें हरे-भरे बगीचे हैं जो शांति और प्रेरणा की तलाश करने वाले आगंतुकों के लिए एक शांतिपूर्ण वातावरण बनाते हैं।

### बुधवार को आते हैं भक्त बड़ी संख्या में आशीर्वाद लेने

खजराना गणेश मंदिर भगवान श्री गणेश को समर्पित अत्यंत प्राचीन मंदिर है यहां पर हर रोज हजारों भक्त दर्शन करने के लिए पहुंचते है। गणेश चतुर्थी के पवन अवसर पर यहां विशेष आयोजन किया जाता है, बुधवार को यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की संख्या दर्ज की जाती है।पूरे साल, मंदिर आशीर्वाद लेने और अनुष्ठान करने वाले भक्तों के लिए एक लोकप्रिय गंतव्य बना रहता है।

मंदिर का प्रबंधन भक्तों की जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष प्रार्थना, हवन (पवित्र अग्नि अनुष्ठान) और प्रसाद (अर्पण) सहित विभिन्न सेवाए भी प्रदान करता है।

# पुणे का अनोखा त्रिशुंड गणपति मंदिर जहां भगवान गणेश मोर पर विराजते हैं





**भारत के इस मंदिर में मोर पर विराजमान है बप्पा, गणेश उत्सव पर दिखती है अनोखी रौनक**

गणेश चतुर्थी का त्योहार देश में बड़े ही धूमधाम से करीब 10 दिनों तक मनाया जाता है। इस दौरान घर-घर मूर्तियां स्थापित की जाती हैं और मंडप सजाए जाते हैं। बप्पा के आगमन की खुशी में व्यंजन और मिठाइयों का भोग लगाया जाता है। गणेश चतुर्थी के इस खास अवसर पर हम आपको एक ऐसे अनोखे मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं जिसकी मान्यता सुनकर आप हैरान रह जाएंगे।

क्या है मंदिर का नाम

दरअसल भारत में भगवान गणेश जी का ऐसा मंदिर मौजूद है यहां पर बप्पा मूषक पर नहीं बल्कि मोर पर विराजमान हैं। यह मंदिर महाराष्ट्र के पुणे में स्थित है। इस मंदिर का नाम त्रिशुंड गणपति मंदिर है। शहर की चहल-पहल के बीच यह मंदिर भक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। इस मंदिर का इतिहास लगभग हजारों साल पुराना है। पहले यह एक शिव मंदिर हुआ करता था लेकिन बाद में इसे भगवान गणेश जी को समर्पित कर दिया गया।

कब हुआ मंदिर का निर्माण

त्रिशुंड मयूरेश्वर गणपति मंदिर का निर्माण 24 अगस्त 1754 को धामपुर के भिक्षु गिरी गोसावी ने शुरू किया था। इसका निर्माण कार्य 1770 में पूरा हुआ। त्रिशुंड विनायक मंदिर का अर्थ तीन सूंड है। यह भगवान गणेश की अनोखी मूर्ति की खासियत है। ये प्रतिमा तीन आंखों वाली और छह भुजाओं वाली है। इस मूर्ति की खासियत है कि यहां बप्पा मोर पर सवार हैं। इस मूर्ति को कीमती रत्नों से सजाया गया है। भक्तों का मानना है कि यहां पर भगवान गणेश की पूजा करने से किसी भी नए काम में सफलता मिलती है।

मंदिर की अनोखी वास्तुकला

भगवान गणेश की मूर्ति इस मंदिर में काले पत्थरों से बनी हुई है। भगवान की आंखों और सूंड पर की गई कारीगरी देखकर लोग हैरान रह जाते हैं। मूर्ति की सूंड में लड्डू भी बनाया गया है। मंदिर का सामने वाला हिस्सा कमाल की नक्काशी से भरा है। माना जाता है कि इसमें कुछ तस्वीरें देवी देवताओं और पुरानी कहानियों के पात्रों को उकेरती है।

गणेश चतुर्थी पर त्रिशुंड मंदिर जगमगा उठता है। इस खास मौके पर यहां भजन, कीर्तन और ढोल तासे से पूरा वातावरण गूंज उठता है। यहां लोग पूजा अर्चना करने आते हैं। माना जाता है कि भक्तों की मनोकामनाएं यहां आकर पूरी होती हैं।

गणेश चतुर्थी पर त्रिशुंड मंदिर जगमगा उठता है। इस खास मौके पर यहां भजन, कीर्तन और ढोल तासे से पूरा वातावरण गूंज उठता है। यहां लोग पूजा अर्चना करने आते हैं। माना जाता है कि भक्तों की मनोकामनाएं यहां आकर पूरी होती हैं।

# अष्टविनायक में नहीं आता गणपति का ये मंदिर

## फिर भी हर दिन जुटती है भक्तों की भारी भीड़



हिंदू धर्म में जिस भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों की तरह प्रथम पूजनीय माने जाने वाले गणपति के आठ पावन धाम का बहुत ज्यादा महत्व माना गया है। भगवान गणेश के इन आठ मंदिरों में मयूरेश्वर मंदिर, सिद्धिविनायक मंदिर, बल्लालेश्वर मंदिर, वरदविनायक मंदिर, चिंतामणी मंदिर, गिरिजात्मज अष्टविनायक मंदिर, विघ्नेश्वर अष्टविनायक मंदिर और महागणपति मंदिर हैं, जिन्हें अष्टविनायक कहा जाता है, लेकिन इन 8 मंदिरों की लिस्ट में न मौजूद होने के बाद भी मुंबई स्थित सिद्धिविनायक मंदिर में हर दिन क्यों भक्तों की भारी भीड़ क्यों पहुंचती है, आइए इसके धार्मिक महत्व के बारे में जानते हैं।

देश की आर्थिक राजधानी कही जाने वाली मुंबई में स्थित सिद्धिविनायक मंदिर में जिस मूर्ति के दर्शन भक्तों को होते हैं, उसे एक ही काले पत्थर को तराश कर बनाया गया है।

गणपति की इस मूर्ति में उनकी सूंड़ दाईं ओर मुड़ी हुई है, इसलिए इनकी पूजा का बहुत ज्यादा महत्व माना गया है। हिंदू मान्यता के अनुसार गणपति की ऐसी मूर्ति वाला मंदिर उनका सिद्ध धाम होता है, जहां पर पूजा करने पर भक्तों की बड़ी से बड़ी कामना पलक झपकते पूरी होती है।

सिद्धिविनायक मंदिर में गणपति अपनी यानि देवी रिद्धि और देवी सिद्धि के साथ विराजमान हैं। ऐसे में इस मंदिर में पूजा करने पर व्यक्ति को शुभता और सौभाग्य के साथ देवी माता रिद्धि और माता सिद्धि का भी आशीर्वाद मिलता है।

सिद्धि विनायक देश के उन मंदिरों में से एक है, जहां पर सबसे ज्यादा चढ़ावा चढ़ता है। मंदिर में गणपति का वाहन कहलाने वाले चांदी के चूहों की मूर्ति भी है, जिसके कान के पास जाकर भक्त अपनी मनोकामनाएं कहते हैं ताकि वे उनकी कामना को गणपति तक पहुंचा दें।

देश के तमाम प्रसिद्ध मंदिरों की तरह सिद्धिविनायक मंदिर की भी आरती बहुत प्रसिद्ध है, जिसे देखने के लिए लोग-दूर से पहुंचते हैं या फिर घर बैठे लाइव देखते हैं। भगवान सिद्धिविनायक के बारे में मान्यता है कि उनकी पूजा से जीवन से जुड़ी बाधाएं दूर और मनोकामनाएं पूरी होती है।

हिंदू मान्यता के अनुसार जो भक्त भगवान सिद्धिविनायक की प्रतिदिन विधि-विधान से पूजा करता है, उस पर गणपति की हर समय कृपा बरसती है और ऋद्धि-सिद्धि की प्राप्ति होती है।

जिस सावन में सोमवार का दिन भगवान शिव और मंगलवार का दिन मां मंगला गौरी की पूजा के लिए समर्पित है, उसमें बुधवार का दिन दुखहर्ता और सुखकर्ता भगवान श्री गणेश की पूजा के लिए फलदायी माना गया है। इसके अलावा आप सावन के महीने में पड़ने वाली चतुर्थी को भी उनकी विधि-विधान से पूजा करके उनका आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं।

यदि आप गणपति से मनचाहा आशीर्वाद पाना चाहते हैं तो आज उनकी पूजा में उन्हें 21 गांठ दूर्वा और 21 मोदक या मोतीचूर लड्डू चढ़ाने के बाद 'ॐ गं गणपतये नमः' मंत्र का अधिक से अधिक जप करें।



# कामयाबी चाहिए तो गणेश जी को ऐसे चढ़ाएं दूर्वा और मौली

गणेश जी को दूर्वा और मौली से समर्पण

गणेश जी की पूजा में दूर्वा और मौली का खास महत्व है। सबसे पहले आपको यह समझना होगा कि गणेश जी को जो चीज़ समर्पित की जा रही है, उसे मौली से बांधना चाहिए। धागे या किसी दूसरी चीज से बांधना सही नहीं माना जाता। उदाहरण के लिए अगर आप गणेश जी को दूर्वा अर्पित कर रहे हैं, तो दो बार ही उसे लपेटकर बांधें। इससे पूजा का प्रभाव बढ़ता है और भगवान की कृपा जल्दी मिलती है।

### टूटे हुए दांत वाली मूर्ति का महत्व

कुछ लोगों के पास गणेश जी की मूर्ति होती है जिसमें दांत टूटा होता है। इस स्थिति में मूर्ति को विशेष ध्यान से पूजा करनी चाहिए। टूटा हुआ दांत दुर्भाग्य और कठिनाई को दर्शाता है, लेकिन सही पूजा से इसे सकारात्मक ऊर्जा में बदला जा सकता है। ऐसे मूर्ति को समर्पण करते समय ध्यान रखें कि दुर्गा या अन्य देवी-देवताओं का प्यार और श्रद्धा भी इसमें शामिल हो। इससे आपकी कामनाएं पूरी होने में मदद मिलती है।

गणेश जी को दूर्वा अर्पित करने का तरीका आपकी इच्छा पर भी निर्भर करता है

**प्रगति और वृद्धि के लिए: 11 दूर्वा अर्पित करें।**

**सिद्धि और सफलता के लिए: 7 दूर्वा अर्पित करें।**

**परीक्षा में सफलता और ज्ञानवर्धन के लिए: 5 दूर्वा अर्पित करें।**

### प्रेम और श्रद्धा का महत्व

किसी भी पूजा में सिर्फ नियमों का पालन नहीं, बल्कि श्रद्धा और प्रेम होना जरूरी है। गणेश जी को अर्पित करते समय अपने मन में सच्चा प्रेम और भक्ति रखनी चाहिए। इससे पूजा में ऊर्जा बढ़ती है और आपके प्रयास जल्दी सफल होते हैं।

# अब मैं हर किरदार को करने में सक्षम हूं: रेजिना कैसेंड्रा

'जाट', 'साकिनी - डाकिनी' और 'केसरी चैप्टर-2' जैसी फिल्मों से लेकर 'रॉकेट ब्वॉयज' जैसी वैब सीरीज में अभिनय कर चुकी रेजिना कैसेंड्रा ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में गुजारे 20 सालों को बेहतरीन बताया है। उसके अनुसार सफर देखने में जितना हसीन है, दरअसल, वैसा था नहीं।

इसी साल उनकी दो बड़ी फिल्में 'केसरी चैप्टर-2' और 'जाट' रिलीज हुईं और दोनों में ही उसके किरदार एक-दूजे से एकदम जुदा थे। उसके अंदाज को इंडस्ट्री के फिल्मकार काफी पसंद करने लगे हैं।

अपने इस सफर को लेकर साऊथ की ब्यूटी रेजिना ने बताया, "मेरा फिल्मी सफर काफी शानदार रहा है। मुझे अलग- अलग भाषाओं में काम करने के मौके मिले हैं, इसके लिए मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं। अब, जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं, तो मुझे खुशी होती है लेकिन मेरे लिए यहां तक पहुंचना आसान नहीं था। कई बार मुझे खुद पर शक होता था कि मैं खुद को और दूसरों की उम्मीदों पर खरी भी उतर पाऊंगी कि नहीं। क्योंकि तब मैं बहुत छोटी थी, इसलिए मेरे लिए चीजें बिल्कुल अलग थीं।

उन्होंने बताया कि काफी समय तक उसे यह लगता रहा था कि काश उसका को ई मैंटर होता, लेकिन फिर उसने खुद ही हर चीज सीखी और अपने अनुभवों से आगे बढ़ी।

रेजिना ने कहा, आज मैं अपने इस सफर के लिए बहुत आभारी हूं, जो मैं आज हूं। मेरे काम और उससे मिली चुनौतियों ने मुझे बेहतर इंसान बनाया। मैं हमेशा से एक ऐसी अभिनेत्री बनना चाहती थी जो हर तरह का किरदार निभा सके चाहे वह 'गर्ल नैक्स्ट डोर' (पड़ोस की लड़की), भोली-भाली, साइको, ड्रग एडिक्ट, लैस्बियन गर्ल या कोई और रोल हो।

उन्होंने कहा, "मैं हर किरदार निभाना चाहती हूं। मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे किसी एक तरह के रोल में बांधा नहीं गया और इसी वजह से मैं खुद को और बेहतर कलाकार बना पाई हूं। यह सब इस पर भी निर्भर करता है कि प्रोजैक्ट और सैटअप कैसा है। वहां का माहौल शांत है या फिर बहुत उलझा हुआ है। आप इसे सिर्फ भाषा के आधार पर नहीं बांट सकते। हालांकि, साऊथ के डायरैक्टर्स ज्यादातर रिलेटेबल स्टोरी बनाना पसंद करते हैं जबकि बॉलीवुड में अभिनेताओं को स्टार बनाने पर ज्यादा फोकस किया जाता है।

**पूरा किया 'द वाइव्स' का पहला शैड्यूल**

रेजिना ने हाल ही में वैब सीरीज 'द वाइव्स' की शूटिंग की है। उसने इस बारे में बात करते हुए कहा, वैब सीरीज 'द वाइव्स' के पहले शैड्यूल को पूरा करना मेरे लिए एक रोलर-कोस्टर जैसा अनुभव रहा है। पिछले एक महीने से मैं हिंदी और तमिल के बीच संतुलन बना रही हूं। एक सफल शैड्यूल से दूसरे की ओर बढ़ रही हूं। जहां बॉलीवुड में मैं मधुर भंडारकर के साथ 'द वाइव्स' कर रही हूं, वहीं कोलिवुड (तमिल सिनेमा) में सुंदर सी. के साथ 'मूकुथी अम्मन 2' की शूटिंग कर रही हूं। मुझे अलग-अलग दुनियाओं के बीच आना-जाना पसंद है। यही वह जिंदगी है जो मैंने अपने लिए चाही थी। मैं अपने सपने को जी रही हूं।

**मैं हर किरदार निभाना चाहती हूं। मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे किसी एक तरह के रोल में बांधा नहीं गया**



# यहां पर कुछ भी मुफ्त में नहीं मिलता : कृति सेनन



फिल्म 'हीरोपंती' से अपने करियर की शुरूआत करने से लेकर 'मिमी' के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने तक कृति सेनन की फिल्मी यात्रा बिल्कुल आसान नहीं थी। फिल्मों में आने से पहले कृति का सपना कभी एक्ट्रैस बनने का नहीं था । उसने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और इसके बा द मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा। यही मॉडलिंग उसके लिए फिल्मों का रास्ता बनी।

2014 में फिल्म 'हीरोपंती' से कृति ने टाइगर श्रॉफ के साथ बॉलीवुड में डेब्यू किया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही और उसको इंडस्ट्री में पहचान दिलाई। इसके बाद उसने कई कमर्शियल रूप से सफल फिल्मों में काम किया और धीरे- धीरे अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया। उसकी जिंदगी का टर्निंग प्वॉइंट फिल्म 'मिमी' (2021) बनी, जिसमें उसने सरोगेट मां का किरदार निभाया। इस रोल के लिए उसे राष्ट्रीय फिल्म अवार्ड से सम्मानित किया गया।

**आऊटसाइडर होने का संघर्ष**

हाल ही में एक इवेंट में कृति ने बताया कि एक आऊटसाइडर (गैर-फिल्मी परिवारों से आने वाले) के लिए यहां टिके रहना आसान नहीं है। उसने कहा, 'अगर आप फिल्मों में करियर बनाना चाहते हैं तो इसके लिए आपमें जुनून हो ना चा हि ए । कुछ भी आपको थाली में स जा कर या मुफ्त में न हीं मि ल ने वाला। इस इंडस्ट्री में को ई शॉर्टकट नहीं है। मेहनत करनी पड़ती है और सबसे बड़ी बात है कि आपको हार नहीं माननी चाहिए। खासकर तब, जब आप फिल्मी परिवार से नहीं आते। कोई भी आपको आसानी से मौका नहीं देगा ।

**लोग सिर्फ आपकी कमियां गिनवाएंगे**

उन्होंने बताया, "ऐसे समय भी आते हैं जब लोग आपके बारे में नकारात्मक बातें कहेंगे। लोग कहेंगे कि आप बहुत छोटे हैं, बहुत लंबे हैं, बहुत पतले हैं, या आपका शरीर सही शेप में नहीं है। लोग आपको सिर्फ आपकी कमियां गिनवाएंगे लेकिन यह कोई नहीं कहेगा कि 'तुम कर सकते हो ' - सिवाय खुद आपके, इसलिए खुद पर विश्वास करना बहुत जरूरी है । '

**जरूरी है धैर्य और मेहनत**

कृति ने कहा कि फिल्मों में करियर बनाने के लिए सबसे जरूरी है धैर्य और मेहनत । उसने समझाया, आपको मजबूत रहना होगा । सही समय पर मौका जरूर मिलेगा, लेकिन तब तक खुद पर काम करते रहना जरूरी है। अगर फिल्म मिलने में समय लग रहा है तो इसे नैगेटिव न लें। यह सोचें कि यह समय आपको खुद को बेहतर बनाने के लिए मिला है। जब सही समय आएगा तो सब कुछ अपने आप होगा।

**मुंबई में खरीदी करोड़ों की प्रॉपर्टी**

हाल में ही कृति ने मुंबई के बांद्रा में करोड़ों में एक आलीशान सी - फेसिंग डुप्लैक्स पैंटहाऊस खरीदा। उसने बताया कि प्रॉपर्टी में निवेश करना भी एक जरूरी पार्ट है। हमेशा रैंट पर रहना सही नहीं ।

जब उसके पेरैंट्स भी मुंबई में शिफ्ट हुए तो उन्हें बड़े घर की जरूरत हुई। कृति ने कहा कि वह उनमें से एक है जिनके लिए फैमिली बहुत जरूरी है। घर बार-बार नहीं बसाए जाते, इसलिए वह एक बार में ही अपने घर को सजाना और संवारना चाहती थी।

**फिटनेस पर भी बोली**

आजकल की प्रैशर भरी जिंदगी में फिटनैस कितना जरूरी है, इसे लेकर कृति ने कहा कि आजकल महिलाओं के लिए यह बहुत जरूरी है, क्योंकि औरतें बहुत बिजी और ढेर सारी जिम्मेदारियों के बीच घिरी रहती हैं । ऐसे वे खुद के लिए समय ही नहीं निकाल पाती हैं। बेशक वे योग करें या फिर सैर, मगर खुद के लिए समय निकालें और फिटनैस पर 45 मिनट से 1 घंटे तक जरूर देना चाहिए।

उसने बताया कि वह अपनी मां को भी एक्सरसाइज के लिए कहती है। इतना ही नहीं, उनसे सैर करने का सबूत भी मांगती है कि तस्वीर भेजिए कि वह रोजाना 10 हजार कदम चल रही हैं या नहीं ।

**हालिया काम और आने वाली फिल्में**

कृति पिछली बार थ्रिलर फिल्म 'दो पत्ती' (2024) में नजर आई। इसमें उसने दोहरी भूमिका निभाई और बतौर निर्माता भी डेब्यू किया। गत वर्ष वह करीना कपूर खान और तब्बू के साथ फिल्म 'क्रू' और शाहिद कपूर के साथ रोमांटिक ड्रामा 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में भी दिखाई दी थी। आगे कृति के पास कई बड़ी फिल्में हैं- 'तेरे इश्क में ' (निर्देशक आनंद एल. राय ) 28 नवम्बर को रिलीज होगी, जिसमें वह धनुष के साथ दिखाई देगी। निर्देशक होमी अदजानिया की फिल्म 'कॉकटेल 2' की शूटिंग जल्द शुरू होगी।

# गौहर खान ने किया अपनी डाइट का खुलासा



गौहर खान इन दिनों अपनी सैकेंड प्रैग्नेंसी को लेकर सुर्खियों में है। जल्द ही वह अपने दूसरे बच्चे को जन्म देगी। इसी बीच पिछले दिनों गौहर खान ने अपने पॉडकास्ट की भी शुरुआत की, जिसमें वह अलग-अलग सैलिब्रिटीज से चर्चा करती नजर आ जाती है। उसने 2023 में अपने पहले बच्चे को जन्म दिया था, जिसका नाम उसने जेहान रखा। बेटे के जन्म के कुछ दिनों के अंदर ही गौहर फैट से फिट हो गई और अपने ट्रांसफॉर्मेशन से सबको चौंका दिया। अब उसने अपनी पहली प्रैग्नेंसी के दौरान अपने बढ़े वजन और फिर वेट लॉस को लेकर खुलकर बात की और बताया कि उसने 10 दिनों के अंदर ही 10 किलो वजन कम कर लिया था ।

**कैसे घटाया वजन**

गौहर ने हाल ही में एक्ट्रैस देबीना बनर्जी के पॉडकास्ट में कई शॉकिंग खुलासे किए और बताया कि कैसे उसने 1-2 चीजों के सहारे अपना वजन कम किया ।

गौहर ने कहा, मैं डाइट के दौरान हरी सब्जियां और सूप लेती हूं । खाने के मामले में मैं अपने मुंह को ज्यादातर बंद रखने की ही कोशिश करती हूं। मैं खा तो प्रॉपर रही थी, लेकिन खाने में सिर्फ सलाद, सूप और हरी सब्जियां ही ले रही थी ।

**इन चीजों से कर ली तौबा गौहर**

आगे कहती है, "अपनी वेट लॉस जर्नी के दौरान मैंने नॉन वैज खाना छोड़ दिया था । मटन मेरा फेवरेट है, लेकिन मैं वह भी नहीं खाती थी क्योंकि इसमें बहुत ज्यादा कैलोरीज होती हैं। मेरे पास न तो कोई महंगा जिम ट्रेनर था और न ही कोई महंगी डाइट फॉलो की । मैंने बिना किसी महंगे न्यूट्रिशन प्लान के वजन कम किया। मेरे दिमाग बस यह बात थी कि मुझे फिर से स्क्रीन पर आना है और इसलिए मैं इन सब चीजों को हल्के में नहीं ले सकती ।

**बेटे को 6 महीने अपना दूध पिलाया**



गौहर ने डिलीवरी के बाद के अपने 6 महीने याद करते हुए कहा, " मैंने 6 महीने तक अपने बेटे जे हा न को ब्रेस्टफीड कराया था लेकिन, मैं पूरी तरह उसे ब्रैस्टफीडिंग नहीं करा रही थी, उसे फॉर्मूला मिल्क भी देती थी। मैंने उस दौरान सामान्य खाना खाया, बस अपनी डाइट में फैट, कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन का ध्यान रखती थी। इन दिनों वह अपनी प्रैग्नेंसी के आखिरी फेज को खूब एंजॉय कर रही है।

# अंजली राघव कौन हैं? पवन सिंह संग विवाद के बाद सुर्खियों में आई मशहूर हरियाणवी एक्ट्रेस

एक्ट्रेस अंजलि राघव का भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह संग विवाद हो गया है. दरअसल, हाल ही में अंजलि ने पवन सिंह के संग एक स्टेज शो किया. इस दौरान पवन सिंह अपना कंट्रोल खो बैठे और उन्होंने अंजलि राघव के कमर पर उंगलियां फेर दीं. इससे अंजलि काफी ज्यादा अनकंफर्टबल हो गईं.

अंजलि के मना करने के बाद भी पवन सिंह अपनी हरकतों से बाज नहीं आए. सोशल मीडिया पर जैसे ही ये वीडियो वायरल हुई, लोगों ने पवन सिंह को ट्रोल करना शुरू कर दिया. अब ऐसे में बहुत से लोग जानना चाहते हैं कि आखिर ये अंजलि राघव हैं कौन? तो चलिए इस आर्टिकल के जरिए जानते हैं...

**कौन हैं अंजलि राघव**

अंजलि राघव हरियाणवी डांसर, एक्ट्रेस और मॉडल हैं. उन्होंने कई सुपरहिट हरियाणवी म्यूजिक एल्बम में काम किया है. 'चंद्रवाल देखूंगी' और 'गिरे ये आंसू' जैसे म्यूजिक वीडियो से अंजलि को खूब पॉपुलैरिटी मिली. एक्ट्रेस का जन्म 6 जून 1992 में दिल्ली में हुआ था. बचपन से ही उन्हें सिंगिंग और डांसिंग का बेहद शौक था.

**सिंगर दीलिप खारकिया संग जुड़ता है नाम**

अंजलि ने 2018 में अपना पहला लाइव डांस किया था. उन्हें बेस्ट फीमेल मॉडल हरियाणा के खिताब से भी नवाजा जा चुका है. अंजलि अभी अनमैरिड हैं. रिपोर्ट के अनुसार अंजलि का नाम अक्सर सिंगर दीलिप खारकिया से जुड़ता रहता है. ऐसा कहा जाता है कि दोनों डेट कर रहे हैं.



**पिता और मां की हो चुकी है मौत**

हालांकि, अंजलि ने कभी ऑफिशियल तौर पर कुछ भी नहीं कहा. एक इंटरव्यू में अंजलि ने बताया था कि जब वो कॉलेज में पढ़ाई कर रही थीं उसी दौरान उनके पिता की दोनों किडनियां फेल होने की वजह से मौत हो गई. इतना ही नहीं बल्कि पिता की मौत से छह महीने पहले एक्ट्रेस की मां का ब्रेम हेमरेज से निधन हो गया था.

**मजबूरी में किया म्यूजिक इंडस्ट्री की तरफ रुख**

अब उनके घर में सिर्फ दो बड़ी बहनें शिखा राघव और शिवानी राघव और भाई कमल राघव ही बचे थे. अंजलि ने बताया था कि वो टीचर बनना चाहती थीं लेकिन ना चाहते हुए भी उन्हें हरियाणा म्यूजिक वीडियो इंडस्ट्री की तरफ रुख करना पड़ा. इससे पढ़ाई और पिता के इलाज का खर्च निकल जाया करता था.

बता दें अंजलि राघव बॉलीवुड फिल्म तेवर में छोटी सी भूमिकि में नजर आ चुकी हैं. इसके अलावा वो कैरी-रिश्ता खट्टा मीठा नाम के सीरियल में भी काम कर चुकी हैं.बता दें हाल ही में अंजलि की पवन सिंह के संग म्यूजिक वीडियो 'सइयां सेवा करे' रिलीज हुई है.



# किरोड़ी के बाद अब हनुमान बेनीवाल ने गहलोत, वसुंधरा और पायलट पर साधा निशाना



जयपुर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान हाईकोर्ट से सब-इंस्पेक्टर भर्ती 2021 के रद्द करने का आदेश आने के बाद नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल लगातार खुलकर बोल रहे है। कैबिनेट मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के बाद अब हनुमान बेनीवाल ने पूर्व सीएम अशोक गहलोत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, महेश जोशी पर तीखा हमला बोला है।

सीकर जिले के भोजासर बड़ा गांव में शनिवार को लोक देवता वीर तेजाजी महाराज के मंदिर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व मंत्री महेश जोशी का एक फोटो वायरल हुआ था। वे कह रहे थे कि मैं तो प्रणायाम कर रहा हूं। अब कह रहे हैं कि मैं जेल में बहुत धार्मिक हो गया हूं। जेल में तो सारे ही धार्मिक होते हैं। आपको पता है जेल के अंदर क्या-क्या काम करवाते हैं। कितना ही बड़ा नेता हो या दादा, जेल के अंदर जाकर अपनी औकात में आ ही जाता है।

पायलट और वसुंधरा राजे पर भी साधा निशाना

बेनीवाल ने कहा है कि एक बार सचिन पायलट भी जेल चले गए थे, तब बैंसला जी आंदोलन कर रहे थे। तब गुर्जरों ने कहा था कि सारा श्रेय बैंसला जी ले रहे हैं। आप भी चलो, पायलट गए और उन्हें पुलिस ने पकड़ लिया था। जेल में जाते ही सचिन पायलट को शेखावाटी-मारवाड़ के लोग मिले। जिन्होंने पायलट से कहा कि भाया चादर लेकर सो जाओ।

नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने आगे कहा कि एक घंटे तक तो पायलट ने जेल में सोने की कोशिश की। लेकिन बाद में 1 घंटे बाद कहा कि वसुंधरा को फोन करो, मुझे मच्छर काट रहे हैं। वसुंधरा तो इंतजार ही कर रही थी कि सचिन पायलट का फोन आए। बाद में वसुंधरा ने कहा- मैं पायलट को छुड़वा रही हूं। इसके बाद पायलट को दिल्ली भेज दिया गया।

**लोगों को मिली कांग्रेस के बुरे कर्मों की सजा**

हनुमान बेनीवाल ने कहा कि कांग्रेस के बुरे कर्मों की सजा आप लोगों को मिली, इसलिए, ऐसे लोग हमारे बीच में आ गए। वसुंधरा राजे से हमने झगड़ा किया। उसकी जो दादागिरी थी, उसे उतारने के चक्कर में ऐसे लोग आ गए। इन्होंने मेरा कनेक्शन काटा है, इनके कनेक्शन तो मैं काटूंगा। बेनीवाल ने कहा कि मुझे मंत्री बनना हो तो मैं समझौता करके मंत्री बन जाता। लेकिन, मैं सिर्फ अपने दम पर ही आगे बढ़ूंगा।

# 2.80 लाख सरकारी कर्मचारियों के वेतन वृद्धि पर लगी रोक

## मची हलचल, संघ ने मुख्य सचिव और डीओपी सचिव से लगाई गुहार



जयपुर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान सरकार का बड़ा कदम। 2.80 लाख सरकारी कर्मचारियों और लगभग 3,000 की पेंशनर्स के माथे पर आई चिंता की लकीरें। सरकारी कर्मचारियों में हलचल मच गई। फिर कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने मुख्य सचिव और डीओपी सचिव से मुलाकात की। उनसे आईपीआर पोर्टल फिर से खोलने का आग्रह किया। पूरा मामला जानें।

मामला कुछ इस तरह है कि राजस्थान सरकार ने सभी सरकारी कर्मचारियों को निर्देश दिया था कि वो सभी अपनी व्यक्तिगत सम्पत्ति रिपोर्ट जमा करा दें। पर बहुत से कर्मचारियों ने लापरवाही दिखाई। इसके बाद भजनलाल सरकार ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया। जुलाई तक अपनी व्यक्तिगत सम्पत्ति रिपोर्ट (आईपीआर) जमा न कर पाने वाले 2.8 लाख कर्मचारियों की वार्षिक वेतन वृद्धि रोक दी है। साथ ही लगभग 3,000 लोगों की पेंशन रोक दी गई है। इसके बाद कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि सक्रिय हुए। उन्होंने मुख्य सचिव और डीओपी सचिव से मुलाकात की। साथ ही उनसे आईपीआर पोर्टल फिर से खोलने का आग्रह किया, जहां वे अपने दस्तावेज अपलोड कर सकें।

**मुख्य सचिव को सौंपा ज्ञापन, किया अनुरोध**

अखिल राजस्थान राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष महावीर प्रसाद शर्मा ने मुख्य सचिव को सौंपे ज्ञापन में कहा कि, यह अनुरोध किया जाता है कि अप्रैल 2025 में राजकाज पोर्टल के ठीक से काम न करने/धीमी गति से काम करने के कारण राजस्थान में लाखों कार्मिक अपनी अचल संपत्ति का विवरण सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर नहीं भर पाए, जिस वजह से इन कर्मचारियों को आईपीआर ऑनलाइन नहीं भरने से जुलाई में वार्षिक वेतन वृद्धि से वंचित होना पड़ रहा है।

**वार्षिक वेतन वृद्धि का मिल सके लाभ**

शर्मा ने ज्ञापन में कहा, अतः कृपया राजकाज पर ऑनलाइन आईपीआर भरने की तिथि पुनः खोलने का प्रयास करें। साथ ही इसे ऑनलाइन भरने की अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें, ताकि लगभग 2.8 लाख अधिकारियों और कर्मचारियों को इस परेशानी से मुक्ति मिल सके और वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ मिल सके।

पोर्टल पुनः खोलने का अनुरोध अध्यक्ष महावीर प्रसाद शर्मा ने कहा कि अगर आईएएस अधिकारियों के पास ऑनलाइन आईपीआर भरने की सुविधा है, तो राज्य सरकार के कर्मचारी इससे वंचित क्यों रहें। उन्होंने कहा, इसलिए, हमने मुख्य सचिव और डीओपी सचिव से पोर्टल पुनः खोलने का अनुरोध किया है।

# आसाराम ने जोधपुर सेंट्रल जेल में फिर किया सरेंडर

## हाईकोर्ट ने खारिज की थी जमानत याचिका



जोधपुर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। नाबालिग से रेप के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम ने 30 अगस्त 2025 को जोधपुर सेंट्रल जेल में सरेंडर कर दिया। राजस्थान हाईकोर्ट ने 27 अगस्त को उनकी अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद उन्हें जेल लौटना पड़ा। आसाराम सुबह जोधपुर के पाल गांव स्थित अपने आश्रम से रवाना हुआ और जेल पहुंचकर सरेंडर किया।

हाईकोर्ट का फैसला और मेडिकल रिपोर्ट

जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की खंडपीठ ने 27 अगस्त को सुनवाई के दौरान आसाराम की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने जोधपुर एम्स की मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि आसाराम की स्वास्थ्य स्थिति स्थिर है और उन्हें अस्पताल में भर्ती होने या लगातार चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता नहीं है।

मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, आसाराम को कोरोनरी आर्टरी डिजीज है और वह हाई रिस्क श्रेणी में आते हैं। उन्हें विशेष नर्सिंग देखभाल, नियमित निगरानी और एंडोक्रिनोलॉजिस्ट व नेफ्रोलॉजिस्ट से परामर्श की जरूरत है। हालांकि, कोर्ट ने माना कि उनकी स्थिति ऐसी नहीं है कि जमानत की अवधि बढ़ाई जाए।

# भाजपा अदालत में कुछ और, जनता के सामने कुछ और कहती रही

## एसआई भर्ती फैसले पर बोले अशोक गहलोत

जयपुर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। गहलोत ने दावा किया कि राजस्थान ने इस दिशा में सबसे पहले कड़ा कदम उठाकर देशभर में मिसाल पेश की है। कांग्रेस सरकार ने पेपर लीक के खिलाफ पहले 10 साल की सजा, फिर उम्रकैद और 10 करोड़ रुपये जुर्माना, साथ ही दोषियों की संपत्ति कुर्क करने जैसा कठोर कानून बनाया था। इसके बाद ही केंद्र सरकार ने कानून बनाया लेकिन उसमें सजा का प्रावधान कम रखा गया।

उन्होंने याद दिलाया कि उनकी सरकार ने 2021 में पूर्व आईपीएस अधिकारी महेंद्र कुमावत की अध्यक्षता में कमेटी बनाई थी, जिसने परीक्षा प्रणाली सुधार के सुझाव दिए। उसी आधार पर परीक्षा प्रक्रिया में बदलाव किए गए। साथ ही एसओजी में एंटी-चीटिंग सेल गठित किया गया, जिसने सैकड़ों आरोपियों को जेल भेजा।

गहलोत ने कहा कि रीट लेवल-2 परीक्षा में गड़बड़ी सामने आने पर कांग्रेस सरकार ने उसे रद्द कर समयबद्ध पुनः परीक्षा करवाई और पदों की संख्या बढ़ाकर 50 हजार से अधिक युवाओं को नौकरी दी। वहीं एसआई भर्ती परीक्षा पर आए हाईकोर्ट के फैसले ने भाजपा का दोहरा चरित्र उजागर कर दिया है। गहलोत के अनुसार भाजपा जनता के सामने परीक्षा रद्द करने की बात करती रही लेकिन अदालत में इसे रद्द न करने की पैरवी करती रही।

# बीजेपी विधायक की कार का जबरदस्त एक्सीडेंट

## आईसीयू में भर्ती, कार के उड़े परखच्चे



उदयपुर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। उदयपुर-राजसमंद नेशनल हाइवे पर गंभीर सड़क हादसा हुआ, जिसमें राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा करीब एक बजे उदयपुर के अंबेरी के पास अमरखजी मंदिर से आगे चीरवा टनल की तरफ जाने वाले रोड पर हुआ। विधायक की गाड़ी में उनके निजी सहायक जय और ड्राइवर धर्मेंद्र भी सवार थे।

उदयपुर से नाथद्वारा की ओर जा रही गुजरात नंबर की गाड़ी ने कट पर टर्न लिया। उसी दौरान कट पर राजसमंद से आ रही विधायक की कार से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी गंभीर थी कि तीनों घायल हो गए।

**तुरंत अस्पताल पहुंचाया**

सभी घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी को आईसीयू में भर्ती कराया गया। उनकी पसलियों में फ्रैक्चर आया है।

**सहायक के सिर में लगी चोट**

विधायक के पिता सत्यनारायण माहेश्वरी ने बताया, सहायक जय के सिर में चोटें आई हैं और ड्राइवर धर्मेंद्र भी घायल हैं। डॉक्टर उनकी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। पुलिस ने भी हादसे की जांच शुरू कर दी है। घटना स्थल पर सड़कों की स्थिति और गाड़ियों की गति का विवरण दर्ज किया जा रहा है।

बताते चलें, विधायक दीप्ति माहेश्वरी के स्वास्थ्य और उपचार की जानकारी के लिए परिवार और समर्थक अस्पताल में मौजूद हैं। पुलिस दुर्घटना की पूरी जांच कर रही है।

# चुनाव करीब आते ही धड़ाधड़ बोर्ड-आयोग का गठन

## चौंकाने वाली है पिछली सरकार की सूची

जयपुर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। प्रदेश में बोर्ड और आयोग राजनीतिक लाभ व सामाजिक समीकरण साधने का आसान जरिया बन गए हैं। राज्य में करीब 40 से अधिक ऐसे बोर्ड, आयोग और अकादमियां हैं, जहां अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति को गंभीरता से लेने के बजाय हर सरकार इनको राजनीतिक नियुक्तियों का ठिकाना बनाती आ रही है।

अधिकांश नियुक्तियां सरकार के कार्यकाल के आखिरी दो-तीन वर्षों में होती हैं, जब चुनाव नजदीक होते हैं तो समाजों को साधने की कवायद तेज हो जाती है।

नियुक्तियों में कोर्ट भी जाहिर कर चुका चिंता आयोगों में अध्यक्ष-सदस्यों के खाली पदों को लेकर पूर्व में हाईकोर्ट चिंता जता चुका है। कोर्ट ने कहा था कि बोर्ड-आयोग लंबे समय तक खाली न रखे जाएं और इनकी जानकारी नियमित रूप से सरकारी वेबसाइट पर अपडेट की जाए।

**घोषणाएं हर समाज-जाति वर्ग को साधने की रणनीति का हिस्सा**



ताजा उदाहरण पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार का है, जिसके कार्यकाल में अलग-अलग समय पर करीब 36 नए बोर्ड और आयोगों की घोषणाएं की गईं। यह घोषणाएं लगभग हर समाज-जाति वर्ग को साधने की रणनीति का हिस्सा थीं। चुनाव आचार संहिता से कुछ दिन पहले तक ऐसी घोषणाओं का सिलसिला जारी रहा, लेकिन अधिकांश में आज तक नियुक्तियां नहीं हुईं। यानी कागजों पर भले हर समाज के लिए आयोग बन गए, लेकिन समाजों को उनका व्यावहारिक लाभ नहीं मिला।

70 के करीब बनाए गए थे अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पूर्ववर्ती सरकार में ज्यादातर नियुक्तियां स्थायी प्रकृति के बोर्ड-आयोगों में हुईं। इनमें करीब 70 अध्यक्ष व उपाध्यक्ष बनाए गए। इनमें से 35 को मंत्री का दर्जा दिया गया। 4 को कैबिनेट और 31 को राज्यमंत्री का दर्जा देकर सुविधाएं दी गई थी। कई में नियुक्तियां तो विधानसभा चुनाव आचार संहिता लगने से ठीक पहले हुईं, जिससे वे पदभार तक ग्रहण नहीं कर सके।

**सुधार की दरकार**

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राजस्थान में बोर्ड और आयोगों को केवल चुनावी हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। अगर इनमें समयबद्ध नियुक्तियां हों और राजनीतिक तुष्टिकरण के बजाय वास्तविक कार्य के लिए सक्रिय किया जाए, तो समाजों को सीधा लाभ मिल सकता है।

# एसआई भर्ती परीक्षा रद्द होने पर भड़के अभ्यर्थी

## प्रदर्शन कर बोले- सात साल की मेहनत पर फिरा पानी

अजमेर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2021 को राजस्थान हाईकोर्ट द्वारा रद्द किए जाने के बाद अभ्यर्थियों और उनके परिजनों में भारी नाराजगी देखने को मिली। शनिवार को बड़ी संख्या में अभ्यर्थी अजमेर स्थित लोक सेवा आयोग कार्यालय के बाहर पहुंचे और प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने कहा कि इस परीक्षा की तैयारी के लिए उन्होंने सात वर्षों तक दिन-रात मेहनत की। कठिन संघर्ष के बाद सफलता हासिल हुई थी, लेकिन हाईकोर्ट के फैसले ने उनके सपनों को तोड़ दिया। कई अभ्यर्थियों ने भावुक होकर कहा कि उनके परिवार वालों ने भी बड़ी उम्मीदों के साथ त्याग और समर्थन किया था, लेकिन अब सब कुछ ध्वस्त हो गया है।

**'गड़बड़ी आयोग की, सजा अभ्यर्थियों को क्यों?'**

अभ्यर्थियों ने सवाल उठाया कि यदि भर्ती प्रक्रिया में किसी प्रकार की गड़बड़ी थी तो इसकी जिम्मेदारी आयोग और सरकार की बनती है, न कि मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों की। उन्होंने कहा कि ईमानदारी और लगन से पढ़ाई करने वालों का भविष्य अब अधर में लटक गया है। इस फैसले से न केवल उनकी मेहनत पर पानी फिर गया, बल्कि उनका करियर भी खतरे में पड़ गया है।

डबल बेंच और सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई का एलान

प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि वे इस फैसले को अंतिम नहीं मानते। सभी अभ्यर्थी हाईकोर्ट की डबल बेंच में अपील करेंगे और राज्य सरकार से भी उम्मीद करते हैं कि वह अदालत में उनके पक्ष में मजबूती से पैरवी करे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि वहां से भी राहत नहीं मिली तो आंदोलन तेज किया जाएगा और अंततः सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा।

अभ्यर्थियों ने कहा कि कई उम्मीदवार अब भर्ती की अधिकतम आयु सीमा पार करने के कगार पर हैं। ऐसे में उनके लिए अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होना भी मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह फैसला केवल उनकी नौकरी नहीं छीन रहा, बल्कि उनके भविष्य पर भी गहरा प्रश्नचिन्ह लगा रहा है।

**परिजनों ने जताई पीड़ा**

अभ्यर्थियों के साथ आए परिजनों ने भी गुस्सा और दुख जाहिर किया। एक परिजन ने कहा कि बच्चों के सपनों को पूरा करने के लिए हमने बहुत त्याग किए, लेकिन अब उनकी मेहनत और उम्मीदें अधूरी रह गईं। यह अन्याय है।

अंत में अभ्यर्थियों ने साफ कहा कि उनका संघर्ष केवल नौकरी पाने का नहीं है, बल्कि मेहनत और ईमानदारी की जीत का है। जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, वे पीछे हटने वाले नहीं हैं। अब सभी की निगाहें सरकार और अदालत के अगले कदम पर टिकी हुई हैं।

# नीट छात्रा ने की आत्महत्या की कोशिश

## कोचिंग स्टाफ ने बचाई जान

जयपुर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। राजधानी में गोपालपुरा क्षेत्र में स्थित एक कोचिंग इंस्टीट्यूट में नीट की तैयारी कर रही एक छात्रा ने इमारत की छत से कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की। इस दिल दहलाने वाली घटना में कोचिंग स्टाफ की त्वरित कार्रवाई ने एक लड़की की जान बचा ली। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कोचिंग स्टाफ की सूझबूझ और तत्परता साफ नजर आ रही है।

**क्या है पूरी घटना?**

जानकारी के अनुसार, यह घटना गोपालपुरा के एक कोचिंग सेंटर में हुई। बताया जा रहा है कि उक्त छात्रा पिछले कुछ समय से कोचिंग में अनुपस्थित थी। इस कारण उसके परिजन उससे मिलने और स्थिति का जायजा लेने के लिए कोचिंग सेंटर पहुंचे। परिजनों के वहां पहुंचने के बाद अचानक छात्रा ने ऐसा कदम उठाया, जिसको देखकर सभी के हाथ-पांव फूल गए। वह तेजी से कोचिंग की इमारत की छत पर चढ़ गई और वहां से नीचे कूदने की कोशिश करने लगी। इस दौरान वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

**स्टाफ की सूझबूझ ने टाला हादसा**

लेकिन, इस स्थिति में गुरु कृपा कोचिंग सेंटर के स्टाफ ने असाधारण साहस और समझदारी का परिचय दिया। वीडियो फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि कुछ स्टाफ सदस्यों ने छात्रा को बातों में उलझाकर उसका ध्यान बंटाने की कोशिश की, ताकि वह कोई गलत कदम न उठाए।

इस बीच, अन्य स्टाफ सदस्य चुपके से छत पर उसके पास पहुंचे। कुछ ही सेकंड्स में उन्होंने छात्रा को मजबूती से पकड़ लिया और उसे कूदने से रोक दिया। इसके बाद उसे सावधानीपूर्वक दीवार से नीचे उतारा गया।


**घटना पर पुलिस का बयान**

महेश नगर थाने के थानाधिकारी ने इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक इस घटना के संबंध में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि यदि छात्रा के परिजनों या किसी अन्य पक्ष की ओर से कोई शिकायत प्राप्त होती है तो नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, इस मामले की जांच प्रारंभिक चरण में है और पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि आखिर ऐसा क्यों हुआ?

# पैंथर की दस्तक से ग्रामीण और राहगीरों में दहशत, वन विभाग से की पकड़ने की मांग

करौली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। करौली जिले के सपोटरा उपखंड के नारायणपुर रेलवे स्टेशन-नारौली डांग मुख्य सड़क मार्ग के आसपास बीते कुछ दिनों से पैंथर का मूवमेंट लगातार देखा जा रहा है। पैंथर की आमद से ग्रामीणों और राहगीरों में दहशत का माहौल है।

ग्रामीणों ने बताया कि पहाड़ी वन क्षेत्र, फोंदया का बड़, फूटी खोहरी, मेन रोड अस्पताल, पंचमुखी हनुमान मंदिर और वन पौधशाला क्षेत्र में अक्सर पैंथर दिखाई देता है। रात के समय फोंदया का बड़ रेलवे लाइन की सुरक्षा दीवार पर पैंथर को बैठे हुए देखा गया है। पैंथर लगभग रोजाना शाम ढलते ही मुख्य सड़क के आसपास आकर बैठ जाता है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रभावित क्षेत्र में 24 घंटे वनकर्मियों की तैनाती की जाए, पिंजरे और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और पैंथर को ट्रैंक्विलाइज कर जंगल में छोड़ा जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।



**राहगीरों पर हमले का खतरा**


नारौली डांग से नारायणपुर टटवाड़ा रेलवे स्टेशन जाने वाले वाहन चालकों और पैदल यात्रियों पर पैंथर के हमले का खतरा बना हुआ है। इस मार्ग का उपयोग डांग क्षेत्र की ग्राम पंचायत दौलतपुरा, अमरगढ़, कालागुड़ा, गोठरा, मांगरौल, बूकना, गज्जूपुरा, बगीदा, हाडोती, एकट, बड़ौदा, जीरोता, जाखोदा, औंडच, जोड़ली, इनायती और चौड़ागांव सहित सैकड़ों गांवों के ग्रामीण, व्यापारी और मजदूर करते हैं। यह पूरा क्षेत्र वनों से घिरा हुआ है, इसलिए रात में आवागमन करने वाले लोगों की जान-माल पर विशेष खतरा रहता है। वन विभाग ने फिलहाल ग्रामीणों को जंगल के रास्तों से बचने और पैंथर मूवमेंट क्षेत्र से दूरी बनाए रखने की सलाह दी है।

**डंडे के सहारे वनकर्मियों की सुरक्षा**

वन विभाग के कर्मचारियों के पास जंगली जानवरों से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। उन्हें केवल डंडों के सहारे अपनी सुरक्षा करनी पड़ती है। इसके बावजूद उन्हें आबादी क्षेत्रों में घुस आए पैंथर जैसे हिंसक वन्यजीवों को पिंजरे में कैद करना पड़ता है। कर्मचारी संघ की ओर से लंबे समय से संसाधन उपलब्ध करवाने की मांग उठाई जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार, जयपुर के झालाना लेपर्ड पार्क में रेस्क्यू टीम को वन विभाग की ओर से फुल बॉडी प्रोटेक्टर सूट उपलब्ध कराए गए हैं। यदि करौली जिले में भी ऐसे संसाधन उपलब्ध कराए जाते हैं, तो वनकर्मियों की सुरक्षा और प्रभावशीलता दोनों में इजाफा होगा।

# पेपर लीक केस में बड़ी कार्रवाई

## 50 हजार के इनामी विनोद रेवाड़ को एसओजी ने ओडिशा से दबोचा



जयपुर, 30 अगस्त (एजेंसियां)। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने पेपर लीक माफिया के नेटवर्क पर एक और बड़ा प्रहार करते हुए 50 हजार के इनामी बदमाश विनोद कुमार रेवाड़ को ओडिशा से गिरफ्तार किया है। आरोपी को 1600 किलोमीटर दूर नयागढ़ (ओडिशा) में दबिश देकर पकड़ा गया। विनोद कुमार यहां रेलवे ब्रिज के ठेकेदार के पास डीजल भरने का काम कर रहा था। गौरतलब है कि विनोद कुमार SI भर्ती परीक्षा 2021, वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड-द्वितीय, और स्कूल लेक्चरर ग्रेड-फर्स्ट पेपर लीक मामलों में वांछित था। उसके खिलाफ कोर्ट से अरेस्ट वारंट भी जारी हो चुका था। डीआईजी परिस देशमुख के नेतृत्व में SOG टीम ने हाई-लेवल इंटेलिजेंस के आधार पर आरोपी को पकड़ने की रणनीति बनाई और ओडिशा में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। विनोद कुमार को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर ले लिया है। अब उससे पेपर लीक नेटवर्क, संपर्कों, डंप डेटा, और फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन्स को लेकर पूछताछ की जा रही है।

विनोद कुमार का संबंध पेपर लीक माफिया भूपेन्द्र सारण और जगदीश बिश्नोई से था। वह इनका करीबी सहयोगी बताया जा रहा है। रेनवाल में उसका कोचिंग सेंटर और स्कूल भी है, जिससे वह नकल गिरोह के संपर्क में आया। परिस देशमुख ने बताया कि गिरफ्तार से बचने के लिए विनोद कुमार पहचान छिपाकर काम कर रहा था। एसओजी ने कोर्ट में पेश कर 6 दिन की रिमांड पर ले लिया है। एडीजी (एसओजी व एटीएस) वी.के.सिंह ने बताया कि आरोपी विनोद कुमार रेवाड़ (42) पुत्र जगदीश निवासी डूंगरी रेनवाल को एसआई भर्ती परीक्षा-2021, वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड-द्वितीय और स्कूल लेक्चरर ग्रेड-फर्स्ट में एसओजी में दर्ज मामलों में गिरफ्तार किया गया है।

# कांग्रेस सरकार 42 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग आरक्षण के लिए प्रतिबद्ध : मंत्री पोन्नम



हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने शनिवार को दोहराया कि कांग्रेस सरकार स्थानीय निकायों में पिछड़े वर्गों (बीसी) के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण लागू करने के लिए तत्परता से काम कर रही है।

यह प्रक्रिया कामारेड्डी घोषणापत्र के साथ शुरू हुई, जिसके बाद घर-घर सर्वेक्षण, एक उपसमिति का गठन, कैबिनेट की मंजूरी और विधानसभा में चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि प्रस्ताव को सभी राजनीतिक दलों के समर्थन से राज्यपाल के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति के पास भेजा गया था। प्रभाकर ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क के नेतृत्व में कानूनी विशेषज्ञों से परामर्श के बाद स्थानीय निकाय चुनावों में 42 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग आरक्षण लागू करने का निर्णय लिया।

उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार चुनाव 30 सितंबर तक पूरे होने चाहिए। पिछली केसीआर सरकार द्वारा लाए गए कानूनों की आलोचना करते हुए, मंत्री ने कहा, 2018 के पंचायत राज अधिनियम और 2019 के नगरपालिका अधिनियम में 50 प्रतिशत की सीमा लगाई गई थी, जो अब एक बाधा बन गई है। अब हम इसे हटाने के लिए एक अध्यादेश लाए हैं।

इसे पारित करने से पहले सदन में सभी दलों से परामर्श किया जाएगा। इस कदम का समर्थन करने के लिए मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्रियों और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का धन्यवाद करते हुए, प्रभाकर ने कहा कि कांग्रेस सरकार कमजोर वर्गों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने दावा किया कि यह निर्णय पूरी तरह से कानूनी जांच के बाद ही लिया गया है।

## यूरिया की मांग पर सब इंस्पेक्टर ने किसान को मारा थप्पड़

नारायणपेट, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के तिलेरू में प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (पीएसीएस) से पर्याप्त यूरिया मांगने वाले एक किसान को पुलिस के एक उपनिरीक्षक ने थप्पड़ मार दिया। किसान सुबह से ही पैक्स पर कतारों में खड़े थे। भारी भीड़ और सीमित स्टॉक के कारण, किसानों ने अधिकारियों से पर्याप्त यूरिया बैग की व्यवस्था करने की मांग की। हालांकि उन्होंने यूरिया की मांग करते हुए अपनी आवाज उठाई, लेकिन पैक्स पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उन्हें चुप कराने की कोशिश की। इस हाथापाई में, एक सब-इंस्पेक्टर ने राकोलू गांव निवासी किसान सत्यनारायण रेड्डी को थप्पड़ मार दिया। इससे किसानों का विरोध और बढ़ गया और उन्होंने पुलिस और कांग्रेस सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। एसआई द्वारा किसान को थप्पड़ मारने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद, पुलिस ने स्थिति को छिपाने की कोशिश की और दावा किया कि यह घटना अनजाने और दुर्घटनावश हुई थी।

# बीआरएस ने गन पार्क में खाली यूरिया बैग के साथ किया प्रदर्शन

## उर्वरक संकट के लिए कांग्रेस को ठहराया जिम्मेदार




हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। विधानसभा सत्र से पहले, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने शुक्रवार को गन पार्क स्थित अमरवीरुला स्तूपम पर विरोध प्रदर्शन किया और तेलंगाना में यूरिया की भारी कमी को उजागर किया। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक विरोध के तौर पर यूरिया के खाली बैग प्रदर्शित किए और कांग्रेस सरकार के खिलाफ नारे लगाए। किसानों को खाद न दे पाने वाली कांग्रेस सरकार से तुरंत इस्तीफ़ा देने की मांग करते हुए, बीआरएस नेताओं ने राज्य सरकार पर त्योहारों के मौसम में किसानों को निराश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूरिया खरीदने के लिए किसानों को गणेश चतुर्थी के दिन भी लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है, जिनमें से कई तो बारिश में भीगते हुए भी कतारों में खड़े हैं।

कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने कहा कि यह संकट कांग्रेस की नाकामी का सीधा नतीजा है। उन्होंने कहा, केसीआर के 10 साल के कार्यकाल में किसानों को एक बार भी खाद की इतनी कमी का सामना नहीं करना पड़ा। आज किसान यूरिया के इंतजार में जूते और आधार कार्ड लेकर लाइन में खड़े होने को मजबूर हैं। यह रेवंत रेड्डी द्वारा किसानों के साथ किया गया विश्वासघात है। रामाराव ने मांग की कि विधानसभा कम से कम 15 दिनों के लिए बुलाई जाए, तथा कहा कि बीआरएस सरकार द्वारा लाए गए किसी भी मुद्दे पर बहस के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, हम कृषि से लेकर सिंचाई तक, शुल्क प्रतिपूर्ति से लेकर छह गारंटियों की विफलताओं तक, हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हैं। सदन को किसानों और छात्रों की कठिनाइयों पर वास्तविक चर्चा का मंच बनने दीजिए, न कि सरकार के अनुकूल चुनिंदा बहसों का।

बीआरएस नेता ने कहा कि हाल के महीनों में 600 से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या की है और लगभग 75 लाख किसान खाद की कमी और कांग्रेस सरकार से कम समर्थन मिलने के कारण परेशान हैं। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि विधानसभा में कृषि संकट, भारी बारिश से हुए फसल नुकसान और सरकार की अपने वादों को पूरा करने में असमर्थता पर विस्तृत बहस होनी चाहिए। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि बीआरएस के चंद्रशेखर राव की कल्याणकारी और सिंचाई परियोजनाओं का रिकॉर्ड पेश करने के लिए तैयार है, जिसमें दुनिया की सबसे बड़ी लिफ्ट सिंचाई योजना, कालेश्वरम भी शामिल है। बागी विधायकों की अयोग्यता के मुद्दे पर उन्होंने कहा, प्रक्रिया पहले से ही चल रही है।

देखते हैं कि अध्यक्ष क्या फ़ैसला लेते हैं। उन्होंने पीसी घोष आयोग को भी खारिज करते हुए कहा कि यह "जांच आयोग नहीं बल्कि कांग्रेस पीसीसी घोष आयोग है" और कहा कि उनकी पार्टी इस मुद्दे पर भी सरकार का मुकाबला करने के लिए तैयार है।

# भारी बारिश से हैदराबाद डिवीजन की ट्रेनें बाधित

## एससीआर ने की मार्ग परिवर्तन की घोषणा

हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) के हैदराबाद डिवीजन में हाल ही में हुई भारी बारिश और भिकनूर-तलमदला सेक्शन में पटरियों पर पानी भर जाने के कारण कई ट्रेन सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुईं। इसके बाद, रेलवे अधिकारियों ने शनिवार को ट्रेनों के मार्ग बदलने और आंशिक रूप से रद्द करने की घोषणा की।

मार्ग परिवर्तित की गई ट्रेनें : ट्रेन संख्या 17641 काचीगुडा-नरखेर एक्सप्रेस काचीगुडा-पूर्णा खंड को छोड़कर विकाराबाद, परली और पूर्णा के रास्ते चलेगी।

ट्रेन नंबर 17058 लिंगमपल्ली-मुंबई सीएसटी देवगिरी एक्सप्रेस बोलारम, निज़ामाबाद, बसर और नांदेड़ सहित स्टेशनों को दरकिनार करते हुए लिंगमपल्ली, सिकंदराबाद, विकाराबाद, परली और परभणी के रास्ते चलेगी।

ट्रेन नंबर 17020 हैदराबाद-हिसार एक्सप्रेस को सिकंदराबाद, विकाराबाद, परली और परभणी के माध्यम से डायवर्ट किया गया है, मेडचल, कामारेड्डी, निजामाबाद और नांदेड़ जैसे स्टॉप को छोड़कर।

ट्रेन नंबर 07015 एचएस नांदेड़-तिरुपति स्पेशल मुदखेड, बसर, निजामाबाद, करीमनगर और अन्य स्टेशनों को छोड़कर नांदेड़, परभणी, परली, विकाराबाद और सिकंदराबाद के रास्ते चलेगी।

**आंशिक रूप से रद्द ट्रेनें :** ट्रेन संख्या 20810 एचएस नांदेड़-संबलपुर एक्सप्रेस।

ट्रेन नंबर 77605 काचीगुडा-पूर्णा डेमू।

एससीआर अधिकारियों ने यात्रियों को सलाह दी कि वे अपनी यात्रा की योजना बनाने से पहले अपडेट की जांच कर लें।

जब तक पानी कम नहीं हो जाता और ट्रैक की सुरक्षा बहाल नहीं हो जाती, तब तक व्यवधान जारी रहने की उम्मीद है।



पुरानापुल स्थित श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन निर्वाण में उदासीनाचार्य जगदगुरु श्री श्रीचन्द्र के 531वें जयंती महोत्सव तीन दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर आयोजित पुजा-अर्चना व माता शास्त्र पाठ कार्यक्रम में उपस्थित महंत श्री प्रशांतदासजी महाराज, संजीत सिंह, मुले महेश्वर, पप्पु सिंह, सचिन सिंह, अभि भोला, सुमित सिंह, पुजा सोनी, सीमा रोड़ा, रिंकु अग्रवाल, मीनाक्षा परवाल, देवी सोनी, राधिका अग्रवाल, दिपाली अग्रवाल, बरखा अग्रवाल, चंचल सुगन्ध, राधिका दीदी, संगीता अग्रवाल व भक्तगण। रविवार 31 अगस्त को श्रीचन्द्र भगवान कीर्तन, श्याम बाबा भजन संध्या व राधाष्टमी एवं 1 सितंबर अभिषेक, पूजा-अर्चना, हवन, अरदास आरती व भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भक्तों से निवेदन है उपरोक्त कार्यक्रम में सपरिवार पधारकर लाभ लेवे।

# संबोधि ध्यान से भीतर का अंधकार दूर होता है

हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। चित्त की वृत्तियों का निरोध ही योग है। नृत्य, भजन, संगीत और ध्यान से चित्त-वृत्तियों का निरोध होता है। नृत्य-भजन से आंशिक निरोध होता है, पर संबोधि ध्यान का प्रभाव अचेतन मन की गहराइयों तक पहुंचता है। उन्होंने कहा कि दो जप सबसे श्रेष्ठ हैं ओम और सोहम। ओम ईश्वरीय शक्ति से जुडने के लिए है और सोहम आत्म-स्वरूप में उतरने के लिए। जब इनका ध्यानपूर्वक स्मरण किया जाए तो वह जप कहलाता है और जब जप करते-करते जप विलीन हो जाता है तो वही संबोधि ध्यान बन जाता है। उन्होंने कहा कि ओम अनहद नाद है और सोहम जप। संबोधि ध्यान में उतरने के लिए पहले तीन बार ओम का नाद करते हुए स्वयं को परमात्मा के सान्निध्य में ले आएं, गुरु-पद का स्मरण करें, दिमाग को रिलेक्स करते हुए भीतर की ओर उतरने वाली साँस के साथ सोहम का जप करते चले जाएं।

उक्त उद्गार हैं राष्ट्र-संत श्री चन्द्रप्रभ सागर जी के। वे शनिवार को एग्जिबिशन ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय संबोधि ध्यान एवं योग शिविर के दूसरे दिन प्रवचन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि संबोधि योग जीवन को सुंदर बनाने के लिए है। संबोधि योग के तीन रत्न हैं- 1. आसन, 2. प्राणायाम और 3. ध्यान। आसन आरोग्य के लिए है, प्राणायाम से प्राण-शक्ति का विकास होता है और संबोधि ध्यान से आत्म-प्रकाश के मालिक बनते हैं, भीतर का अंधकार दूर होता है। उन्होंने कहा कि संबोधि ध्यान का लक्ष्य है- चंचल और उग्र मन को शांत और प्रसन्नतापूर्ण बनाना, आत्म-चेतना की ओर केन्द्रित होना। आत्मा में प्रेम, प्रसन्नता, आनंद, उत्साह, करुणा और सौंदर्य को सजीव करना सबसे सुंदर संबोधि साधना है। उन्होंने कहा कि मैं आत्मा हूं इस सत्य का अनुभव करना ही आत्म-ज्ञान है। आत्मा के अंतरतम में परमात्मा की निर्मल अनुभूति परम आत्म-ज्ञान है। उन्होंने कहा कि मोक्ष है- शाश्वत शांति, परिपूर्ण आनंद। जैसे बच्चे परीक्षा खत्म होते ही किताबों को भूलकर अपनी सहज मस्ती में आ जाते हैं, ऐसे ही खुद को चाह और चिंता के बोझ से मुक्त करके अपनी सहज आनंदमयी स्थिति को जीना मोक्ष है।

निर्मल और तनावमुक्त जीवन जीने के लिए हर रोज 30 मिनट मेडिटेशन कीजिए, आपको कभी किसी न्यूरो मेडिसिन की जरूरत नहीं पडेगी। ध्यान-साधना का मार्ग हमें अन्तर्जगत में ले जाता है जहां परमात्मा का साम्राज्य है। ध्यान का लक्ष्य है- अंतर्मन की शांति, अंतर्मन की शुद्धि, अंतर्मन में दिव्य आनंद की अनुभूति। हम श्वास, शरीर और अंतर्मन के साथ एकलयता साधें, और स्वयं को अधिकतम सहज और शांतिमय बनाएं।

# श्री अन्न अनुसंधान संस्थान में विकसित भारत अभियान की तैयारी बैठक




हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कृषि परिवर्तन के माध्यम से विकसित भारत 2047 के लिए भावीकार्य-योजना तैयार करने हेतु भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान तेलंगाना समन्वय समिति की राज्य स्तरीय कार्यशाला की बैठक हुई। कार्यशाला ने आगामी विकसित कृषि संकल्प अभियान रबी अभियान की तैयारी बैठक के रूप में भी सेवाएं प्रदान की।

डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक ने बैठक की अध्यक्षता की। हैदराबाद स्थित विभिन्न भाकृअनुप संस्थानों के निदेशकों और वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। बैठक का उद्देश्य तेलंगाना के राज्य-स्तरीय कृषि विकास में भाकृअनुप संस्थानों, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों, राज्य विभागों और अन्य संबंधित विभागों के सामूहिक दायित्व पर प्रकाश डालना था।

संबंधित विभागों के अधिकारियों और राज्य कृषि संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भी विचार-विमर्श में भाग लिया। इस बैठक में ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से कुल 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

डॉ. सी तारा सत्यवती ने संबोधित करते हुए, तेलंगाना में कृषि अनुसंधान एवं विकास को मजबूत करने तथा किसानों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में तेज़ी लाने के लिए केंद्र व राज्य अभिकरणों के बीच समन्वय एवं अभिसरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। स्थानीय भाकृअनुप संस्थानों के निदेशकों ने विकसित भारत और विकसित कृषि संकल्प अभियान के लक्ष्यों को साकार करने हेतु सामूहिक कार्रवाई तथा संस्थागत सहयोग के महत्व पर बल दिया। बैठक तेलंगाना के लिए अगले पांच वर्षों के लिए अनुसंधान, विस्तार और विकास गतिविधियों को संरेखित करने और प्रभावी कार्यान्वयन हेतु आवधिक निगरानी की प्रतिबद्धता के साथ संपन्न हुई। बैठक में डॉ. आर के माथुर, निदेशक, भाकृअनुप-भातिअनुसं, डॉ.आर एम सुंदरम, निदेशक, भाकृअनुप-भाचाअनुसं तथा डॉ.एस एन मीरा, निदेशक, भाकृअनुप-अटारी के अलावा पीजेटीएयू, एसकेएलएचटीयू, पीवीएनआरटीवीयू, बागवानी विभाग और अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# एक शाम वीर तेजाजी महाराज के नाम जागरण कल

हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। परमेश्वर मंदिर जाट समाज ट्रस्ट मंदिर व भवन अलमासगुडा वीर तेजाजी महाराज के मंदिर प्रांगण में दो दिवसीय वीर तेजाजी महाराज का जागरण 1 सितंबर एवं 2 सितंबर को मनाया जाएगा। अवसर पर पूजा-अर्चना व महाप्रसादी कार्यक्रम जाट समाज वीर तेजाजी जाट समाज ट्रस्ट मंदिर बन्धुओं व भक्तों के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में अध्यक्ष दुदाराम बाबल, संरक्षक सोहनलाल बागड़ा, सचिव बाबूलाल पुनिया, कोषाध्यक्ष लिकमाराम खोखर ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वीर तेजाजी महाराज का भव्य जागरण समाज बन्धुओं के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। वीर तेजाजी महाराज का विशेष श्रृंगारकर, पूजा-अर्चना व आरती के पश्चात् रात्रि 9.15 बजे से जागरण का आयोजन किया जाएगा। जिसमें वीर तेजाजी महाराज के भजनों की प्रमुख भजन गायक किशोर मालवीय एण्ड पार्टी पाली राजस्थान भजनों के पुष्प अर्पित करेंगे। मंगलवार 2 सितंबर प्रातः वेला में समाज बन्धु पूजा-अर्चना, दर्शन-वंदन, श्री तेजाजी महाराज के चरणों में श्रीफल व श्रद्धा के पुष्प अर्पितकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। प्रातः 11.30 बजे से जाट समाज बन्धुओं के लिए महाप्रसादी की व्यवस्था रहेगी।

# पुलिस की नौकरी कई चुनौतियों के साथ आती है : राचकोंडा कमिश्नर

हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस कमिश्नरेट से आज सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों को पुलिस कमिश्नर सुधीर बाबू ने राचकोंडा पुलिस कार्यालय में नंदू कुमार, डीएसपी फ़िंगरप्रिंट ब्यूरो, अनंतय्या, सब इंस्पेक्टर, कंट्रोल रूम, मेघमाला, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर, बालापुर पुलिस स्टेशन, सुब्बा रेड्डी, हेड कांस्टेबल, सीएआर अंबरपेट को सम्मानित किया।

इस अवसर पर बोलते हुए, पुलिस कमिंश्नर ने कहा कि पुलिस की नौकरी कई चुनौतियों के साथ आती है और उन्होंने पुलिस विभाग में लंबे समय तक कुशल और अनुशासित सेवा के लिए उन्हें बधाई दी, जिसमें उन्होंने अपने कर्तव्यों के निर्वहन में कई उतार-चढ़ावों का सामना किया। उन्होंने उन्हें शांतिपूर्वक सेवानिवृत्ति का समय बिताने, अपने स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान देने और सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन व अन्य वित्तीय मामलों में अनुशासित रहने की सलाह दी। उन्होंने अधिकारियों को उचित कदम उठाने के निर्देश दिए ताकि उन्हें मिलने वाले सभी लाभ शीघ्र प्राप्त हो सकें।


दक्षिण मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं.-472/डीआरएम/डब्ल्यू/जीएनटी,दि.28-08-2025**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यो हेतु दि.23-09-2025 के 15.30 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

टेंडर आयडीः 2806 एसआर डीइएन/ डीइएन सेक्शनः उत्तर व पश्चिम, कार्य विवरणःएसडब्ल्यू1- गुंटूर डिवीजन के एसजेएल-टीइएल सेक्शन के बीच किमी 2/36-38 पर मिड सेक्शन एलसी नं.228 का प्रस्तावित इन्टरलाकिंग कार्य। एसडब्ल्यू2- गुंटूर डिवीजन के एनआरडीपी-वीएलजी सेक्शन के बीच किमी 27/3-4 पर मिड सेक्शन एलसी नं.13 का प्रस्तावित इन्टरलाकिंग कार्य। एसडब्ल्यू3- गुंटूर डिवीजन के एनडीएल-पीएनएम सेक्शन के बीच किमी 260/12-13 पर मिड सेक्शन एलसी नं.180 का प्रस्तावित इन्टरलाकिंग कार्य। अनुमानित मूल्य रू.9495720.00, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.189900.00

टेंडर आयडीः 2807 एसआर डीइएन/ डीइएन सेक्शनः उत्तर, कार्य विवरणःएसडब्ल्यू1- गुंटूर डिवीजन के 42 स्टेशनों पर एमइए तथा दिव्यांगजन सुविधाओं का मानकीकरण या स्टैंडर्डाइजेशन कार्य। अनुमानित मूल्य रू.97730165.00, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.638700.00

ई -बोलियों की आनलाइन प्रस्तुति की अंतिम तिथि 23-09-2025 के 15.30 बजे तक है। विस्तृत विवरण हेतु वेबसाइटःwww.ireps.gov.in पर लागिन करें।
अधिक संचार/शुद्धिपत्र को ई-पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से सूचित किया जायेगा।

**विभागीय रेल प्रबंधक (कार्य), गुंटूर**

**ई-निविदा सूचना संख्याः 29-2025 दि.28-08-2025**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय अभियंता/कोआर्ड/गुंटकल द्वारा निम्न कार्यो हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।
**बंद करने की तिथिः.24-09-2025 के 15.00 बजे तक**

**निविदा संख्याः** इएनजीजी-जीटीएल-पश्चिम-1916, कार्य विवरणः गुंटकल डिवीजनः डीएमएम-जीवाय एण्ड केपीडी-टीपीटीवाय सेक्शन्सः डीइएन/पश्चिम क्षेत्राधिकार के तहत एसएसइ/एटीपी, सीटीओ एण्ड टीपीटीवाय सेक्शन्स में 4700 एम लम्बाई के लिए प्रस्तावित यार्ड ड्रेन्स कार्य। विज्ञापित मूल्य रू.4,73,23,832.48, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.3,86,600.00

**निविदा संख्याः** इएनजीजी-जीटीएल-पश्चिम-1917, कार्य विवरणः गुंटकल डिवीजनः एसडब्ल्यू-I-एसएसइ/पीवे/एटीपी क्षेत्राधिकारः विभिन्न यार्ड्स पर प्रस्तावित सुरक्षा से संबंधित यार्ड का सुधार तथा अपग्रेडेशन कार्य। एसडब्ल्यू-II-एसएसइ/पीवे/केएलयु क्षेत्राधिकारः विभिन्न यार्ड्स पर प्रस्तावित सुरक्षा से संबंधित यार्ड का सुधार तथा अपग्रेडेशन कार्य। विज्ञापित मूल्य रू.2,91,17,988.88, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.2,95,600.00

**निविदा संख्याः** इएनजीजी-जीटीएल-पश्चिम-1918, कार्य विवरणः गुंटकल डिवीजनः एसडब्ल्यू-I-एसएसइ/पीवे/पीएके क्षेत्राधिकारः विभिन्न यार्ड्स पर प्रस्तावित सुरक्षा से संबंधित यार्ड का सुधार तथा अपग्रेडेशन कार्य। एसडब्ल्यू-II-एसएसइ/पीवे/सीटीयु क्षेत्राधिकारः विभिन्न यार्ड्स पर प्रस्तावित सुरक्षा से संबंधित यार्ड का सुधार तथा अपग्रेडेशन कार्य। विज्ञापित मूल्य रू.3,69,84,599.28, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.3,34,900.00

**निविदा संख्याः** इएनजीजी-जीटीएल-पश्चिम-1919, कार्य विवरणः गुंटकल डिवीजनः एसडब्ल्यू-I-एसएसइ/पीवे/केआरवाय क्षेत्राधिकारः विभिन्न यार्ड्स पर प्रस्तावित सुरक्षा से संबंधित यार्ड का सुधार तथा अपग्रेडेशन कार्य। एसडब्ल्यू-II-एसएसइ/पीवे/एमपीएल क्षेत्राधिकारः विभिन्न यार्ड्स पर प्रस्तावित सुरक्षा से संबंधित यार्ड का सुधार तथा अपग्रेडेशन कार्य। एसडब्ल्यू-III-एसएसइ/पीवे/केसीआय क्षेत्राधिकारः विभिन्न यार्ड्स पर प्रस्तावित सुरक्षा से संबंधित यार्ड का सुधार तथा अपग्रेडेशन कार्य।
विज्ञापित मूल्य रू.1,78,86,320.78, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.2,39,400.00

कोई भी शुद्धिपत्र को आनलाइन पर ही जारी किया जायेगा।

**विभागीय रेल प्रबंधक/कार्य/गुंटकल**

**निविदा संख्याः 20_2025 _26 _एसआर.डीइइ टीआर एचवायबी दि.29-08-2025**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, एसआर.डीइइ /टीआर /एचवायबी द्वारा तत्संबंधित निविदा सं. 20_2025 _26 _एसआर.डीइइ _टीआर _एचवायबी दि.29-08-2025, बंद करने की तिथिः22-09-2025 के 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। बोलीदातागण अपने मूल/संशोधित बोलियों को तत्संबंधित बंद करने की तिथि व समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैन्युएल आफर्स अमान्य हैं और इस मामले में किसी भी प्रकार के मैन्युएल आफर्स की प्राप्ति पर उसे नजरअंदाज किया जायेगा।

कार्य विवरणः हैदराबाद डिवीजनः डिवीजन में ओएचइ/पीएसआय इनफ्रास्ट्रक्चर के लिए रिलाएबिलीटी का सुधार कार्य। अनुमानित मूल्य रू.2,58,70,589.40, पूधरा रू.2,79,400.00, पूरा करने की अवधिः 4 महिने, बंद करने की अवधिः 22-09-2025

**वेबसाइट विवरणः** www.ireps.gov.in
निविदा का संपूर्ण विवरण देखने हेतु नोटिस बोर्ड स्थानः एसआर.डीइइ /टीआर /एचवायबी का कार्यालय, हैदराबाद भवन, सिकंदराबाद-500025

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, (ट्रैक्शन), हैदराबाद**

**निविदा संख्याः जीटीएल-इएम-28-2025-26,दि.28-08-2025**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए,वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/रखरखाव/गुंटकल द्वारा निम्नकार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित हैं।

निविदा संख्याः जीटीएल-इएम-28-2025-26, कार्य विवरणःअदोनीः एबीएस फेज-II के तहत तत्संबंधित स्टेशन का प्रस्तावित अपग्रेडेशन या अद्यतन (1) स्टेशन बिल्डिंग के पहली मंजिल का निर्माण कार्य (2) इलेक-एम कार्य (3) डिजीटल डिसप्ले बोर्ड्स, एसएण्डटी कार्य (4) इलेक-टीआरडी कार्य (5) फुल सीओपी का प्रावधान (6) स्थानीय कला या लोकल आर्ट (7) दिव्यांग शौचालय या टायलेट्स-बिजली व्यवस्थाएं। अनुमानित मूल्य रू.5,22,15,159.65

**बंद करने की तिथि व समयः19-09-2025 के 15.00 बजे**
टेंडर बिड्डींग तथा अन्य विवरण हेतु http://www.ireps.gov.in पर लागिन करें।
निविदा का शुद्धिपत्र यदि कोई हो तो, उसे आनलाइन पर ही जारी किया जायेगा। निविदाकारों द्वारा निविदा दस्तावेज को निःशुल्क रूप से http://www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
टिप्पणीः इस ई-निविदा में सहभागिता/बोली में भाग लेने के लिए, निविदाकार के पास वैध डीएससी (डिजीटल सिग्नीचर सर्टिफिकेट) प्रमाणपत्र होना चाहिए।

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, रखरखाव, गुण्टकल**

**ई-निविदा सूचना संख्याः एसएण्डटी/14/2025 दि.29-08-2025**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता (रखरखाव), दक्षिण मध्य रेलवे-द.म.रे. गुण्टकल द्वारा निम्न कार्यों हेतु दि.23-09-2025 के 15.00 बजे तक ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित हैं।

**निविदा संख्याः** 01-एसएनटी-14-2025, कार्य विवरणः(सिग्नल व दूरसंचार कार्य)- गुंटकल डिवीजनः रेलवे स्टेशनों के विभिन्न स्थानों पर वीडियो सर्वेलेंस सिस्टम (वीएसएस) का प्रतिस्थापन या रिप्लेसमेंट तथा वृध्दि कार्य एवम् रिले रूम्स/स्टेशन मास्टर रूम्स (74 स्टेशंस) पर वीडियो रिकार्डिंग सिस्टम का प्रावधान।कार्य का विज्ञापित निविदा मूल्य रू.3,08,17,226.00,पूधरा रू.3,04,100.00,पूरा करने की अवधिः12 महिने

**निविदा संख्याः** 02-एसएनटी-14-2025, कार्य विवरणः(सिग्नल व दूरसंचार कार्य)- (1) (I) एचएसएस स्टेशन पर एबीएसएस कार्य के दृष्टिगत वेटिंग हाल का निर्माण, लिफ्ट्स, एस्केलेटर्स एवं पुराने आयओसीएल बिल्डिंग का नवीकरण से संबंधित प्रस्तावित एसएण्डटी कार्य। (II) फुल सीओपी सहित एचएस्स स्टेशन के अपग्रेडेशन के लिए एसएण्डटी व्यवस्थाओं का प्रावधान। (2) (I) सीटीओ स्टेशन पर एबीएसएस कार्यों के दृष्टिगत स्टेशन बिल्डिंग का निर्माण, लिफ्ट्स एण्ड एस्केलेटर्स (फेज-II) के लिए प्रस्तावित एसएण्डटी कार्य। (II)सीटीओ स्टेशन पर 12एम एफओबी से गूड्स एरिया के विस्तार से संबंधित एसएण्डटी व्यवस्थाएं। (3) आरसी स्टेशन पर एबीएसएस कार्यों के दृष्टिगत स्टेशन बिल्डिंग का निर्माण, लिफ्ट्स एण्ड एस्केलेटर्स (फेज-II) के लिए प्रस्तावित एसएण्डटी कार्य। (4) वायजी स्टेशन पर एबीएसएस कार्यों के दृष्टिगत स्टेशन बिल्डिंग का निर्माण, लिफ्ट्स एण्ड एस्केलेटर्स (फेज-II) के लिए प्रस्तावित एसएण्डटी कार्य। कार्य का विज्ञापित निविदा मूल्य रू.3,25,82,544.22, पूधरा रू.3,12,900.00 पूरा करने की अवधिः 12 महिने

**निविदा संख्याः** 03-एसएनटी-14-2025, कार्य विवरणः(सिग्नल व दूरसंचार कार्य)-गुंटकल डिवीजन में मिड सेक्शन मानवनिर्मित एलसी गेट्स एलसी 19(वीकेआय-वायएलके), एलसी 21 (सीसीआय-एमजीवी) एवं एलसी125 (जेडपीएल-पीएसपीवाय) का प्रस्तावित इन्टरलाकिंग कार्य।
कार्य का विज्ञापित निविदा मूल्य रू.1,93,71,554.50, पूधरा रू.2,46,900.00 पूरा करने की अवधिः 12 महिने

**वरिष्ठ विभागीय सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता,रखरखाव, गुंटकल**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना (http://ireps.gov.in के माध्यम से)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन, सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यों हेतु सिंगल पैकेट सिस्टम आफ टेंडरिंग में ई-निविदा आमंत्रित है।

एनआयटी नं.- सी/इ29/टीआरडी/एससी/45/2025-26, कार्य विवरणः निविदा सं. सी/इ29/ टीआरडी/एससी/45/ 2025-26, दि.28-08-2025, एससी डिवीजनः 1. एससी डिवीजन में बहुत पुराने जर्जर इन्सुलेटर्स तथा जंग लगे हुए कैन्टिलेवर्स का प्रतिस्थापन या रिप्लेसमेंट कार्य। एससी डिवीजन में सुरक्षा से जुडे पोरसेलेन इन्सुलेटर्स सहित कम्पोजिट इन्सुलेटर्स का प्रतिस्थापन या रिप्लेसमेंट कार्य। अनुमानित मूल्य रू. 6,48,25,268.40, पूरा करने की अवधिः 180 दिन, बंद करने की तिथि 22-09-2025 के 15.00 बजे

एनआयटी नं.- सी/इ29/टीआरडी/एससी/46/2025-26, कार्य विवरणः निविदा सं. सी/इ29/टीआरडी/एससी/46/2025-26, दि.28-08-2025, एससी डिवीजनः सिकंदराबाद यार्ड पर मौजूदा स्टैबलिंग लाइन्स के लिए 25 केवी ओएचइ का प्रावधान। अनुमानित मूल्य रू.3,02,74,317.17, पूरा करने की अवधिः 90 दिन, बंद करने की तिथि 22-09-2025 के 15.00 बजे

बोली दस्तावेज तथा अन्य जानकारी हेतु कृपया वेबसाइटःhttp://ireps.gov.in पर लागिन करें।
निविदाकार तत्संबंधित में ई-टेंडरिंग के माध्यम से ही भाग ले सकते हैं तथा किसी भी मैन्युएल आफर्स पर विचार नही किया जायेगा।
सभी भावी निविदाकारों से अनुरोध है कि, केवल आनलाइन पेमेंट्स द्वारा ही निविदा प्रपत्र मूल्य तथा पूधरा का भुगतान करें।
सभी भावी निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि, जीएसटीआयएन पहचान पत्र को प्राप्त करे तथा इसे अपने अपने आफर्स के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करें।
निविदाकार, किसी भी शुद्धिपत्र को (केवल आनलाइन द्वारा जारी) निविदा प्रस्तुति की अवधि के प्रारंभिक तिथि तक ही अवलोकन कर सकते हैं।

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/टीआरडी/सिकंदराबाद**

A1301

**निविदा नियम शर्तें/अधिक जानकारी तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया / https://www.ireps.gov.in या www.scr.indianrailways.gov.in देखें।**

दक्षिण मध्य रेलवे
हमें @SCRailwayindia पर फॉलो करें. द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**रूचि की अभिव्यक्ति (इओआय)**

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, सिकंदराबाद डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा रेल लाभार्थियों के लिए, क्रमशः बिदर, तांडूर, परली, करीमनगर, मंचेरियाल, काजीपेट/हनमकोण्डा/वरंगल, खम्मम, जगग्यापेट तथा सिकंदराबाद डिवीजन क्षेत्राधिकार के सभी अन्य शहरों /टाउन्स जैसे एचयु/वीकेबी, एचयु /परली, एचयु /आरडीएम, एचयु /बीपीए, पीसी/केजेडजे, एचयु /डीकेजे तथा एचयु /बीडीसीआर पर स्थित एमरजेंसी केयर के लिए, प्राइवेट हास्पीटल्स को रेफरल हास्पिटल्स के रूप में सूचीबध्द (एम्पैनलमेंट) करने हेतु रूचि की अभिव्यक्ति (इओआय) आमंत्रित की जाती हैं।
तत्संबंधित हेतु इच्छुक पार्टियों द्वारा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, सिकंदराबाद डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे, रेलवे हेल्थ युनिट कम्पाउण्ड, चिलकलगुडा, सिकंदराबाद-500025, तेलंगाना पर, ईमेल- cmssc1500@gmail.com पर आवेदन कर सकते हैं अथवा इस अधिसूचना की तिथि से लेकर 15 कार्य दिनों के भीतर, समीपीय रेलवे हेल्थ युनिट पर आवेदन प्रेषित कर सकते हैं। अधिक जानकारी तत्संबंधित कार्यालय से कार्यालयीन समय के दौरान प्राप्त कर सकते हैं। **फोनः040-27786013, ई-मेलःcmssc1500@gmail.com** हस्ता./-

A1322 मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, सिकंदराबाद

दक्षिण मध्य रेलवे
हमें @SCRailwayindia पर फॉलो करें. द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**संख्याः बी/सी.441/पार्सल्स/ई-आक्शन/2025, दि.25-08-2025**
**ई-नीलामी सूचना सं. बीजेडए-10-2025-26**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक, दक्षिण मध्य रेलवे, विजयवाडा डिवीजन द्वारा तत्संबंधित डिवीजन के एसएलआर लीजिंग संविदाओं के लिए, आयआरइपीएसःwww.ireps.gov.in के ई-नीलामी लीजिंग मोड्यूल के माध्यम से, अठारह वर्ष से अधिक आयुवर्ग के भारतीय नागरिकों तथा कम्पनियों/फर्मों से ई-नीलामी के लिए, आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
ई-नीलामी अनुसूची नीचे दी गयी है। नीलामी में आफर्ड एस्सेट्स की जानकारी को, आयआरइपीएस वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

| क्रम संख्या | ट्रेन नंबर | से | तक | कुल परिसंपत्तिया | एसएलआर | | | कैटलाग नंबर | कैटलाग ट्रेन | कैटलाग एसएलआर | नीलामी प्रस्तावित तिथिः | प्रारंभ होने की तिथिः |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12718 | बीजेडए | वीएसकेपी | 1 | एफ-1 | - | - | एसएलआर-बीजेडए-6 | 5 | 11 | 8-9-2025 के 11.00 बजे (सोमवार) | 24.09.2025 |
| 2 | 17210 | सीसीटी | एसबीसी | 3 | एफ-1 | एफ-2 | आर-1 | | | | | |
| 3 | 17255 | एनएस | एलपीआय | 1 | एफ-1 | - | - | | | | | |
| 4 | 17330 | बीजेडए | युबीएल | 3 | एफ-1 | एफ-2 | आर-1 | | | | | |
| 5 | 17644 | सीओए | सीजीएल | 3 | एफ-1 | एफ-2 | आर-1 | | | | | |
| | | | कुल | 11 | | | | | 5 | 11 | | |

बोलीदाता की यह जिम्मेदारी है कि, ई-नीलामीयों में भाग लेने के लिए डिजीटल सिग्नीचर प्राप्त करें।
बोलीदाता के पास एसबीआय बैंक में करेंट एकाउंट होना चाहिए तथा इसे आयआरइपीएस में ई-नीलामी सहित लिन्क होना चाहिए।
ई-नीलामी में भाग लेने के लिए वन टाईम आनलाइन सेल्फ रजिस्ट्रेशन जरूरी है, ताकि भारतीय रेलवेज के किसी भी डिवीजन के किसी भी नीलामी में भाग लेने के लिए, कोई भी भौगोलिक प्रतिबंध न हो सके।
उपरोक्त ई-नीलामीयों के तिथियों से जुडा टाइम स्लाट्स जो आयआरइपीएस आवेदन (www.ireps.gov.in) में ई-नीलामी लीजिंग मोड्यूल उपलब्ध है। कृपया इसे नोट करें तथा तदनुसार ही इस नीलामी में भाग लें।
रेल प्रशासन, ई-नीलामी के दौरान आयआरइपीएस पोर्टल पर घटित किसी भी बाधा के लिए कतई उत्तरदायी नही है। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि, ई-नीलामी प्रक्रिया को समझने तथा इसमें भाग लेने के लिए, युजर मैन्युएल के, आयआरइपीएस आवेदन(www.ireps.gov.in) के होमपेज के बायीं ओर नेवीगेशन बार पर उपलब्ध दि लर्निंग लिन्क पर जाएं।

| संविदा प्रकार | नीलामी में आफर की गयी लाट्स की मात्राः | नीलामी अनुसूची- तिथि व खोलने का समयः |
|---|---|---|
| पे एण्ड यूज टायलेट्स / क्लोक रूम | निडाडवोलु 2) काकीनाडा 3) तुनी 4) अन्नावरण 5) भीमवरम 6) गुडीवाडा 7)तेनाली 8) काकीनाडा टाउन 9) कावली सामलकोट | 9-9-2025 के 11.00 बजे / 9-9-2025 के 11.00 बजे |

A1320 **वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक, विजयवाडा**

# सात्विक-चिराग की जोड़ी ने पक्का किया पदक

## पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में चिया-सोह को दी मात

पेरिस, 30 अगस्त (एजेंसियां)। सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार बैडमिंटन जोड़ी ने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में भारत का पदक पक्का कर लिया है। सात्विक-चिराग ने पुरुष युगल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता जोड़ी मलयेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराया। भारतीय जोड़ी को पेरिस ओलंपिक में इसी जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन भारतीय जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया और 43 मिनट तक चले मैच में 21-12, 21-19 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

चिराग ने मैच के बाद कहा, काफी अच्छा लग रहा है, यह ओलंपिक मैच का रीकैप जैसा था और मुझे लगता है कि हमने वाकई बदला लिया। यह वही कोर्ट और वही एरेना था। एक साल बाद इसी जगह पर हमने ऐसा किया। उनके खिलाफ खेलना हमेशा खुशी की बात होती है। हमने हमेशा कुछ बहुत ही कड़े मुकाबले खेले हैं। बड़े से बड़े इवेंट में भी। आज जीत



हासिल कर पाने की हमें बहुत खुशी है।

**सात्विक-चिराग ने बदला चुकता किया**

सात्विक-चिराग की जोड़ी का यह इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में यह दूसरा पदक होगा। इससे पहले उन्होंने 2022 में कांस्य अपने नाम किया था। एशियाई खेलों की विजेता भारतीय जोड़ी का सामना अब 11वीं वरीयता प्राप्त चीन के चेन बो यांग और लियू यि से मुकाबला होगा। चिया और सोह की जोड़ी ने सात्विक-चिराग को इस साल सिंगापुर और चीन में हराया था और इससे पहले पिछले साल पेरिस ओलंपिक में भी हराकर उनका पदक जीतने का सपना तोड़ दिया था। हालांकि, विश्व चैंपियनशिप में भारतीय जोड़ी ने बदला चुकता किया।

चिराग ने ड्राइव-सर्व विनर से शुरुआत की और फिर 59 शॉट की रैली खेली जो मैच की सबसे लंबी रैली थी। इसके बाद उन्होंने अपने जोरदार मिड-कोर्ट स्मैश से भारत को 4-2 से आगे कर दिया। भारतीय जोड़ी ने लगातार छह अंक हासिल करके 9-3 की बढ़त बनाई। वह इंटरवल तक 11-5 से आगे थी। चिया और सोह ने 49 शॉट की एक और मैराथन रैली में सफलता हासिल की, लेकिन भारतीयों ने जल्द ही लय हासिल कर ली। भारतीय टीम ने 15-8 के स्कोर से ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया और फिर पहला गेम आसानी से अपने नाम किया।

सात्विक की तेज सर्विस तथा चिराग के तेज बैककोर्ट स्मैश की मदद से भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम में भी अच्छी शुरुआत की तथा जल्द ही 10-5 की बढ़त बना ली। सोह दबाव में गलतियां करते रहे, जिससे भारतीय टीम ने 17-12 की बढ़त बना ली। मलयेशिया की टीम ने इसके बाद अच्छा प्रदर्शन किया और 12-17 से वापसी की। चिराग के शानदार खेल के दम पर भारतीयों ने स्कोर 18-14 कर दिया। इसके बाद 15-19 के स्कोर पर एक और लंबी रैली हुई। अच्छे रिटर्न और फिर सात्विक का स्मैश नेट पर लगने से मलेशियाई टीम ने अंतर को 18-19 कर दिया। ऐसे समय में चिराग ने नेट पर मोर्चा संभाला और मैच प्वाइंट हासिल करके भारतीय जोड़ी को जीत दिलाई।

# द्रविड़ ने राजस्थान रॉयल्स के हेड कोच का पद छोड़ा

## फ्रेंचाइजी ने एक्स पोस्ट कर पुष्टि की; टीम आईपीएल 2025 में नौवें स्थान पर रही थी

नई दिल्ली

राहुल द्रविड़ ने आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स का साथ छोड़ दिया है। फ्रेंचाइजी ने शनिवार को इस बात की पुष्टि की है कि द्रविड़ और टीम का साथ समाप्त हो गया है। राजस्थान ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी पुष्टि की है। राजस्थान ने बताया कि आईपीएल 2026 सीजन से पहले द्रविड़ ने फ्रेंचाइजी के मुख्य कोच के रूप में अपना कार्यकाल पूरा कर लिया है।

**भारत को विश्व विजेता बनाने के बाद फ्रेंचाइजी से जुड़े थे**

द्रविड़ पिछले साल सितंबर में राजस्थान के मुख्य कोच नियुक्त किए गए थे। द्रविड़ ने भारतीय टीम को 2024 टी20 विश्व कप का विजेता बनाने के बाद राजस्थान रॉयल्स से करार किया था। पूर्व बल्लेबाज राहुल द्रविड़ का राजस्थान रॉयल्स से पुराना रिश्ता रहा है। वह आईपीएल में इस टीम की कप्तानी भी कर चुके हैं। उनके नेतृत्व में राजस्थान ने 2012 और 2013 में खेला था। वहीं, 2014 और 2015 में वह



टीम के मेंटर भी रहे। इसके बाद 2016 में दिग्गज दिल्ली डेयरडेविल्स (अब कैपिटल्स) से जुड़ गए थे। द्रविड़ दोबारा राजस्थान फ्रेंचाइजी से जुड़े थे, लेकिन इस बार उनका सफर पूरे एक साल भी नहीं चल सका।

**इस सीजन अच्छा नहीं रहा था राजस्थान का प्रदर्शन**

राजस्थान रॉयल्स का प्रदर्शन आईपीएल 2025 में अच्छा नहीं रहा था और वह प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी थी। द्रविड़ के मुख्य कोच के रूप में टीम से जुड़ने के बाद राजस्थान को काफी उम्मीदें थी, लेकिन टीम उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सकी थी। राजस्थान की टीम पिछले आईपीएल सीजन में 14 मैचों में चार जीत और 10 हार के साथ आठ अंक लेकर नौवें स्थान पर रही थी। राजस्थान ने सिर्फ एक बार आईपीएल का खिताब जीता है। 2008 के पहले संस्करण में टीम दिग्गज लेग स्पिनर शेन वॉर्न की अगुआई में चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर चैंपियन बनी थी और तब से उसका खिताब सूखा जारी है।

**फ्रेंचाइजी ने द्रविड़ को बड़े पद का दिया था प्रस्ताव**

राजस्थान ने बयान जारी कर कहा, राजस्थान रॉयल्स से घोषणा करती है कि आईपीएळ 2026 से पहले मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने अपना कार्यकाल पूरा कर लिया है। द्रविड़ कई वर्षों तक रॉयल्स के सफर का महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं।

उनकी लीडरशीप ने कई खिलाड़ियों पर प्रभाव छोड़ा है। फ्रेंचाइजी संरचनात्मक समीक्षा के हिस्से के रूप में राहुल को फ्रेंचाइजी में एक बड़े पद की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं करने का फैसला किया है। राजस्थान रॉयल्स, उसके खिलाड़ी और दुनिया भर के लाखों प्रशंसक फ्रेंचाइजी के लिए राहुल की उल्लेखनीय सेवा के लिए उनको धन्यवाद देते हैं।

# नीतीश राणा ने 42 गेंदों में ठोका शतक, लगाए 15 छक्के

## दिग्वेश राठी से आ गई मारपीट की नौबत

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली प्रीमियर लीग 2025 एलिमिनेटर मुकाबले में वेस्ट दिल्ली लायंस के कप्तान नीतीश राणा का बल्ला जमकर चला. साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज के खिलाफ उन्होंने केवल 42 गेंदों में शतक ठोककर अपनी टीम को इस लीग के क्वालिफायर-2 में पहुंचा दिया. इस दौरान उन्होंने 15 छक्के ठोक दिए. इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलने वाले नीतीश राणा ने मैच के दौरान किसी भी गेंदबाज को नहीं छोड़ा और उनकी जमकर पिटाई की. इसी बीच साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज के स्पिनर दिग्वेश राठी ने उनकी लड़ाई भी हो गई. इस दौरान मारपीट की भी नौबत आ गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.

**नीतीश राणा ने खेली तूफानी पारी**

दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए एलिमिनेटर मुकाबले में पहले बल्लेबाज करते हुए साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 201 रन बनाए. इसके जवाब में वेस्ट दिल्ली लायंस ने 17 गेंद शेष रहते सात विकेट से मुकाबला जीत लिया. वेस्ट दिल्ली के कप्तान नीतीश राणा ने केवल 42 गेंदों में शतक ठोककर इस मैच को बिल्कुल एकतरफा कर दिया. उन्होंने 55 गेंदों में 8 चौके और 15 छक्कों की मदद से नाबाद 134 रन बनाए.

इस दौरान उन्होंने साउथ दिल्ली के सभी गेंदबाजों की खूब पिटाई की. नीतीश ने दिग्वेश राठी के एक ओवर में लगातार 3 छक्के ठोक दिए. इस ओवर में दिग्वेश राठी ने 20 रन खर्च कर दिए. नीतीश राणा के अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज क्रिस यादव 22 गेंदों में 1 चौका और 3 छक्कों की मदद से



31 रन बनाए. मयंक गोसाईं ने नाबाद 15 रन बनाए. साउथ दिल्ली की ओर से सुमित कुमार बेनीवाल ने दो विकेट हासिल किए. अमन भारती को एक विकेट मिला. इससे पहले साउथ दिल्ली के बल्लेबाजों ने शानदार बैटिंग की.

**साउथ दिल्ली के कप्तान ने ठोकी फिफ्टी**

वेस्ट दिल्ली लायंस के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने उतरी साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज ने अच्छी शुरुआत की. सलामी बल्लेबाज अंकुर कौशिक (16) और अनमोल शर्मा ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई. इन दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 44 गेंदों पर 67 रन लिए. इसके बाद अंकुर कौशिक पवेलियन लौट गए. 76 के स्कोर पर टीम को दूसरा झटका कुंवर बिधूड़ी के रूप में लगा. वो केवल 6 रन ही बना पाए. इसके बाद अनमोल शर्मा भी आउट हो गए. अनमोल ने 39 गेंदों में 7 चौके और 2 छक्कों की मदद से 55 रन बनाए.

इसके बाद कप्तान तेजस्वी दहिया और सुमित माथुर ने तेजी से रन बनाने शुरू किए और टीम को बड़े स्कोर तक ले गए. तेजस्वी दहिया ने 33 गेंदों में 2 चौके और 6 छक्कों की मदद से 60 रनों की शानदार पारी खेली. सुमित माथुर ने 26 गेंदों में 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से नाबाद 48 रन बनाए. इनकी शानदार बल्लेबाजी की मदद से साउथ दिल्ली ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 201 रन बनाए. वेस्ट दिल्ली लायंस की ओर से ऋतिक शौकिन ने दो विकेट हासिल किए. शुभम दुबे, शिवांक वशिष्ट और अनिरुद्ध चौधरी ने एक-एक विकेट लिया. वेस्ट दिल्ली लायंस की बैटिंग के दौरान नीतीश राणा और दिग्वेश राठी की लड़ाई हो गई.

जब मैदान में भिड़ गए नीतीश राणा और दिग्वेश राठी

वेस्ट दिल्ली लायंस की पारी के दौरान कप्तान नीतीश राणा तेजी से रन बना रहे थे. उन्होंने साउथ दिल्ली के स्पिनर दिग्वेश राठी में तेजी से रन बनाए. इस दौरान उनके एक ओवर में लगातार 3 छक्के लगाए. इससे दिग्वेश राठी बौखला गए थे. इस दौरान दिग्वेश राठी गेंदबाजी करने के लिए आते हैं. नीतीश राणा स्ट्राइक पर थे.

दिग्वेश ने गेंदबाजी के लिए चले, लेकिन वो गेंद को हाथ से नहीं छोड़ा. इस गेंद पर नीतीश स्विप शॉट लगाना चाहते थे. अगली गेंद पर जैसे ही दिग्वेश गेंदबाजी करने वाले थे, वैसे ही नीतीश पीछे हट गए. इसके बाद दोनों में बहस शुरू हो गई. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.

# भारतीय भारोत्तोलकों ने राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में 7 पदक जीते, साईराज ने खींचा ध्यान

अहमदाबाद, 30 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय भारोत्तोलकों ने राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप के पांचवें दिन सीनियर वर्ग में एक रजत और एक कांस्य सहित कुल सात पदक जीते, जबकि उभरते हुए स्टार साईराज परदेशी ने रिकॉर्ड प्रदर्शन से स्वर्ण पदक जीतकर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। मौजूदा राष्ट्रीय खेलों के चैंपियन दिलबाग सिंह ने पुरुषों की 94 किग्रा स्पर्धा में कुल 342 किग्रा (153 किग्रा स्नैच + 189 किग्रा क्लीन एंड जर्क) उठाकर रजत पदक जीता।



इस वजन वर्ग का स्वर्ण पदक मलेशिया के मोहम्मद सैहमी बिन नोर गजाली ने जीता जिन्होंने 343 किग्रा (150 किग्रा + 193 किग्रा) के साथ दिलबाग को पीछे छोड़ा जबकि ऑस्ट्रेलिया के ओलिवर सैक्सटन ने 336 किग्रा (150 किग्रा + 186 किग्रा) के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। वंशिता वर्मा ने सीनियर महिला 86 किग्रा वर्ग में 222 किग्रा (95 किग्रा + 127 किग्रा) उठाकर कांस्य पदक जीता। ऑस्ट्रेलिया की एलीन सिकामाताना ने 255 किग्रा (110 किग्रा + 145 किग्रा) से स्वर्ण पदक जबकि न्यूजीलैंड की लिटिया नाकागिलेवु ने 235 किग्रा (107 किग्रा + 128 किग्रा) से रजत पदक जीता। हालांकि यह दिन 18 वर्षीय परदेशी के नाम रहा जिन्होंने पुरुषों के 88 किग्रा जूनियर वर्ग में अपना दबदबा कायम किया।

# यूएस ओपन के चौथे दौर में पहुंचने वाले उम्रदराज खिलाड़ी बने जोकोविच, नूरी को दी मात; राडुकानू हारीं

न्यूयॉर्क, 30 अगस्त (एजेंसियां)। 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच वर्ष के चौथे और आखिरी ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन के चौथे दौर में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। जोकोविच ने कैमरन नूरी को हराया और वह 1991 में जिमी कोनर्स के बाद यूएस ओपन के चौथे दौर में पहुंचने वाले उम्रदराज खिलाड़ी बने। कोनर्स जब 1991 में इस टूर्नामेंट के चौथे दौर में पहुंचे थे तब उनकी उम्र भी जोकोविच की तरह 38 साल थी।

जोकोविच ने 6-4, 6-7 (4), 6-2, 6-3 से जीत हासिल की, जिसमें उन्होंने 18 ऐस लगाए, जो उनके अनुसार टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन फ्लशिंग



मीडोज़ में मैच के शुरू में चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी लेकिन उन्होंने शानदार खेल दिखाया और 69वीं बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाई। इस तरह से उन्होंने रोजर फेडरर की बराबरी कर ली। अब उनका मुकाबला जर्मन क्वालिफायर जान-लेनार्ड स्ट्रफ से होगा।

रिबाकिना ने राडुकानू का सफर समाप्त किया

महिला एकल वर्ग के मुकाबले में एलिना रायबकिना ने 2021 की चैंपियन एम्मा राडुकानू को शिकस्त दी। कजाखिस्तान की 2022 की विम्बलडन चैंपियन रिबाकिना ने 62 मिनट तक चले मुकाबले में ब्रिटेन की खिलाड़ी को 6-1, 6-2 से हराया। विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर काबिल रिबाकिना इसके साथ ही पहली बार यूएस ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहीं।

चंद्रशेखर और प्रशांत की जोड़ी दूसरे दौर में

अनिरुद्ध चंद्रशेखर और विजय प्रशांत की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने क्रिश्चियन हैरिसन और इवान किंग की आठवीं वरीयता

# पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को 39 रन से हराया

## ट्राई सीरीज के पहले मैच में सलमान आगा की फिफ्टी, हरिस रउफ ने 4 विकेट लिए

शारजाह, 30 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप 2025 से पहले संयुक्त अरब अमीरात, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच ट्राई सीरीज खेली जा रही है. इस सीरीज के पहले मैच में पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज की है. उसने अपने पड़ोसी देश को 39 रनों से हराकर इस सीरीज में जीत के साथ शुरुआत की है. इस मुकाबले में अफगानिस्तान की बल्लेबाजी पूरी तरह से फ्लॉप रही. उसने अपने पांच विकेट केवल 20 गेंद के अंदर ही गंवा दिए. इस दौरान उसने केवल 4 रन बनाए. पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने केवल 23 गेंदों में अफगानिस्तान के 4 खिलाड़ियों को पवेलियन भेजकर मैच को पाकिस्तान की झोली में डाल दिया.

ट्राई सीरीज के पहले मैच में 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की टीम ने काफी खराब बल्लेबाजी की. एक समय अफगानिस्तान ने 11 ओवर में 2 विकेट पर 93 रन बनाकर मजूबत स्थिति में पहुंच गई थी, लेकिन 12वें ओवर में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने अफगानिस्तान के दो विकेट लेकर मैच पाकिस्तान की ओर मोड़ दिया. इसके बाद तो अफगानिस्तान की टीम पूरी तरह से लड़खड़ा गई और 20 गेंद के अंदर अपने पांच विकेट गंवा दिए. इस दौरान टीम केवल 4 रन ही बना पाई थी.


**राशिद खान भी टीम को हार से बचा नहीं पाए**

97 के स्कोर पर 5 विकेट गिरने के बाद कप्तान राशिद खान ने टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन वो टीम को जीत नहीं दिला पाए और अफगानिस्तान की पूरी टीम 19.5 ओवर में 143 रन बनाकर आउट हो गई. राशिद खान ने सबसे ज्यादा 16 गेंदों में 5 छक्के और 1 चौका की मदद से 39 रन बनाए. सदीउल्लाह अटल ने 19 गेंदों में 23 रनों की पारी खेली. विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज 27 गेंदों में एक छक्का और 3 चौकों की मदद से 38 रन बनाए.

पाकिस्तान की ओर से हारिस रऊफ ने सबसे ज्यादा 3.5 ओवर में 31 रन देकर 4 विकेट हासिल किए. शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद नवाज और शुफियान मुकिम को दो-दो विकेट मिले. इससे पहले पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने इस मुकाबले में फिफ्टी ठोक दी.

अफगानिस्तान के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरी पाकिस्तान की टीम ने सधी शुरुआत की और पहले विकेट के लिए 15 गेंदों में 26 रन जोड़ लिए. इसके बाद साबिहजाना फरहान आउट हो गए. उन्होंने 10 गेंदों में 2 छक्के और 1 चौका की मदद से 21 रन बनाए. इसके बाद सैम अय्यूब (14) और फखर जमां (20) टीम के स्कोर को 50 रन के पार पहुंचाया. इन दोनों के आउट होने के बाद कप्तान सलमान आगा ने टीम को संभाला और शानदार अर्धशतकीय पारी खेली. उन्होंने 36 गेंदों में 3 चौके और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 53 रन बनाए.

# एशिया कप 2025 से पहले शाहीन शाह अफरीदी का जलवा, तोड़ दिया जसप्रीत बुमराह का रिकॉर्ड



शारजाह, 30 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप 2025 का आगाज 9 सितंबर से होने जा रहा है. 8 टीमों के इस टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान की टीमें एक ही ग्रुप में शामिल हैं. दोनों के बीच 14 सितंबर को ग्रुप स्टेज में बड़ा मुकाबला होना है. इस मैच का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. उस दिन एक तरफ जहां पाकिस्तान के स्टार बॉलर शाहीन शाह अफरीदी होंगे, तो वहीं टीम इंडिया के लिए जसप्रीत बुमराह जलवा दिखाएंगे. इस हाई-वोल्टेज मैच से ठीक पहले दोनों टीम के यह दोनों ही स्टार बॉलर अचानक चर्चा में आ गए हैं. यह सबकुछ शाहीन की तूफानी बॉलिंग के चलते हुआ, जो उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ शारजाह में खेले गए मुकाबले में पेश की. दरअसल, 30 सितंबर को ट्राई सीरीज के तहत खेले गए इस मुकाबले में पाकिस्तान के लिए शाहीन अफरीदी ने 4 ओवरों में 21 रन देकर 2 विकेट लिए और पाक टीम को जिताने में अहम रोल अदा किया. इस बढ़िया स्पेल के दम पर उन्होंने जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़ दिया है. शाहीन शाह अफरीदी अब ओवरऑल टी20 फॉर्मेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में बुमराह से आगे निकल गए हैं. बुमराह के नाम जहां 313 विकेट थे तो वहीं शाहीन के नाम अब 314 शिकार दर्ज हो गए हैं. अगर मैच की बात करें तो पाकिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 7 विकेट खोकर 182 रन किए थे. टीम के लिए कप्तान सलमान अली आगा ने 36 बॉल पर 53 रनों की सबसे बड़ी पारी खेली. 183 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी अफगान टीम 19.5 ओवरों में 143 रनों पर सिमट गई.पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को 39 रनों से हराकर इस सीरीज में विजयी आगाज किया. इस ट्राई सीरीज में पाकिस्तान, अफगानिस्तान के अलावा मेजबान यूएई टीम भी शामिल है.

अफरीदी और बुमराह का टी20 रिकॉर्ड कैसा है?

शाहीन शाह अफरीदी ने मुकाबले में इब्राहिम जादरान को पारी की शुरुआत में ही चलता किया, जबकि आखिरी ओवरों में मुजीब उर रहमान को भी आउट किया. इस बॉलर के नाम अफरीदी ने 225 टी20 मैचों में 314 विकेट झटके हैं. उनका बेस्ट प्रदर्शन 19 रन देकर 6 विकेट का रहा है. खास बात ये है कि अफरीदी 5 बार पांच विकेट हॉल ले चुके हैं. वहीं बुमराह ने 245 मैचों में 313 रन किए हैं. 10 रन देकर 5 विकेट उनका बेस्ट प्रदर्शन है.

# एशिया कप 2025: भीषण गर्मी के कारण बदली मैच टाइमिंग

## आधे घंटे देरी से शुरू होंगे मुकाबले

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। भारत अपने ग्रुप ए के मैच क्रमशः 10 और 14 सितंबर को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में कृमशः यूएई और पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। ओमान और भारत के बीच होने वाला मैच 19 सितंबर को अबू धाबी के शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में होगा।

एशिया कप 9 सितंबर से शुरू होने वाला है। टी20 फॉर्मेट में खेले जाने वाला यह टूर्नामेंट संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होगा। इसमें क्रिकेट के 19 मैच खेले जाने हैं, लेकिन वहां पड़ रही भीषण गर्मी ने चिंता बढ़ा दी है, जिसके कारण मैचों के पूर्व निर्धारित समय में बदलाव करना पड़ा है। मौसम वैज्ञानिकों के पूर्वानुमानों के अनुसार, सितंबर में यूएई में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

इस वजह से टूर्नामेंट के दिन-रात को होने वाले सभी मैचों का समय भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे (स्थानीय समयानुसार शाम 6 बजे) से बदलकर भारतीय समयानुसार रात 8 बजे (स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे) कर दिया गया है। इस बदलाव से अप्रभावित एकमात्र मैच 15 सितंबर को अबू धाबी के शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में होगा, जो यूएई और ओमान के बीच होगा। ये मैच भारतीय समयानुसार शाम 5:30 बजे (स्थानीय समयानुसार शाम 4 बजे) शुरू होगा।




अफगानिस्तान और हांगकांग के बीच होने वाले मुकाबले से टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। दुबई में 11 मैच खेले जाएंगे, जिनमें 28 सितंबर को होने वाला फाइनल भी शामिल है। शेष 8 मैच अबू धाबी में खेले जाएंगे। टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में आयोजित होने वाले एशिया कप में आठ टीमें होंगी। भारत, पाकिस्तान, यूएई और ओमान को ग्रुप ए में रखा गया है। ग्रुप बी में बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान और हांगकांग शामिल हैं। भारत अपने ग्रुप ए के मैच क्रमशः 10 और 14 सितंबर को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में कृमशः यूएई और पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। ओमान और भारत के बीच होने वाला मैच 19 सितंबर को अबू धाबी के शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में होगा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सुपर फोर चरण में आगे बढ़ेंगी। इससे पहले 2023 के एशिया कप फाइनल में श्रीलंका को हराकर भारतीय टीम चैंपियन बनी थी। 1984 से 2023 तक एशिया कप के 16 टूर्नामेंट हो चुके हैं, जिनमें से भारत 8 बार, जबकि श्रीलंका 6 बार चैंपियन बना है। वहीं पाकिस्तान ने दो बार एशिया कप अपने नाम किया है।

# केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बालापुर गणेश मंडप में पूजा-अर्चना की



हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को यहां प्रसिद्ध बालापुर गणेश मंडप में पूजा-अर्चना की। यह अनुष्ठान केंद्र सरकार के अनुरोध और भाग्यनगर गणेश उत्सव समिति (बीजीयूएस) की पहल पर आयोजित किया गया है।

जोशी ने पत्रकारों से बातचीत में, 46वें सामूहिक गणेश उत्सव समारोह के तहत शहर भर में 1.4 लाख गणेश पंडालों के माध्यम से 'स्वदेशी' की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए बीजीयूएस के प्रतिनिधियों की सराहना की। उन्होंने नागरिकों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा समर्थित 'स्वदेशी' भावना को अपनाने का आग्रह किया और इस बात पर जोर दिया कि यह आंदोलन स्वदेशी वस्तुओं और सेवाओं का समर्थन करके आत्मनिर्भरता की ओर भारत की यात्रा को मजबूत करेगा।

पूजा में बीजीयूएस नेताओं और तेलंगाना राज्य अध्यक्ष एन. रामचंद्र राव, महासचिव डॉ. रविनुथला शशिधर, उपाध्यक्ष मेट्टू वैकुंठम, सचिव अले भास्कर और बी. महिपाल रेड्डी, कोषाध्यक्ष श्री राम व्यास, बालापुर गणेश उत्सव समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भाग लिया।

## राज्यपाल कोटे के तहत कोदंडाराम और अजहरुद्दीन एमएलसी के रूप में नामित

हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना कैबिनेट ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए, प्रोफ़ेसर कोदंडाराम और पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजहरुद्दीन को राज्यपाल कोटे के एमएलसी पदों के लिए उम्मीदवार के रूप में चुना। सरकार ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के बाद, कैबिनेट को इन पदों के लिए एक बार फिर से नामांकित करने के लिए प्रेरित करते हुए, उनके नाम राज्यपाल को अनुमोदन के लिए भेज दिए हैं। दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस सरकार ने कोदंडाराम को एक और अवसर प्रदान किया है, जबकि अजहरुद्दीन को अप्रत्याशित रूप से नामित किया गया है, जो आमिर अली खान की जगह लेंगे, जिनकी पहले सिफारिश की गई थी। गौरतलब है कि बीआरएस नेता दासोजू श्रवण और सत्यनारायण ने कोदंडाराम और आमिर अली खान की एमएलसी के रूप में नियुक्तियों को चुनौती देने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

# विधानसभा में गोपीनाथ की स्मृति में शोक प्रस्ताव पेश



हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को जुबली हिल्स विधायक मगंती गोपीनाथ, जिनका हाल ही में निधन हो गया था, की स्मृति में विधानसभा में शोक प्रस्ताव पेश किया। इस अवसर पर बोलते हुए, मुख्यमंत्री ने छात्र जीवन से लेकर एक सक्रिय राजनीतिक नेता के रूप में गोपीनाथ द्वारा दी गई सेवाओं को याद किया। उन्होंने कहा, गोपीनाथ अपने छात्र जीवन से ही सक्रिय रहे और उन्होंने 1983 में तेलुगु देशम पार्टी से अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की। दिवंगत नेता ने 1985 से 1992 तक तत्कालीन संयुक्त आंध्र प्रदेश राज्य के तेलुगु युवा अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। उनकी सेवाओं को मान्यता देते हुए, गोपीनाथ को 1987-88 में हैदराबाद शहरी विकास प्राधिकरण का निदेशक और 1988-93 में जिला उपभोक्ता फोरम का सदस्य नियुक्त किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोपीनाथ एनटी रामाराव के बहुत बड़े भक्त थे और उन्होंने फिल्म उद्योग में एक निर्माता के रूप में भी चार फिल्मों- 'पताबस्ती' (1995), 'रावण' (2000), 'भद्राद्री रामुडु' (2004) और 'ना स्टाइल एरु' (2009) का निर्माण करके उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

गोपीनाथ के साथ अपने घनिष्ठ संबंधों को याद करते हुए, रेवंत रेड्डी ने कहा कि बीआरएस विधायक उनके अच्छे मित्र थे, हालांकि दोनों की राजनीतिक विचारधाराएं अलग-अलग थीं। गोपीनाथ उन लोगों में से एक हैं जिन्हें लगातार तीन बार विधायक चुने जाने का गौरव प्राप्त हुआ है। उनका निधन उनके परिवार और जुबली हिल्स विधानसभा क्षेत्र के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है। गोपीनाथ के असामयिक निधन से परिवार को गहरा सदमा लगा है।

## विधायक गोपीनाथ के लिए शोक प्रस्ताव के बाद तेलंगाना विधानसभा स्थगित

हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जुबली हिल्स के दिवंगत विधायक मगंती गोपीनाथ (जिनका हाल ही में निधन हो गया था) की स्मृति में एक शोक प्रस्ताव पारित होने के बाद तेलंगाना विधानसभा रविवार को सुबह 9 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। शनिवार को विधानसभा सत्र शुरू होते ही मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने जुबली हिल्स के विधायक मगंती गोपीनाथ के जनहित में योगदान को सम्मान देते हुए प्रस्ताव पेश किया। इसके बाद, डी. श्रीधर बाबू, तुम्मला नागेश्वर राव और पोन्नम प्रभाकर सहित विभिन्न मंत्रियों के साथ-साथ बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामाराव, भाजपा विधायक के. वेंकटरमण रेड्डी, एआईएमआईएम विधायक अहमद बिन बलाला, भाकपा विधायक के. संबाशिव राव और अन्य विधायकों ने उनकी सेवाओं पर अपने विचार साझा किए। इसके बाद, विधानसभा रविवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।

## सेना के जवानों के लिए साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद पुलिस ने शनिवार को सिकंदराबाद के बाइसन डिवीजन में सैन्य कर्मियों के लिए एक साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। डीसीपी (उत्तर) एस रश्मि पेरुमल द्वारा समन्वित इस कार्यक्रम के दौरान, सैन्य कर्मियों को साइबर खतरों, ऑनलाइन धोखाधड़ी और डिजिटल सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक किया गया। डीसीपी ने साइबर स्वच्छता, सुरक्षित ऑनलाइन प्रथाओं और स्मार्टफोन, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन वित्तीय लेनदेन का उपयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संवादात्मक सत्र आयोजित किए गए जहां सैन्य कर्मियों ने प्रश्न पूछे और अपने अनुभव साझा किए।

# भारतीय रेलवे स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक ने केंद्रीय अस्पताल, लालागुडा का निरीक्षण किया

### महानिदेशक ने 2डी इको और ऑक्सीजन मैनिफोल्ड रूम सुविधा का उद्घाटन किया

हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। डॉ. जगदीश चंद्र, महानिदेशक, भारतीय रेलवे स्वास्थ्य सेवा (आईआरएचएस), रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली ने शनिवार को केंद्रीय रेलवे अस्पताल, लालागुडा, सिकंदराबाद में नई सुविधाओं का निरीक्षण और उद्घाटन किया।

इस अवसर पर डॉ. निर्मला राजाराम, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक, एससीआर, डॉ.आई. शिव नागा प्रसाद, चिकित्सा निदेशक, केंद्रीय अस्पताल, लालागुडा और वरिष्ठ डॉक्टर भी उपस्थित थे। डॉ. जगदीश चंद्र ने उन्नत मशीन सुविधा वाली 2डी इको मशीनरी, ऑक्सीजन मैनिफोल्ड रूम, पुनर्निर्मित फिजियोथेरेपी कक्ष और एक समर्पित कॉर्पोरेट बिलिंग अनुभाग



कार्यालय का उद्घाटन किया, जिससे सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को अत्यधिक लाभ होगा। नए ओपीडी ब्लॉक के भूतल पर पुनर्निर्मित फिजियोथेरेपी केंद्र के उद्घाटन से रेलवे लाभार्थियों को विभिन्न बीमारियों से संबंधित आधुनिक और बेहतर फिजियोथेरेपी सत्रों का अनुभव प्राप्त होगा।

डॉक्टरों को संबोधित करते हुए, डॉ. जगदीश चंद्र ने सुविधाओं के उन्नयन के लिए चिकित्सा विभाग की सराहना की, जिससे सेवारत/सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके आश्रितों को अत्यधिक लाभ होगा। उन्होंने कहा कि ये उन्नत नैदानिक सुविधाएं और सेवाएं अत्यधिक उपयोगी और सुविधाजनक होंगी। उन्होंने अस्पताल परिसर में एक ऑक्सीजन संयंत्र विकसित करने की नेक पहल के लिए चिकित्सा टीम की भी सराहना की, जो एक जीवनरक्षक चिकित्सा आवश्यकता को पूरा करता है।

# एमआईएम ने विधानसभा में प्रमुख सार्वजनिक मुद्दों पर चर्चा की अपील की

हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। विधानसभा में एआईएमआईएम के नेता अकबरुद्दीन ओवैसी ने तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष गड्डम प्रसाद से चल रहे विधानसभा सत्र में चर्चा के लिए 15 कार्यदिवसों से अधिक समय आवंटित करने का आग्रह किया।

उन्होंने अध्यक्ष से तत्काल सार्वजनिक मामलों पर बहस और चर्चा के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। ओवैसी ने विधानसभा अध्यक्ष को लिखे एक पत्र में कहा कि एआईएमआईएम ने संक्षिप्त चर्चा के लिए 13 प्रमुख विषयों की पहचान की है, जिनमें बाढ़ और किसानों के मुद्दों से लेकर कल्याणकारी योजनाओं और बुनियादी ढांचे के विकास तक शामिल हैं। संबंधित विधानसभा नियमों के तहत "प्रश्नकाल, शून्यकाल, संक्षिप्त चर्चा और ध्यानाकर्षण प्रस्तावों" के लिए पर्याप्त समय आवंटित किया जाना चाहिए।

पहचाने गए मुद्दों में तेलंगाना में बारिश और बाढ़ के साथ-साथ जान-माल और फसल की क्षति, किसानों का संकट, आत्महत्या, मुआवजा, धान खरीद और यूरिया की कमी, पिछड़ी जातियों, अनुसूचित जातियों, जनजातियों, अल्पसंख्यकों और अति पिछड़ी जातियों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का कार्यान्वयन, हैदराबाद के पुराने शहर में विकास कार्य, एसआरडीपी, एसएनडीपी, सीआरएमपी, सीपीपी, मुसी सौंदर्यीकरण, एमएमटीएस-II, एमआरटीएस, एचएमडब्ल्यूएसएसबी, ट्रांसको, डिस्कॉम और एचएमडीए परियोजनाओं से संबंधित कार्य, कालेश्वरम और अन्य सिंचाई परियोजनाओं और मिशन काकतीय की स्थिति, सरकारी नौकरी कैलेंडर, बेरोजगारी के मुद्दे और राजीव युवा विकास योजना, वेतन संशोधन आयोग का मुद्दा, डीए भुगतान और आरटीसी कर्मचारियों का समावेश, राजस्व अधिनियम का कार्यान्वयन, भूमाता पोर्टल, भूमि नीलामी और भारत फ्यूचर सिटी, हैदराबाद, साइबराबाद, राचकोंडा और अन्य जिलों में कानून-व्यवस्था और यातायात संबंधी मुद्दे, ठेकेदारों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लाभों के लिए लंबित भुगतान, राज्य वित्त, सार्वजनिक ऋण, जीएसटी, केंद्रीय कर हस्तांतरण और अनुदान, पिछड़ा वर्ग के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण के साथ स्थानीय निकाय चुनाव, बिजली क्षेत्र का प्रदर्शन और संबंधित परियोजनाओं की न्यायिक जांच शामिल हैं।

# हजारों बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़, सफाई से नहीं बन रहा है मिड-डे-मिल

### बाल अधिकार आयोग ने किया निरीक्षण, नाबालिग बच्चों से भी करवाया जा रहा था काम



हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बाल अधिकार आयोग ने ग्रेटर हैदराबाद क्षेत्र में मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने वाली संस्था माना ट्रस्ट, उप्पल, रमंतापुर का औचक निरीक्षण किया। माना ट्रस्ट ग्रेटर हैदराबाद क्षेत्र के 970 से अधिक सरकारी स्कूलों में मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराता है। आयोग ने मुख्य रूप से भोजन तैयार करने की जगह, रसोई और उसके आसपास की साफ-सफाई का निरीक्षण किया। आयोग ने यह भी जांच की कि खाना पकाने के बर्तन कैसे धोए जा रहे हैं, चावल और सामान का भंडारण ठीक से हो रहा है या नहीं। आयोग ने यह भी जांच की कि क्या दैनिक रिकॉर्ड बनाए जा रहे हैं। आयोग ने यह भी जांच की कि बचे हुए खाने और बेकार खाने पर कैसे नजर रखी जा रही है, कीट नियंत्रण कितनी बार किया जा रहा है, खाने का परिवहन कैसे किया जा रहा है और खाने के डिब्बों की सफाई कैसी है। आयोग ने वहां काम करने वाले कर्मचारियों के बारे में भी जानकारी ली। खाने को कहां रखा जाता है और क्या खाने को वाहनों में भरते समय व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखा जा रहा है, इसका भी निरीक्षण किया गया। जिन गोदामों में सामान रखा जाता है, वे साफ-सुथरे थे और सामान की गुणवत्ता भी अच्छी थी। यह भी जांच की गई कि खाना पकाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला पानी शुद्ध था या नहीं, आरओ या बोरवेल का पानी इस्तेमाल किया जा रहा था या नहीं। यह भी जांच की गई कि क्या ताज़ी सब्ज़ियां इस्तेमाल की जा रही थीं और क्या सब्ज़ियां मशीनों से काटी जा रही थीं। ट्रस्ट का निरीक्षण करने वाले आयोग ने बताया कि भोजन के लिए पूरी तरह से स्वच्छ वातावरण नहीं था, उचित रिकॉर्ड नहीं रखे जा रहे थे और नाबालिग बच्चों से काम करवाया जा रहा था। आयोग ने बताया कि वह संबंधित अधिकारियों को बुलाकर इस बारे में बात करेगा। निरीक्षण करने वालों में बाल अधिकार आयोग के सदस्य वचन कुमार, वंदना गौड़, चंदना, अपर्णा, सरिता, प्रेमलता अग्रवाल आदि रहे।

## बच्चे न होने से परेशान शिक्षिका ने कर ली आत्महत्या

कुमराम भीम आसिफाबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कागजनगर कस्बे में शुक्रवार शाम एक सरकारी शिक्षिका ने गर्भधारण न कर पाने से परेशान होकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि कौटाला मंडल के एक स्कूल में कार्यरत मिडिदोड्डी कविता (40) ने शाम करीब 5 बजे येल्लागौड़ थोटा स्थित अपने आवास पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से संतान न होने के कारण काफी परेशान थीं। उनके पति निजी क्षेत्र में काम करते हैं। कागजनगर की मूल निवासी कविता ने जिले के विभिन्न हिस्सों में अपनी सेवाएं दी थीं और शिक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जानी जाती थीं। वह एक कवियत्री और नृत्यांगना भी थीं। उनके सहकर्मियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। उसके माता-पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बाइक चुराने वाले गिरफ्तार, 22 वाहन बरामद

### साइबराबाद पुलिस के हाथ लगी बड़ी कामयाबी



हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पलक झपकते ही बाइक चोरी करने में माहिर एक बाइक चुराने वाले गैंग को साइबराबाद पुलिस ने पकड़ा है। एक वाहन चोरी की करने के दौरान पुलिस के हाथ बड़ी कामयाबी लग गई। जगदगिरिगुट्टा पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच लोगो को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी की 22 बाइकें बरामद हुई है। सहायक पुलिस आयुक्त, बालानगर डिवीजन, साइबराबाद के. सुरेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में गोलापल्ली श्रीधर निवासी गोडुसुलपेटा गांव, एंडापल्ली मंडल, जगतियाल जिला, तेलंगाना, मिद्दे वीरा कौशिक गौड़, निवासी रैली गांव, अथिरापुरम मंडल, पूर्वी गोदावरी जिला, आंध्र प्रदेश, कट्टा मणिकांता, निवासी मुरमुला गांव, पोलावरम मंडल, पूर्वी गोदावरी जिला, आंध्र प्रदेश, गुथुला श्रीनिवास निवासी, पथिगोंडी गांव, थलारेव मंडल, काकीनाडा जिला, आंध्र प्रदेश, शेख नागुर वली, निवासी, अचम्पेट गांव और मंडल, गुंटूर जिला, आंध्र प्रदेश शामिल है।

डीसीपी ने बताया कि बीते 24 अगस्त को शाम को अज्ञात अपराधी जगदगिरिगुट्टा स्थित एक शराब की दुकान पर आए और शिकायतकर्ता गफूर राजा निवासी, केपीएचबी केटीएम ड्यूक बाइक चोरी कर ली। जगदगिरिगुट्टा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जगदगिरिगुट्टा पुलिस थाने की अपराध टीम के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में, जब जगदगिरिगुट्टा पुलिस थाने की अपराध टीम वाहनों की जांच कर रही थी, उसी दौरान गोलापल्ली श्रीधर नामक व्यक्ति बिना नंबर प्लेट वाली केटीएम बाइक पर संदिग्ध तरीके से आया। अपराध टीम ने उसे पकड़ लिया और थाने ले आई। पूछताछ करने पर गोलापल्ली श्रीधर ने कबूल किया कि उसने अपने तीन साथियों, मिद्दे वीरा कौसिक गौड़, कट्टा मणिकांता, गुथुला श्रीनिवास के साथ मिलकर केपीएचबी पुलिस थाने, बोराबंडा पुलिस थाने और अल्लापुर पुलिस थाने की सीमाओं से केटीएम बाइक और अन्य बाइकों की चोरी की थी और कुछ बाइक शेख नागुर वली को बेची थी, जो रिसीवर है। डीसीपी ने बताया कि एक चोरी के मामले की जांच के दौरान बडा खुलासा हुआ है। आरोपियों के कब्जे से 22 बाइक बरामद हुई है। जिनकी कीमत 42 लाख बतायी जा रही है। यह सफल खुलासा के. सुरेश कुमार, डीसीपी बालानगर की देखरेख और पी. नरेश रेड्डी, एसीपी बालानगर डिवीजन, के. नरसिम्हा, एसएचओ और डीआई पी. नरेंद्र रेड्डी के मार्गदर्शन में, जगदगिरिगुट्टा पुलिस स्टेशन की समर्पित अपराध टीम द्वारा ऑटोमोबाइल चोरी के अपराधियों को पकड़ने में किया गया। यह बेहद सराहनीय कार्य है।




# तेलंगाना बाढ़ में भारतीय सेना भी उतरी मैदान में, राहत अभियान जारी



हैदराबाद, 30 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पोच्चारम जलाशय के उफान पर आने और पुल के विनाशकारी रूप से ढहने से उत्पन्न अप्रत्याशित बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए सेना भी मैदान में उतर गई है। मुख्यालय तेलंगाना और आंध्र उप क्षेत्र के तत्वावधान में कार्यरत भारतीय सेना की बाइसन डिवीजन आर्मी कॉलम ने मेदक, तेलंगाना में एक व्यापक राहत अभियान शुरू किया है। मानवीय सहायता का एक उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए, भारतीय सेना ने बाढ़ के पानी में फंसे 8 नागरिकों को सफलतापूर्वक बचाया है। बचाए गए लोगों को प्राथमिक उपचार दिया गया और आवश्यक चिकित्सा देखभाल प्रदान की गई। इसके अलावा, कामारेड्डी से 8 लापता बच्चों को बचाकर, उन्हें उनके परिवारों से मिलवाकर एक बड़ी सफलता हासिल की गई।

भारतीय सेना बाढ़ प्रभावित लोगों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए नागरिक प्रशासन और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के साथ मिलकर काम कर रही है। अपनी विशेषज्ञता और संसाधनों के साथ, सेना की यह टुकड़ी आपदा के प्रभाव को



कम करने और क्षेत्र में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए अथक प्रयास कर रही है। भारतीय सेना की त्वरित और निस्वार्थ प्रतिक्रिया संकट के समय में राष्ट्र और उसके लोगों की सेवा के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। तेलंगाना और आंध्र उप-क्षेत्र मुख्यालय के अंतर्गत बाइसन डिवीजन की सेना टुकड़ी, राष्ट्र के प्रति कर्तव्य, करुणा और सेवा के मूल्यों को कायम रखते हुए, मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रदान करने के अपने संकल्प में अडिग है।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.